www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार, 3 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –155 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु






बिहार सरकार की जातीय गणना रिपोर्ट में कई खामियां : उपेंद्र — पृष्ठ 3

■ भारत-कनाडा बिगाड़ : सावधान, आगे खाई है!
■ स्वामीनाथन ने भारत को खाद्यान्न मांगने वाले देश से निर्यातक देश में ... — पृष्ठ 4

■ तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने लिया नया संविधान बनाने का संकल्प
■ जस्टिन ट्रूडो की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने की कोशिश ... — पृष्ठ 9

रोइंग में भारत के नाम दो सिल्वर और तीन कांस्य — पृष्ठ 10


# कांग्रेस ने निकाली 90 विधानसभा क्षेत्रों में भरोसा यात्रा

**रायपुर**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस ने भरोसा यात्रा निकाला। प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में भरोसा यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन विधानसभा के सेलूद, गाड़ाडीह, जामगांव, रानीतराई में भरोसा यात्रा में शामिल हुये। प्रभारी कुमारी सेलजा उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव अंबिकापुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज बस्तर में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत सक्ती, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग ग्रामीण, प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, सह-सचिव विजय जांगिड़ सरगुजा में शामिल हुये। भरोसा यात्रा में हर विधानसभा क्षेत्रों में मोटर साईकिल रैली भी निकाली गयी जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये तथा यात्रा का समापन हर विधानसभा क्षेत्रों में सभा के रूप में हुआ।

## भूपेश बघेल पाटन में हुए शामिल



**बुलेट में निकले भूपेश-** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन विधानसभा में कांग्रेस की भरोसा यात्रा में शामिल हुए। भूपेश बघेल बुलेट में कार्यकर्ताओं के साथ भरोसा यात्रा में निकले। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गांधी के सुराज का संदेश दिया।

**कांग्रेस भरोसा यात्रा लोगों की जन भावनाओं का प्रतीक :भूपेश**

कांग्रेस की ओर से आज प्रदेश की हर विधानसभा में गांधी और शास्त्री जयंती पर कांग्रेस भरोसा यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के हर समाज का व्यक्ति कह रहा है कि उसे कांग्रेस पर भरोसा है क्योंकि उसने जो कहा वो किया। दूसरी ओर जब रमन सिंह जी के मुख्यमंत्रित्व काल के 15 बरस पूरे होने जा रहे थे तो समाज का हर वर्ग उनसे दुखी था। भाजपा का हर नेता कमीशनखोरी में डूबा हुआ था। भाजपा के 15 साल में किसानों को न 2100 रूपए प्रति क्विंटल का दाम मिला और न हर साल बोनस का वादा पूरा हुआ।

दूसरी ओर कांग्रेस ने आते ही कर्ज माफी का वादा पूरा किया और प्रदेश के 18 लाख किसानों के 9000 करोड़ का कर्ज माफ किया। किसानों को 2500 रूपए प्रति क्विंटल देने का वादा निभाया और इस साल तो 2640 रूपए मिल रहे है।

भाजपा की मोदी सरकार ने बोनस पर रोक लगाई तो कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू करके इनपुट सब्सिडी देना शुरू किया। आज छत्तीसगढ़ का किसान देश का सबसे खुशहाल किसान है। इसी तरह छत्तीसगढ़ के आदिवासी देश के सबसे खुशहाल आदिवासी है। भाजपा के राज में आदिवासी महुआ सड़को पर फेंकने पर मजबूर थे, अब कांग्रेस सरकार महुआ 30 रूपए किलो में खरीदती है। इतना ही नहीं अब 7 की जगह 67 तरह के लघु वनोपज समर्थन मूल्य पर खरीदती है। तेंदूपत्ता के संग्राहक खुश हैं कि 2500 की जगह 4000 रुपए प्रति मानक बोरा मिल रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की रमन सिंह सरकार ने जनता का भरोसा गंवा दिया था और कांग्रेस की भूपेश सरकार ने जनता का भरोसा जीता है। हर वर्ग का भरोसा जीता है।

# बिहार में ओबीसी, एससी-एसटी की आबादी 84 फीसदी

## जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला पहला राज्य बना

**पटना,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार सरकार ने सोमवार को जातीय गणना के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही बिहार जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला पहला राज्य बन गया है। इसमें अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 फीसदी, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) 27 फीसदी हैं। सबसे ज्यादा 14.26 फीसदी यादव हैं। ब्राह्मण 3.65 फीसदी, राजपूत (ठाकुर) 3.45 फीसदी हैं। सबसे कम संख्या 0.60 फीसदी कायस्थों की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को जारी की गई जातीय गणना रिपोर्ट का विवरण साझा करने के लिए मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उन्होंने राज्य की नौ पार्टियों से इस बैठक में हिस्सा लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सरकार जातीय गणना और सर्वेक्षण की विस्तृत जानकारी देगी।

**प्रभारी मुख्य सचिव ने जारी की किताब**–बिहार सरकार के प्रभारी मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने जातीय गणना पर एक किताब जारी की है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनसंख्या 13 करोड़ 7 लाख 25 हजार 310 है। इसमें 2 करोड़ 83 लाख 44 हजार 160 परिवार हैं। अनुसूचित जाति 19.65त्न, अनुसूचित जनजाति 1.68त्न और सामान्य वर्ग 15.52त्न है।

बिहार की आबादी में करीब 82 फीसदी हिंदू और 17.7 फीसदी मुसलमान हैं। बिहार में 2011 से 2022 के बीच हिंदुओं की आबादी घटी है। 2011 की जनगणना के अनुसार हिंदू आबादी 82.7 फीसदी और मुस्लिम आबादी 16.9 फीसदी थी।



- **बिहार में 13 करोड़ 7 लाख से ज्यादा है आबादी**
- **गणना के अनुसार 1000 पुरुषों पर 953 महिलाएं**
- **सबसे कम संख्या 0.60 फीसदी कायस्थों की संख्या**
- **मुख्यमंत्री नीतीश ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक**

**जातीय गणना के आंकड़े**

| वर्ग | आंकड़े (प्रतिशत में) |
|---|---|
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 36 फीसदी |
| पिछड़ा वर्ग | 27 फीसदी |
| अनुसूचित जाति | 19.65 फीसदी |
| अनुसूचित जनजाति | 1.68 फीसदी |
| सामान्य वर्ग | 15.52 फीसदी |

**धर्म के आधार पर आबादी**

| धर्म | - | आबादी |
|---|---|---|
| हिंदू | - | 81.99 |
| मुस्लिम | - | 17.7 |
| ईसाई | - | 0.057 |
| सिख | - | 0.011 |
| बौद्ध | - | 0.085 |
| जैन | - | 0.009 |
| अन्य | - | 0.127 |

बिहार की जातिगत जनगणना से पता चला है कि वहां ओबीसी, एससी, एसटी की आबादी 84 प्रतिशत हैं। इसलिए भारत के जातिगत आंकड़े जानना ज़रुरी है। जितनी आबादी, उतना हक, ये हमारा प्रण है:
राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

ये आंकड़े वंचितों, उपेक्षितों और गरीबों के समुचित विकास और तरक्की के लिए समग्र योजना बनाने और हाशिए के समूहों को आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने में देश के लिए नजीर पेश करेंगे:
लालू प्रसाद यादव, राजद सुप्रीमो

जाति आधारित गणना से न सिर्फ जातियों के बारे में पता चला है, बल्कि सभी की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी मिली है। इसी के आधार पर सभी वर्गों के विकास एवं उत्थान के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी:
नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री, बिहार

बिहार की आबादी में सबसे ज्यादा अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 फीसदी है। उन्हें नौकरी में मौजूदा आरक्षण 18 फीसदी दिया जा रहा है। 27 फीसदी ओबीसी के लिए 12 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है। मौजूदा समय में बिहार में ईबीसी और ओबीसी को मिलाकर 30 फीसदी के रिजर्वेशन का प्रावधान है। इसमें 18 फीसदी ईबीसी को और 12 फीसदी ओबीसी को आरक्षण मिल रहा है। जबकि जाति आधारित गणना के मुताबिक इनकी संख्या बढ़कर 63 फीसदी हो गई है।

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति -प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी को किया नमन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राजघाट पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर उन्हें नमन किया और विनम्र श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि गांधी जी ने केवल अहिंसा के लिए ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और किसानों के अधिकारों के लिए भी समर्पित भाव से कार्य किया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महात्मा गांधी को विनम्र श्रद्धांजलि दी।

### तृणमूल कांग्रेस का राजघाट पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र सरकार से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और अन्य योजनाओं के लिए धन की मांग को लेकर सोमवार को राजघाट पर विरोध प्रदर्शन किया। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और फिर पार्टी नेताओं के साथ केंद्र सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ गए।

### जात-पात पर बांटते हैं विकास विरोधी : मोदी

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास विरोधी लोग पहले भी गरीबों की भावनाओं से खेलते थे और आज भी खेलते हैं। वो तब भी जात-पात के नाम पर लोगों को बांटते थे और आज भी यही पाप कर रहे हैं। मोदी का यह बयान बिहार में जातिगत गणना के आंकड़े जारी होने के कुछ देर बाद आया।

### कांग्रेस सांसद राहुल ने स्वर्ण मंदिर में टेका मत्था

**अमृतसर।** राज्य में सत्तारूढ़ आप के साथ 'झगड़े' के बीच, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को अपने निजी दौरे पर पवित्र सिख तीर्थस्थल हरमंदिर साहिब, जिसे स्वर्ण मंदिर कहा जाता है, में मत्था टेका। कांग्रेस नेताओं ने कहा, यह निजी दौरा है, राजनीतिक नहीं।

### बसपा, जीजीपी मिलकर लड़ेंगे मप्र विधानसभा चुनाव

**भोपाल।** राज्य में लगातार जनाधार खो रहे दो राजनीतिक संगठनों - बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) ने राज्य की 23 विधानसभा सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

# जनता के आक्रोश की अभिव्यक्ति है बस्तर बंद : कांग्रेस


## बस्तर के निवासी, आदिवासी, व्यापारी, मजदूर, किसान, नौकरीपेशा सभी बंद के समर्थन में

**रायपुर**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। मोदी सरकार द्वारा नगरनार संयंत्र को बेचने के विरोध में कांग्रेस ने बस्तर के लोगों के साथ मिलकर मंगलवार को बस्तर बंद का आह्वान किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बस्तर की जनता के आक्रोश की अभिव्यक्ति है बस्तर बंद। बस्तर के निवासी, आदिवासी, व्यापारी, मजदूर, किसान, नौकरीपेशा सभी बंद के समर्थन में है। बस्तर के आदिवासियों ने अपनी जमीन एनएमडीसी के नगरनार स्टील प्लांट को दी थी। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के जरिए इस जमीन का मकसद बस्तर का विकास था। आदिवासियों ने अपनी जमीन मुआवजे के लिये नहीं दी थी बल्कि इसलिए दी थी कि आने वाले समय में उनको रोजगार मिल सके और साथ ही क्षेत्र का विकास हो।




श्री शुक्ला ने कहा कि नगरनार स्टील प्लांट को विनिवेश सूची में डाले जाने पर मजदूर संगठनों, किसानों में भारी नाराजगी दिखाई थी। इसके विरोध में वर्तमान मुख्यमंत्री और तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेश बघेल के नेतृत्व में विशाल पदयात्रा निकाली गई। जिसमें 10 ग्राम पंचायत के प्रभावित किसान, 12 गांवों के हितग्राही और संयुक्त मजदूर किसान संगठन, स्टील श्रमिक यूनियन भी शामिल थे। कांग्रेस की ओर से सरकार बनने से पहले विधानसभा अशासकीय संकल्प लाया गया था और सरकार बनने के बाद बकायदा शासकीय संकल्प लाकर इसके बेचने ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# आज बस्तर आएंगे पीएम मोदी



■ **26 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास**

**रायपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को छत्तीसगढ़ आएंगे। वह लगभग 11 बजे अपराह्न में जगदलपुर, बस्तर पहुंचकर 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील लिमिटेड का इस्पात संयंत्र भी शामिल है। लगभग तीन बजे पूर्वाह्न में प्रधानमंत्री तेलंगाना के निजामाबाद पहुंचेंगे, जहां वे बिजली, रेल व स्वास्थ्य जैसे महत्त्वपूर्ण सेक्टरों की लगभग 8000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को गति देने की पहल के अनुकूल प्रधानमंत्री बस्तर जिले में नगरनार स्थित एनएमडीसी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी सड़क हादसे में घायल, रायपुर रिफर


**जगदलपुर/बीजापुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधायक विक्रम मंडावी सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।बताया जा रहा है कि मंडावी के कंधे की हड्डी फैक्चर हुई है।उन्हें रायपुर रेफर करने की तैयारी की जा रही है।यह हादसा मोदकपाल थाना क्षेत्र में भरोसे की यात्रा के दौरान हुआ है।



मिली जानकारी के मुताबिक, विधायक मंडावी बीजापुर से भरोसे के सम्मेलन में शामिल होने कार्यकर्ताओं सहित जनप्रतिनिधियों के साथ मद्देड के लिए रवाना हुए थे. इस दौरान मोदकपाल के पास बाइक से गिरने से विधायक विक्रम मंडावी सहित नगर पालिका उपाध्यक्ष घायल हो गए। बेहतर इलाज के लिए विधायक मंडावी और नगर पालिका अध्यक्ष को जिला चिकित्सालय लाया गया है।बताया जा रहा कि इस हादसे में विधायक विक्रम मंडवी का कालर बोन टूट गई है। उन्हें एयर एंबुलेंस से रायपुर लाया जा रहा है।

# 3 लाख के इनामी आतंकी सहित 3 गिरफ्तार

**नई दिल्ली**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस ने फरार चल रहे आईएसआईएस के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया है। वह पुणे पुलिस की हिरासत से भाग गया था और दिल्ली में रह रहा था। उस पर 3 लाख रुपए का इनाम था। शाहनवाज पर आईएसआईएस मॉड्यूल से संबंध रखने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक शाहनवाज से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया दिल्ली पुलिस ने एनआईए के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथ मोहम्मद अरशद वारसी और रिजवान नाम के संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया गया है।



■ **पुणे पुलिस की हिरासत से भाग गया था शाहनवाज**

**बम बनाने का सामान बरामद**–अधिकारियों ने बताया कि इनके पास से बम बनाने की ट्यूब, केमिकल्स और प्लास्टिक भी बरामद हुई है। इसके अलावा इनके पास से पिस्तौल और कारतूस भी मिले हैं। इतना ही नहीं उनके पास से बम बनाने का लिटरेचर भी बरामद हुआ है। इसमें कैसे केमिकल को प्रोक्योर करना है? कैसे बम बनाना है? जैसी जानकारी दी गई है। पुलिस के मुताबिक उसने वैस्टर्न इंडिया, सदर्न इंडिया, गुजरात और अहमदाबाद में रेकी की थी।

# भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में 50 से ज्यादा नाम तय

**रायपुर**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली में रविवार को हुई बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में 50 से ज्यादा सीटों पर नाम तय हो गया है. संभवतः आज या कल बीजेपी की दूसरी जारी हो सकती है. जानकारी के मुताबिक बिरनपुर हिंसा में मारे गये भुवनेश्वर साहू के पिता को टिकट मिल सकती है. वहीं ईश्वर साहू को साजा से उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चा है. इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव लोरमी से उम्मीदवारी कर सकते हैं. वहीं पूर्व सीएम रमन सिंह राजनांदगांव से ही चुनाव लड़ सकते हैं. साथ ही तीनों महामंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी और विजय शर्मा भी चुनाव लड़ सकते हैं।

## जल्द जारी हो सकती है सूची

**संभावित प्रत्याशियों के नाम**–
राजनांदगांव– डॉ. रमन सिंह
बिलासपुर– अमर अग्रवाल
रामपुर– ननकीराम कंवर
भिलाईनगर– प्रेमप्रकाश पांडेय
बिल्हा– धरमलाल कौशिक
जाँजगीर– नारायण चंदेल
मस्तूरी– कृष्णामूर्ति बांधी
बेलतरा– रजनीश सिंह
कुरुद– अजय चंद्राकर
आरंग– खुशवंत सिंह
बसना– संपत अग्रवाल
साजा– ईश्वर साहू
रायपुर उत्तर– पुरंदर मिश्रा
रायपुर दक्षिण– बृजमोहन अग्रवाल
रायपुर पश्चिम– राजेश मूणत
रायपुर ग्रामीण– मोतीलाल साहू
लोरमी– अरुण साव
तखतपुर– धर्मजीत सिंह
वैशालीनगर– रिकेश सेन
बैकुंठपुर– भैयालाल राजवाड़े
कोटा– प्रबल प्रताप सिंह
पत्थलगांव– गोमती साय
रायगढ़– ओपी चौधरी
कवर्धा– विजय शर्मा
डोंगरगांव– भरत वर्मा
नारायणपुर– केदार कश्यप
जगदलपुर– किरण देव
बीजापुर– महेश गागड़ा
कोंडागांव– लता उसेंडी
अंतागढ़– विक्रम उसेंडी
धरसींवा– अनुज शर्मा
बलौदबाजार– टंकराम वर्मा
बेमेतरा–राहुल टिकरिया
भरतपुर सोनहट– रेणुका सिंह
महासमुंद– योगेश्वर सिन्हा
जशपुर– रायमुनि भगत
सीतापुर– रामकुमार टोप्पो
चन्द्रपुर– संयोगिता सिंह जूदेव
पाली तानाखार– रामदयाल उइके
कटघोरा– प्रेम पटेल
जैजेपुर–कृष्णकांत चंद्रा
पामगढ़– संतोष लहरे
डौंडी लोहारा– वीरेंद्र साहू
दुर्ग शहर– गजेंद्र यादव
दुर्ग ग्रामीण– ललित चंद्राकर
मनेंद्रगढ़– श्याम बिहारी जयसवाल
भाटापारा–शिवरतन शर्मा
पंडरिया– विश्वेसर पटेल
मुंगेली– पुन्नूलाल मोहिले

# महाराष्ट्र में ट्रक ने सड़क किनारे सो रहे 10 मजदूरों को कुचला

**बुलढाणा,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के बुलढाणा में नांदुरा-मलकापुर राज्य राजमार्ग पर एक भयानक दुर्घटना में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे सो रहे 10 मजदूरों को कुचल दिया। इस हादसे में पांच की मौके पर ही मौत हो गई। मलकापुर के एसडीपीओ देवराम गवली ने कहा कि यह घटना सुबह करीब 5.30 बजे हुई, जब सेब की खेप से लदा एक ट्रक हाइवे से उतरकर सड़क मरम्मत कार्यों में लगे 10 श्रमिकों पर चढ़ गया। पुलिस ने बताया कि चालक मौके से भाग गया। एसडीपीओ देवराम गवली ने बताया कि पीड़ित मुख्य सड़क से काफी दूर थे और ऐसा लग रहा था कि ट्रक रास्ता भटक गया था, जिससे यह त्रासदी हुई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ड्राइवर को गाड़ी चलाते समय झपकी आ गई होगी। उसने ट्रक छोड़ दिया। फिलहाल वह फरार है और हमने उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस भीषण हादसे में पांच श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई और पांच अन्य बुरी तरह घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर है।

# मणिपुर में छात्रों की हत्या मामले में चार गिरफ्तार

**इंफाल,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। मणिपुर में 2 छात्रों की हत्या के आरोप में सीबीआई ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें 2 महिलाएं हैं। इन्हें चुराचांदपुर से पकड़ा गया है। जांच एजेंसी सभी आरोपियों को असम के गुवाहाटी ले गई है। गिरफ्तार लोगों में हत्या का मुख्य आरोपी और उसकी पत्नी भी है। मुख्यमंत्री एन बीरेन ने भी चार लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। इनके नाम पाओमिनलुन हाओकिप, एस. मालस्वान हाओकिप, लिंग्नेइचोन बाइट और टिन्नुपिंग हैं। उन्होंने कहा कि हम दोषियों को मौत की सजा दिलाएंगे।

उधर, चार आरोपियों के गिरफ्तारी का विरोध भी शुरू हो गया है। चुराचांदपुर में प्रदर्शनकारियों ने गिरफ्तार लोगों को बेकसूर बताते हुए 48 घंटे में रिहाई की मांग की। उन्होंने रविवार रात से जिले में बंद का ऐलान कर दिया। इसके बाद राज्य में सेल्युलर इंटरनेट बैन 6 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया। वहीं, लापता बच्चों के परिजन ने दैनिक भास्कर से कहा कि जब तक शव बरामद नहीं हो जाते, तब तक उन्हें शांति नहीं मिलेगी। मणिपुर में 23 सितंबर को इंटरनेट बहाली के बाद मैदानी इलाकों से 27 और पहाड़ से 14 युवाओं के गायब होने की जानकारी सामने आई थी। इनका अब तक पता नहीं चला है।

कुकी संगठन ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पर कुकी समाज के 2 नाबालिगों सहित 7 लोगों के अपहरण का आरोप लगाया है।

**सम्मान** — चिकित्सा में 2023 के नोबेल का ऐलान- प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास के लिए किया काम

# कोरोना के खिलाफ टीकों के लिए कैटालिन व वीसमैन को पुरस्कार

**स्टॉकहोम, 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। हंगेरियन-अमेरिकी बायोकेमिस्ट कैटालिन कारिको और अमेरिकी चिकित्सक-वैज्ञानिक ड्रू वीसमैन को कोविड-19 टीकों में इस्तेमाल की जाने वाली संशोधित मैसेंजर आरएनए (एमआरएनए) तकनीक विकसित करने के लिए मेडिसिन में 2023 का नोबेल पुरस्कार दिया गया है।**

*नोबेल समिति ने सोमवार को इस पुरस्कार की घोषणा की। नोबेल समिति ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा, फिजियोलॉजी या मेडिसिन में 2023 का नोबेल पुरस्कार कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए प्रदान किया गया है, जिन्होंने कोविड-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास को सक्षम किया है।*

***नोबेल समिति के सचिव थॉमस पर्लमैन ने की घोषणा***

*इस साल कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल दिया गया। इन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए यह सम्मान दिया गया। इस खोज की वजह से कोरोनावायरस यानी कोविड-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास में मदद मिली। नोबेल समिति के सचिव थॉमस पर्लमैन ने कोरोलिंस्का संस्थान में विजेता की घोषणा की।*

*चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के साथ ही नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की शुरूआत हो गई है। अब मंगलवार को भौतिकी, बुधवार को रसायन विज्ञान और गुरुवार को साहित्य के क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता के नाम की घोषणा होगी। इसके अलावा नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में इस पुरस्कार के विजेता की घोषणा नौ अक्टूबर को की जाएगी। पुरस्कारों में 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर यानी दस लाख अमेरिकी डॉलर या दस लाख डॉलर का नकद पुरस्कार दिया जाता है। धनराशि अवॉर्ड के संस्थापक और स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की छोड़ी हुई वसीयत से आती है। 1896 में उनका निधन हो गया था।*

# कांग्रेस की भरोसा यात्रा का शुरुवात, सरकार की योजना जन-जन तक पहुंचाएंगे

## मरवाही विधानसभा में कांग्रेस है तो भरोसा है

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। ( देशबन्धु) मरवाही विधानसभा में कांग्रेस है तो भरोसा है की यात्रा निकाली गई है, जिसमें मरवाही विधायक के के ध्रुव, संगठन प्रभारी हरजीत सिंह छाबड़ा, जिला प्रभारी अनिल सिंह चौहान के नेतृत्व में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने कांग्रेस है तो भरोसा कार्यक्रम की शुरुआत गांधी एवम शास्त्री जी के जयंती के अवसर पर गांधी प्रतिमा पेंड्रा से मरवाही तक की 40 किलोमीटर की यात्रा निकाली हैं

सालों की सरकार के काम काज को जन-जन तक गांव-गांव तक पहचाने का काम कर रही है , इसी तारतम्य में कांग्रेस गांधी एवम शास्त्री जी के जयंती के दिन प्रदेश भर में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की भरोसा यात्रा निकाल रही हैज रविवार 2 अक्टूबर को पेंड्रा के गांधी प्रतिमा के समक्ष एक कार्यक्रम एवं सभा आयोजित कर मरवाही विधायक के के ध्रुव भरोसा यात्रा के प्रभारी हरजीत सिंह छाबड़ा, अनिल सिंह चौहान के नेतृत्व में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने 40 किलोमीटर की भरोसा यात्रा की शुरुआत की है, जो मरवाही विधानसभा के विभिन्न क्षेत्र से गुजरते हुए अलग-अलग जनसभा एवं कार्यक्रम करेगी जिसमें युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, सेवा दल जैसे विभिन्न कांग्रेस के संगठन के लोग लोग शामिल है, गाजे बाजे के साथ बाइक कार रैली के बीच आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है.. कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया संबोधित किया जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने कहा कि

छत्तीसगढ़ की सरकार ने किसानों के लिए, गरीबो के लिए, बेरोजगार युवकों के लिए, महिलाओं के लिए सभी वर्गों के लिए जो योजनाएं प्रदेश के लिए उपलब्ध कराई हैं उसे जन-जन तक पहुंचना है, और यह भी बताना है कि पिछले 15 सालों ने भारतीय जनता पार्टी के सरकार ने कुछ भी नहीं किया और व्यर्थ आरोप लगा रही है इन सब चीजों को जन-जन तक लोगों तक पहुंचाना है।

वहीं कांग्रेस के जिला प्रभारी अनिल सिंह चौहान ने कहा कि चुनाव के पहले कोई भी राजनीतिक दल एक घोषणा पत्र लाती है और कांग्रेस ने वर्ष 2018 में जो घोषणा पत्र जारी किया था उसके लगभग सभी वादों को पूरा करने का काम भूपेश बघेल की सरकार ने काम किया है और



उसी भरोसे के तहत यह यात्रा निकाली गई है और जिस तरीके से भाजपा ने पिछले 15 सालों से इस प्रदेश को लूटने का खसोटने का काम किया है वो सभी जानते है और जो काम कांग्रेस ने किया है बस वह साहस भूपेश सरकार पर ही है ,इसलिए गांधी एवं शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर भरोसे की यात्रा निकाली गई

वही मरवाही विधायक डॉक्टर कृष्ण कुमार ध्रुव ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि निश्चित ही भूपेश सरकार के कामकाज जन हितैषी है, आने वाले विधानसभा में उन कार्यों की उपलब्धियां जन जन तक तक पहुंचना चाहिए ,कांग्रेस है तो भरोसा है कार्यक्रम निश्चित ही मरवाही विधानसभा सहित प्रदेश भर में कांग्रेस कार्यकाल में किए गए कामों को जन-जन तक पहुंचाएगी जिसका लाभ विधानसभा चुनाव में मिलेगा और कांग्रेस की सरकार बनेगी।

वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव द्वारा मरवाही के नेचर कैंप में एक जन्मदिन पार्टी समारोह कार्यक्रम में मरवाही विधायक के के ध्रुव के विरुद्ध में किए गए व्यवहार एवं मरवाही विधायक के प्रति अविश्वास जताने वाले पर वीडियो सामने आने के बाद एक जांच कमेटी बनाकर दोषी लोगों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की भी बात की है।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई




**तखतपुर 3 अक्टूबर** (देशबन्धु)। कांग्रेस सेवादल के तत्वाधान में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती कार्यक्रम गांधी प्रतिमा स्थल में वंदे मातरम गायन उपरांत दीप प्रज्वलित एवं पुष्प माला उपरांत नगर भ्रमण कर गांधी प्रतिमा स्थल समापन किया।

कार्यक्रम का अध्यक्षता सेवादल के श्रीमती रूप काली कुर्रे ने किया। प्रदीप ताम्रकार ने कहा कि गांधी जी अहिंसा के बल पर भारत को अंग्रेजी हुकूमत से आजाद कराया।

जय जवान जय किसान के उद्घोष से सुरक्षा समृद्धि के दो प्रमुख घटकों को सशक्त करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। आभार रोहित कौशिक ने किया। इस अवसर पर प्रमिला सूर्यवंशी, छत्रपाल जायसवाल, सुनील कश्यप, परविंदर सिंह खेड़ा, चैतराम पटेल, सुनील , विजय , पद्मिनी जोशी, भागुराम साहू, सोखी लाल बाबूलाल माधव उत्तम सक्सेना, मीणा कल्याणी खंडे, मोहरबई बघेल, जीतू कश्यप, दिलीप खूटे, अमित मरकाम, रामावतार पटेल, मिलन विकास गेंदले सहित अन्य उपस्थित रहे।

# वार्ड 31 में विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण

**कोरबा,** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम के वार्ड 31 में 19 लाख रूपये से अधिक की राशि की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण राजस्व मंत्री द्वारा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि सभापति श्यामसुंदर सोनी थे। भूमिपूजन के साथ ही यहां निर्मित सामुदायिक भवन का फीता काटकर लोकार्पित करते हुए जनता की सेवा में समर्पित किया। इस अवसर पर भूमिहार ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष अरविंद शर्मा, संयोजक बी.एन.सिंह, शिव मंगल सिंह, मुन्ना शर्मा, मुकेश शर्मा, सूरज शर्मा, राज बल्लन सिंह, बल्लू शर्मा, डॉ.सी.डी राय, रघुवंत प्रसाद शर्मा, राम सुधार ठाकुर, बलराम सिंह, देव कुमार राय, बसंत राय, विरेन्द्र मिश्रा, राम प्रवेश शर्मा, मन्टु शर्मा, राजीव रंजन सिंह, अरूण सिंह, मनोज ठाकुर, आर.पी. शर्मा, श्याम किशोर शर्मा, मनीकांत सिंह, दिलीप सिंह, अनिकेश शर्मा, गुड्डु शर्मा, नकूल शर्मा, अजय सिंह, अखिलेश आजाद आदि उपस्थित थे।



# गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट

**तखतपुर 3** अक्टूबर (देशबन्धु)। गाली गलौज करने से मना करने पर आरोपी ने प्रार्थी के साथ मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जोगीपुर निवासी जय कुमार ध्रुर्वे 1 अक्टूबर को वह अपना ससुराल से घर वापस जा रहा था और जब रात्रि 11 बजे के आसपास घर पहुंचने वाला था तभी विकासराज गाली गलौज् करने लगा और जब मना किया तो उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

# भरोसा यात्रा में विधायक रश्मि सिंह हुई शामिल

**तखतपुर 3 अक्टूबर** (देशबन्धु)। गांधी जयंती के अवसर पर तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के भरोसा यात्रा में विधायक श्रीमती रश्मि सिंह शामिल हुई। राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और पार्टी का संदेश के अलावा 15 साल के भाजपा सरकार की विफलताओं को बताने लिए कांग्रेस की भरोसा यात्रा निकाली गई। कांग्रेस की यह यात्रा विधायक निवास तखतपुर से शुरू हुई, इस यात्रा की शुरुआत में सबसे पहले गांधी चौक पहुंचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। उसके पश्चात यात्रा मंडी चौक होकर निगारबंद, बहुरता ,पूरा में स्वागत के बाद नर्मदा धाम बेलपान में सभा हुई फिर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अनिल कौशिक के नेतृत्व में दैजा, शिवेंद्र कौशिक के नेतृत्व में नगोई में यात्रा का समापन हुई ।

यात्रा के दौरान भूपेश है तो भरोसा है' का नाराङ्ग बुलंद होता रहाङ्ग कांग्रेस की यह भरोसा यात्रा जिले के चारों विधान सभाओं में निकाली गई। यह एक दिवसीय यात्रा प्रत्येक विधानसभा में 25 से 30 किमी तक गई। इस अवसर पर विधायक डॉ. रश्मि



आशिष सिंह ने कहा कि यह यात्रा कांग्रेस के पांच साल के कार्यकाल में किये गए कार्यों को जनता तक पहुंचाने व भाजपा के 15 वर्षों के कार्यकाल के विफलताओं को बताने के लिए निकाली गई है। विधानसभा प्रभारी विरेंद्र जांगड़ ने कहा कि प्रदेश की जनता को विश्वास है कि छत्तीसगढ़ का विकास केवल कांग्रेस की सरकार ही कर सकती है जबकि पिछली भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ की धन संपदा को लूटकर केवल कुछ अरबपतियों का लाभ पहुंचाया था लेकिन कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार ने अंतिम तब्के के लोगों के विकास को सोचकर काम किया और यहीं वजह है कि पूरे प्रदेश की जनता छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में फिर से सरकार बनाने के लिए उत्सुक है। इस अवसर पर विधायक रश्मि सिंह, आशीष सिंह, तखतपुर विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र जांगड़े, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पांडेय, पूर्व विधायक जगजीत सिंह, संतोष कौशिक, शिवबालक कौशिक, बिरझेराम सिंगरौल, मुन्ना श्रीवास, रंजीत सिंह, सुनील शुक्ला, राजू साहू, बिहारी देवांगन, सुरेश ठाकुर, मुकीम अंसारी, कैलाश देवांगन, हरविंदर हूरा, सुनील आहूजा, लक्ष्मी यादव, राकेश तिवारी, अजय कोल, मुकेश तिवारी, संदीप मिश्रा, गरीबा यादव, अजय देवांगन, नट्टू जायसी, मोहित सिंह, अभियुदय तिवारी, शैलेंद्र निर्मलकर, अजेंद्र सिंह ठाकुर, अमित साहू, योगेश साहू, राजेश देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन,सुनील जांगड़े, सुरेंद्र प्रधान, हेमंत कश्यप, शिवेंद्र कौशिक, अनिल कौशिक, करीम कुरैशी, सत्यम ताम्रकार, राजू ठाकुर, मिथिलेश यादव,अजय ध्रुव, भागीरथी ध्रुव, संदीप पटेल, बबलू गुप्ता, बबलू पटेल, अनिल जांगड़े, राजवीर हूरा, यावेंद्र सिंह, दिनेश देवांगन, घनश्याम जांगड़े, दीना कश्यप, संतोष सिंगरौल, उमेश ध्रुव,सालिक यादव,भारत मरावी,पुरूषोतम नेताम,देवीलाल नेताम, ईस्वर साहू,प्रवीण शर्मा ,राकेश दुबे,राजेश देवांगन, गोविंद साहू,जलेश्वर साहू,उमेद सिंह ,राजकुमार कैवर्त,नितिन, राधेश्याम बंजारे, अजेंद्र सिंह ठाकुर, लक्ष्मीकांत, अशोक बंजारे, नितीन सेंगर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# धरमलाल ने सरगाँव मे 1. 6 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**बिलासपुर**,2 अक्टूबर (देशबन्धु) । पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक द्वारा सरगाँव मंडल के ग्राम दौना मे महामाया प्रांगण के पास सामुदायिक भवन निर्माण 5 लाख रुपये, ग्राम खजरी मे सामुदायिक भवन निर्माण महामाया के पास 5 लाख रुपये, ग्राम सावंतपुर में दुर्गा मंदिर के पास छज्जा निर्माण 5 लाख रुपये, सामुदायिक भवन निर्माण 5 लाख रुपये, सोलर लाइट स्थापना 4 लाख रुपये, ग्राम मोहभटटा में यादव समाज के लिए सामुदायिक भवन 5 लाख रुपये, ग्राम लमती में सामुदायिक भवन निर्माण महामाया के पास 5 लाख रुपये एवं एन एच रायपुर बिलासपुर से ग्राम लमती पहुच मार्ग दूरी 1.5 किमी लागत 72 लाख रुपये का आज विधि विधान से पूजा अर्चना कर ग्राम वासियों के साथ सभी विकास कार्यो का भूमिपूजन विधायक धरम लाल कौशिक द्वारा किया गया। समस्त ग्राम वासियों द्वारा विधायक जी को आभार प्रकट किया है जल्द ही सभी निर्माण कार्य प्रारम्भ किए जाएगे, जिसका लाभ ग्राम वासियों को प्राप्त होगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कैलाश ठाकुर, नरेंद शर्मा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, घनश्याम वर्मा जिला कार्य समिति सदस्य, मनीष साहू सभापति, संजीव नेताम जनपद सदस्य प्रतिनिधि, अशोक ठाकुर, रोहित दास, राजेन्द्र, सुरेश डहरिया, माधव वर्मा, रामू कौशल, सहित ग्राम सरपंच, पंच सहित ग्राम वासियों एवं पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# आप महिला विंग ने निकाली बदलाव पदयात्रा

**बिलासपुर**,2 अक्टूबर (देशबन्धु) ।आज 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर आम आदमी पार्टी( महिला विंग), बिलासपुर द्वारा बिलासपुर और छत्तीसगढ़ के अन्य कोनों में महिलाओं एवं बच्चियों के साथ हुए अनाचार के खिलाफ़, जिलाध्यक्ष श्रीमती आसना जयसवाल के नेतृत्व में बदलाव पदयात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा शहर के गांधी चौक से शुरू होकर तेलीपारा होते हुए पुराना बस स्टैंड में समाप्त हुई। बदलाव यात्रा की शुरुआत गांधी जी प्रतिमा पर फूल, माला अर्पण करके की गई । इस बदलाव पदयात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा झा एवं प्रदेश सचिव श्रीमती के ज्योति



शामिल हुई, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सहङ्कसचिव मुन्ना बिसेन रहें। आम आदमी पार्टी( महिला विंग), बिलासपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं जनता ने हिस्सा लिया। मुख्य रूप से प्रियंका शुक्ला, उज्वला कराडे, धर्मदास भार्गव, अनुभा शर्मा, गोपाल यादव ,अरूण नायर, वीरेंद्र राय, भागवत साहू, रेवा शंकर साहू,मोहित यादव, खगेश चंद्राकर , प्रमोद पटेल, दीपक पात्रे, मनभजन साहेब टंडन, अरविंद पांडे, इरफान सिद्दीकी, विवेक यादव, प्रज्ञा दुबे, वीना मारकंडे, हीरो देव सोनवानी, राकेश यादव ,राकेश लूनिया, लीलावती लहरे, मंजू पांडे, अनुसुइया सिंदरामे, चिंतामणि देवी, गीता देवी,अनिल दुबे, संजय अग्रवाल, गुलाम गौस, नुरुल हुदा, शंकर कश्यप, रेखा भंडारी, संतोष बंजारे, आजम मिर्जा, आदि पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं भारी संख्या में जनता ने इस बदलाव यात्रा भाग लिया अंत में आसना जयसवाल ने इस कार्यक्रम

# पिकअप वाहन चालक ने कार सवार को टक्कर मारी

## चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध

**तखतपुर** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पिकअप वाहन चालक ने कार सवार को ठोकर मार दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने पिकअप वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शेष बहार निवासी राजेश बघेल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 1 अक्टूबर को वह अपने पैतृक गांव बांधा से सेंट्रों कार क्रमांक सीजी`4 एमएच 4411 से बिलासपुर की ओर जा रहा था और वाहन जब गोबरीपाट के पास पहुंचा था तभी सामने की ओर से आ रही पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 1` डब्लू `663 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया।

रिपोर्ट पर पुलिस ने धाय 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

# खबर छपने के बाद जागा विद्युत विभाग

## गोवर्धनपुर तिराहे पर अटके तिरछे खंबे को कराया गया व्यवस्थित

**रायगढ़** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर के गोवर्धनपुर मार्ग में पिछले कुछ दिनों से एक विद्युत खंबा इस मार्ग में स्थित स्कूल के छात्रों के अलावा इस मार्ग के कालोनी वासियों के लिए खतरा बना था। जहां कभी भी कोई अनहोनी घटना घटित हो सकती थी। इस मामले की शिकायत विद्युत में होने के बावजूद विभाग के द्वारा लापरवाही बरतते हुए कोई ध्यान नही दिया जा रहा था, जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों में भय का माहौल बना होनें की खबर मीडिया के माध्यम से उजागर की गई थी। खबर छपने के बाद आखिरकार विद्युत विभाग की आंख खुली और आनन-फानन में इस स्थल पर खंबे को व्यवस्थित कराया गया है।

कुछ दिनों पहले मीडिया ने शहर के गोवर्धनपुर मार्ग में एक निजी स्कूल के सामने सड़क किनारे स्थित एक झुके हुए विद्युत खंबे की खबर को प्रमुखता के साथ उठाते हुए, इस क्षेत्र में होने वाली अनहोनी घटना के बारे में पाठकों को अवगत भी कराया था। इस खबर के कवरेज के दौरान स्कूली छात्रों के अभिभावकों ने भी हमारे सवांददाता की तारीफ करते हुए हौसला भी बढ़ाया था। कई अभिभावकों ने कहा था इस जगह खड़ा होना या फिर इस मार्ग से गुजरना खतरे से खाली नहीं। स्कूल छुट्टी के समय यहां सैकड़ो की संख्या में अभिभावकों अपने बच्चो को लेने स्कूल पहुँचते हैं। साथ ही साथ इस मार्ग में आम जन के अलावा भारी वाहनों का 24 घंटे रेलमपेल लगा रहता है। इस बीच अगर यह झुका हुआ विद्युत खंबा गिर जाए निःसंदेह इस क्षेत्र में कोई बड़ी घटना घटित होने से इंकार नहीं किया जा सकता। यह खबर प्रमुखता के साथ प्रसारित होते ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी इस क्षेत्र में आगामी दिनों में होने वाली अनहोनी घटना का आभास हुआ और उनके द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गुरुवार की सुबह से ही यहां के विद्युत खंबा को सुधारने का कार्य शुरू किया गया और इस मार्ग को दोनों तरफ से ब्लाक करते हुये कई घंटे की मशक्कत बाद सुधार कर लिया गया। इस दौरान दोनों ही तरफ भारी वाहनों को 6 से 7 किलोमीटर तक लंबी लाइन देखी गई, जिससे इस बात का अंदेशा लग गया कि इस मार्ग में भी 24 घंटे भारी वाहनों का आवागमन रहता है और इस समस्या का समाधान होना भी बहुत जरूरी था।

**प्रथम पृष्ठ का शेष...**

**जनता के आक्रोश की ...**

का विरोध किया गया था। उस संकल्प में कांग्रेस सरकार की ओर से कहा गया था कि अगर मोदी सरकार इसे बेचना ही चाहती है तो इसे राज्य सरकार को सही कीमत लेकर बेच दे और राज्य सरकार इसे चलाएगी। लेकिन केंद्र सरकार ने नियमों में परिवर्तन करके राज्य सरकार को बोली लगाने से रोक दिया है। साफ है कि मोदी सरकार इसे अपने मित्र उद्योगपतियों को बेचना चाहती है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता नगरनार मामले में चुप्पी साधे बैठे है। कांग्रेस, भाजपा के बस्तर के और पूरे छत्तीसगढ़ के नेताओं से पूछना चाहती है कि वे नगरनार को बेचने के विरोध में हैं या नहीं? अगर भाजपा के नेताओं ने नगरनार को बेचने का खुला विरोध नहीं किया तो बस्तर के आदिवासी और गैर आदिवासी दोनों इसका जवाब ठीक तरह से देंगे। कांग्रेस पार्टी नगरनार को बचाने के लिए कृतसंकल्प है इसीलिए 3 अक्टूबर को बस्तर बंद का आह्वान किया गया है। बस्तर के आदिवासियों को भाजपा सरकार सिर्फ शोषण का पात्र समझती है यही उसकी भूल है। बस्तर नगरनार को नहीं बिकने देगा। नगरनार को बचाएंगे, बस्तर को बचाएंगे।

**आज बस्तर आएंगे ...**

स्टील लिमिटेड के इस्पात संयंत्र का लोकार्पण करेंगे। यह संयंत्र 23,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनकर तैयार हुआ है। यह ग्रीनफील्ड परियोजना का संयंत्र है, जहां उच्च गुणवत्ता वाला इस्पात निर्मित होगा। नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील लिमिटेड का इस्पात संयंत्र हजारों लोगों को संयंत्र में और अनुषांगिक व सहयोगी उद्योगों में रोजगार के अवसर देगा। इलाके के सामाजिक-आर्थिक विकास में तेजी लाकर यह संयंत्र बस्तर को दुनिया के इस्पात मानचित्र में दर्ज कर देगा।

देशभर में रेल अवसंरचना में सुधार लाने के बारे में प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना के अनुरूप कार्यक्रम के दौरान अनेक रेल परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जायेगा।

प्रधानमंत्री अंतागढ़ व तारोकी के बीच नई रेल लाइन और जगदलपुर और दंतेवाड़ा के बीच डबल रेल लाइन परियोजना का लोकार्पण करेंगे। वे बोरीडांड ङ्क सूरजपुर रेल लाइन को दो-तरफा बनाने की परियोजना तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जगदलपुर स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे।

प्रधानमंत्री तारोकी ङ्क रायपुर डेमू रेल सेवा को भी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इन रेल परियोजनाओं से राज्य के जनजातीय इलाकों में कनेक्टिविटी में सुधार होगा। रेल अवसंरचना में सुधार और नई रेल सेवाओं से स्थानीय लोगों को सुविधा होगी तथा इलाके में आर्थिक विकास को मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग-43 के 'कुनकुरी से छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा खंड' पर सड़क उन्नयन परियोजना का भी लोकार्पण करेंगे। इस नई सड़क से सड़क कनेक्टिविटी में सुधार आयेगा और क्षेत्रवासियों को लाभ मिलेगा।

**न्यायालय द्वितीय अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रायपुर ( छ.ग. )**

प्रकरण क्रमांक-694/2022
प्रोसेस क्रमांक 2686
पेशी दिनांक 18.10.2023
माखन लाल साहू — आवेदक
विरूद्ध
शुभम साहू व अन्य — अनावेदकगण
बनाम-प्रमोद कुमार वर्मा पिता-श्री चिंताराम वर्मा निवासी क्वाटर नंबर 418, 420, सेक्टर-04, टाउनशिप कोरबा जिला कोरबा छ.ग. 495684

आवेदक माखन लाल साहू ने आपके विरूद्ध दावा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत कुल रूपये 30,00,000/- अक्षरी तीस लाख रूपये मात्र की क्षतिपूर्ति हेतु संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में पेशी दिनांक 18.10.2023 को 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात या उपस्थित होने के लिये समंस जारी किया जाता है।

अतः आपको इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा नियत पेशी दिनांक 18.10.2023 को उपस्थित हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। अधिकरण में आपकी उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया जाता है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोट- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 26.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

मुहर

विजय कुमार मिंज
द्वितीय अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायाधीश ( छ.ग. )

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं पुराना नाम **लोकेश साहू** पिता **कृष्णा राम साहू** अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम **लोकेश कुमार साहू** पिता **कृष्णा राम साहू** निवासी हाउस न-659, वार्ड न-10, साईं मंदिर मार्ग, जरहाभाठा, बिलासपुर (छ.ग.) 495001 रख लिया हूं अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम **लोकेश कुमार साहू** पिता **कृष्णा राम साहू** से जाना एवं पहचाना जाय।

**लोकेश कुमार साहू**
**हाउस न-659, वार्ड नं.-10, साईं मंदिर मार्ग, जरहाभाठा, बिलासपुर, (छग) 495001**

# देश

**उवाच**

अनुच्छेद-370 और 35 ए को निरस्त करना चार साल पहले केंद्र सरकार द्वारा की गई एक बड़ी भूल थी। इसने जम्मू-कश्मीर के लोगों को और भी मुश्किल में डाल दिया। राजनीतिक दल कई वर्षों से जम्मू-कश्मीर में चुनावों का इंतजार कर रहे हैं।

-गुलाम नबी आजाद, डीपीएपी अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33` | 24` |
| मुंबई | 3` | 26` |
| कोलकाता | 27` | 26` |
| चेन्नई | 31` | 28` |

# गांधी व शास्त्री ने विश्व को शांति व अहिंसा का दिया संदेश : ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर संसद परिसर में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि दोनों नेता सादगी और विनम्रता के प्रतीक थे और उन्होंने दुनिया को शांति और अहिंसा का संदेश दिया। महात्मा गांधी की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि सत्यनिष्ठा, सादगी और आत्मनिर्भरता के प्रति गांधी की प्रतिबद्धता ने दुनिया पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

- **संसद परिसर में महात्मा गांधी व शास्त्री के चित्रों पर की पुष्पांजलि अर्पित**
- **लोस अध्यक्ष ने महात्मा गांधी की शिक्षाओं का किया उल्लेख**

उन्होंने यह भी कहा कि गांधीजी के अहिंसा, सत्य और न्याय के सिद्धांतों से पूरी दुनिया में सामाजिक परिवर्तन और नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलनों को प्रेरणा मिली है। महात्मा गांधी मानते थे कि सच्चा परिवर्तन केवल शांतिपूर्ण तरीकों से ही प्राप्त किया जा सकता है। बिरला ने जय जवान जय किसान का शक्तिशाली नारा देने वाले स्वतंत्र भारत के दूसरे प्रधानमंत्री, भारत रत्न, लाल बहादुर शास्त्री के बारे में भी विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी का यह नारा हमारे देश की रक्षा और विकास में हमारे किसानों और हमारे सुरक्षा बलों के उल्लेखनीय योगदान की याद दिलाता है। उन्होंने छात्रों से महात्मा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेने और सादगी, स्वच्छता और सामुदायिक सेवा की उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया। इससे पहले दिन में, लोकसभा अध्यक्ष महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देने के लिए क्रमश: राजघाट और विजय घाट गए। बिरला ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा तथा कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान; केंद्रीय संसदीय कार्य तथा कोयला एवं खान मंत्री, प्रलहाद जोशी; राज्यसभा में विपक्ष के नेता, मल्लिकार्जुन खड़गे; संसद सदस्यों, पूर्व संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर लोकसभा के महासचिव, उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव, पी.सी. मोदी ने भी महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर, प्राइड ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय तथा युवा मामले और खेल मंत्रालय के समन्वय से अपने नेता को जानें-हमारे राष्ट्रीय नेताओं को श्रद्धांजलि देने में हमारे देश के युवाओं की भागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया। देश भर के स्कूलों और कॉलेजों से चुने गए युवा प्रतिभागी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। चयनित प्रतिभागियों ने इन दोनों महान नेताओं के जीवन और शिक्षाओं के बारे में अपने विचार व्यक्त किए।



**युवाओं को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए : ओम बिरला**

## सरलता व निष्ठा से ओत प्रोत थे लाल बहादुर शास्त्री : धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को विजय घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। धनखड़ सुबह विजय घाट पहुंचे और उन्होंने शास्त्री को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। धनखड़ ने शास्त्री को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह सरलता और निष्ठा से ओत प्रोत थे और उनका प्रेम मातृभूमि के लिए था। असाधारण चुनौतियों के बीच जय जवान जय किसान के नारे के साथ भारत का नेतृत्व उनकी महत्वपूर्ण भूमिका दर्शाता है। उप राष्ट्रपति ने कहा के शास्त्री जी का जीवन और दर्शन हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है।



## उप्र के देवरिया में जमीनी विवाद में छह की हत्या

**लखनऊ/देवरिया,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के रूद्रपुर क्षेत्र में सोमवार सुबह जमीनी विवाद में छह लोगों की हत्या कर दी गई जबकि एक गम्भीर रूप से घायल है। वहीं उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और दोषियों के प्रति कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

- **योगी ने घटना पर जताया दुख**

सदर क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर में दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर छह लोगों की हत्या कर दी गई। इस हिंसक वारदात में एक लड़की गम्भीर रूप से घायल है जिसको बेहतर इलाज के लिए डाक्टरों ने गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है। उन्होंने बताया कि फत्तेपुर गांव निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम यादव का गांव के ही सत्यप्रकाश दुबे के परिवार से जमीनी विवाद चल रहा था। आज तड़के प्रेम यादव का शव गांव के पास मिलने से हड़कंप मच गया। हत्या के प्रतिशोध में प्रेम यादव के समर्थकों ने सत्य प्रकाश दुबे के घर धावा बोल दिया तथा सत्य प्रकाश, उनकी पत्नी किरण दुबे, पुत्री सलोनी, नन्दनी और बेटे अनमोल की हत्या कर दी। मौके पर जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा पहुंचे है। वारदात से गांव में तनाव व्याप्त है जिसकों देखते हुए एहतियात के तौर पर पीएसी बल तैनात किया गया है।

# मोदी तेलंगाना व छत्तीसगढ़ में कई योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को छत्तीसगढ़ और तेलंगाना का दौरा करेंगे तथा दोनों राज्यों में करीब 34 हजार करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी सबसे पहले पूर्वाह्न 11 बजे छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर पहुंचेंगे और राज्य में 26,000 करोड़ रुपए से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे जिनमें नगरनार स्थित राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड का इस्पात संयंत्र का लोकार्पण भी शामिल है। मोदी इसके बाद अपराह्न लगभग तीन बजे तेलंगाना के निजामाबाद पहुंचेंगे, जहां वे बिजली, रेल व स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण सेक्टरों की लगभग 8000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मोदी छत्तीसगढ़ में बस्तर जिले में 23,800 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनकर तैयार नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के इस्पात संयंत्र का लोकार्पण करेंगे। यह ग्रीन फील्ड परियोजना का संयंत्र है, जहां उच्च गुणवत्ता वाला इस्पात निर्मित होगा। नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील लिमिटेड का इस्पात संयंत्र हजारों लोगों को संयंत्र में और अनुषांगिक व सहयोगी उद्योगों में रोजगार के अवसर देगा। इलाके के सामाजिक-आर्थिक विकास में तेजी लाकर यह संयंत्र बस्तर को दुनिया के इस्पात मानचित्र में दर्ज कर देगा। इसके बाद करीब तीन बजे तेलंगाना में देश में ऊर्जा दक्षता में सुधार करते हुए बिजली उत्पादन बढ़ाने के बारे में प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप, एनटीपीसी की तेलंगाना सुपर थर्मल पॉवर परियोजना की पहले 800 मेगावॉट संयंत्र के प्रथम चरण का लोकार्पण किया जाएगा।



## तेलंगाना की रेल अवसंरचना में आएगी तेजी

प्रधानमंत्री द्वारा रेल परियोजनाओं के लोकार्पण की बदौलत तेलंगाना की रेल अवसंरचना में तेजी आ जायेगी। इन परियोजनाओं में मनोहराबाद और सिद्दीपेट को जोड़ने वाली नई रेल लाइन परियोजना तथा धर्माबाद-मनोहराबाद और महबूबनगर-कुरनूल के बीच विद्युतीकरण परियोजना शामिल है। इस तरह मनोहराबाद-सिद्दीपेट की 76 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के आसपास के इलाके में खासतौर से मेडक और सिद्दीपेट जिलों में सामाजिक-आर्थिक विकास में तेजी आएगी।

## सार संक्षेप

### मनोज सिन्हा ने राष्ट्रपिता की प्रतिमा का किया अनावरण

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को यहां नागरिक सचिवालय में राष्ट्रपिता को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि के रूप में महात्मा गांधी की प्रतिमा और चरखा स्थापना का अनावरण किया। पूज्य बापू का हमेशा मानना था कि चरखे की परिधि का संदेश उसकी मूर्त परिधि से कहीं अधिक व्यापक है। चरखे का लक्ष्य मानव जाति की सेवा करना, दूसरों को नुकसान पहुंचाए बिना जीना, अमीर और गरीब, पूंजी और श्रम के बीच एक अविभाज्य बंधन बनाना है।

### नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में 24 मरीजों की मौत

**नांदेड़।** महाराष्ट्र में नांदेड़ के शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित रूप से दवाओं की कमी के कारण पिछले 24 घंटों में कम से कम 24 गंभीर रूप से बीमार मरीजों की मौत हो गई। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मृतकों में 12 नवजात शिशु भी शामिल हैं। बताया जाता है कि राज्य भर के सरकारी अस्पताल दवाओं की कमी से जूझ रहे हैं। इन सरकारी अस्पतालों में दवा सप्लाई करने वाली कंपनी हाफकिन इंस्टीट्यूट ने दवाइयों की खरीदारी बंद कर दी है जिसके कारण यह स्थिति निर्मित हुई है।

### मेघालय में भूकंप के झटके किए गए महसूस

**शिलांग।** नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने कहा कि सोमवार शाम को मेघालय के उत्तरी गारो हिल्स क्षेत्र और असम के आसपास के जिलों में मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.2 मापी गई। मध्यम तीव्रता का झटका शाम छह बजकर 15 मिनट पर आया। उत्तरी गारो हिल्स व आसपास के पश्चिम व पूर्वी गारो हिल्स जिलों के साथ-साथ असम के निकटवर्ती इलाकों में भी जोरदार झटके महसूस किए गए। भूकंप सतह से दस किमी की गहराई पर आया।

### बंगाल के सात जिलों में बाढ़ का अनुमान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को कहा कि पड़ोसी राज्य झारखंड के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण राज्य के सात जिलों में बाढ़ का अनुमान है। झारखंड में ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में जारी और अनुमानित भारी बारिश के कारण राज्य के सात जिलों पश्चिम बर्धमान, बांकुरा, बीरभूम, पूर्व बर्धमान, पश्चिम मेदिनीपुर, हुगली और हावड़ा में बाढ़ का प्रबल अनुमान है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बाढ़ सुरक्षा और प्रबंधन के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाने के लिए संबंधित जिलों के साथ तत्काल वर्चुअल बैठक कर सहमति बनाने का निर्देश दिया।

# बिहार सरकार की जातीय गणना रिपोर्ट में कई खामियां : उपेंद्र कुशवाहा

**पटना,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार में जातीय गणना के आंकड़े सार्वजनिक होने के साथ ही इसको लेकर सियासत भी शुरू हो गई है। एक तरफ जहां सरकार आंकड़ों को जारी करने के बाद अपनी पीठ थपथपा रही है तो वहीं दूसरी तरफ इसको लेकर सवाल भी उठने लगे हैं। राष्ट्रीय लोक जनता दल के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने जातीय गणना के आंकड़ों को फर्जी बताया है और कहा है कि सरकार द्वारा जारी किए गए रिपोर्ट में कई खामियां है और ऐसा लगता है कि सरकार ने हड़बड़ी में जातीय गणना के आंकड़े जारी कर दिए हैं। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि खुद उनसे उनकी जाति के बारे में नहीं पूछा है। यह एक व्यक्तिगत मसला हो सकता है लेकिन बहुत से ऐसे लोग हैं जो इस तरह की बात कह रहे हैं। जातीय गणना को लेकर उठ रहे सवालों को दूर करना सरकार की जवाबदेही है। जातीय गणना का मामला कोर्ट में चल रहा था इस बीच सरकार ने कोर्ट में कह दिया कि जातीय गणना का काम पूरा हो चुका है। अचानक से कोर्ट में मामला चला तो उस पर सरकार ने जल्दीबाजी में आकर जैसे तैसे आंकड़ा जारी कर दिया, ऐसी आशंका जताई जा रही है। हड़बड़ी में आंकड़े जारी किए गए हैं तो यह भी स्वभाविक है कि बहुत से लोगों का नाम छूट गया होगा और कुछ लोगों का नाम जान बूझकर भी छोड़ दिया गया होगा। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने कोर्ट में यह दलील दी थी कि उसे जातीय गणना के आंकड़ों की जरूरत इसलिए है कि विकास में जो लोग पीछे रह गए हैं उनके लिए योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। अब जब आंकड़े सामने आ गए हैं तो सरकार अतिपिछड़ा समाज के लोगों के लिए ठोस योजना बनाए।

- **नीतीश सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों पर उठाए सवाल**



**सरकार ने हड़बड़ी में किए जातीय गणना के आंकड़े जारी : उपेंद्र कुशवाहा**

## पंचायत स्तर पर की जाए आंकड़ों की जांच

उपेंद्र कुशवाहा ने सरकार से मांग की है कि मतदाता सूची बनाने में जिस प्रक्रिया को अपनाया जाता है उसी प्रक्रिया को जातीय गणमा में भी अपनाया जाए। पंचायत स्तर पर आंकड़ों की जांच की जाए, ताकि हर व्यक्ति यह देख सके की उसके आंकड़े जोड़े गए हैं या नहीं। जातीय गणना की रिपोर्ट में संशोधन कर उसे फिर से जारी किया जाए। अगर ऐसा नहीं होता है तो लोगों के मन में जो आशंका है वह हमेशा बनी रहेगी।



- **नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपिता की समाधि राजघाट पर महात्मा गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे। वहीं दूसरी ओर पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।** फोटो इम्तियाज खान

# निखत ज़रीन व अगासरा नंदिनी ने बढ़ाया देश व राज्य का गौरव : केसीआर



- **मुख्यमंत्री ने एशियन गेम्स में पदक जीतने पर खिलाड़ियों को दी बधाई**

**हैदराबाद,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। चीन में चल रहे एशियन गेम्स में तेलंगाना के एथलीट अपना भरपूर दमखम दिखा रहे हैं। रविवार को आयोजित एशियाई खेलों में तेलंगाना के निखत ज़रीन और अगासरा नंदिनी को मुक्केबाजी और हेप्टाथलॉन खेल श्रेणियों में कांस्य पदक जीतने पर मुख्यमंत्री के.चन्द्रशेखर राव ने खुशी जताई। मुख्यमंत्री ने प्रशंसा करते हुए कहा कि दोनों बच्चों ने ऐसी उपलब्धियां हासिल की हैं जिससे राज्य को गौरव महसूस हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बड़ी बात है कि गुरुकुल ने पहले ही शिक्षा के क्षेत्र में देश के लिए मिसाल कायम कर एशियन गेम्स में अपनी ताकत दिखाई है। मुख्यमंत्री ने इस बात की सराहना की कि राज्य के खिलाड़ियों ने तेलंगाना के साथ-साथ देश का नाम भी रोशन किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दिए गए प्रोत्साहन से तेलंगाना के बच्चे अपनी प्रतिभा दिखाकर न केवल तेलंगाना बल्कि देश के लिए पदक जीतकर खुश हैं। महिला मुक्केबाजी के सीनियर वर्ग में दिग्गज मैरी कॉम के बाद निखत ज़रीन एक से अधिक बार विश्व चैम्पियनशिप जीतने वाली दूसरी भारतीय मुक्केबाज बन गईं।

## हमेशा खिलाड़ियों का समर्थन करेगी तेलंगाना सरकार : केसीआर

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार हमेशा खिलाड़ियों का समर्थन करेगी और यह समर्थन जारी रहेगा। एशियाई खेलों में, तेलंगाना गुरुकुल की छात्रा अगासरा नंदिनी ने हेप्टाथलॉन में कांस्य पदक जीता। नंदिनी तेलंगाना राज्य की एकमात्र एथलीट हैं जिन्होंने एशियाई खेलों में एथलेटिक्स में भाग लिया है। निकहत ज़रीन ने 12 साल की उम्र में निज़ामाबाद में एक एथलेटिक्स मीट में हिस्सा लिया था। वह लगातार दो बार विश्व चैंपियन बनीं।

## विपक्ष का विकास विरोधी रूख निंदनीय : नवीन पटनायक

**भुवनेश्वर,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। बीजू जनता दल (बीजद) सुप्रीमो एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को विपक्ष की जनविरोधी और विकास विरोधी रूख की आलोचना की और कहा कि विपक्षी दल ओडिशा की विकास यात्रा से खुश नहीं हैं और गलत जानकारी देकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। पटनायक ने गांधी जयंती के दिन प्रदेश भर में बीजद पदयात्रा की शुरुआत करते हुए कहा कि गलत जानकारी देकर लोगों को गुमराह करना विपक्ष का एकमात्र काम रह गया है। उन्होंने जोर दिया कि जब भी कोई चुनाव होता है तो विपक्ष हमेशा ऐसी गतिविधियों में शामिल होता है लेकिन जनता ने हमेशा उन्हें खारिज कर दिया है। विपक्षी दल पुरी में श्रीजगन्नाथ मंदिर और भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर के चल रहे विकास कार्यों को रोकने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी ऐसी गतिविधियों के लिए राज्य की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। बीजद पदयात्रा 11 अक्टूबर तक चलेगी। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर, रक्तदान शिविर और वृक्षारोपण अभियान भी चलाया जाएगा।

# पथराव की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगी सरकार : सिद्दारमैया

**बेंगलुरु,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। ईद मिलाद हिंसा को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि शिवमोग्गा शहर में हुई पथराव की घटना के सिलसिले में 40 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीएम ने साफ तौर पर कहा कि सरकार पथराव की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगी। शिवमोग्गा शहर शांतिपूर्ण है। बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए सिद्दारमैया ने कहा कि हिंसा के लिए जिम्मेदार और पथराव करने वाले 40 से अधिक उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। हम उन पर मामले दर्ज कर रहे हैं क्योंकि धार्मिक जुलूस निकालते समय पथराव करना कानून के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इन गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगी और उन पर लगाम लगाई जाएगी। उन्होंने कहा शिवमोग्गा शहर अब पूरी तरह से सामान्य है। पुलिस हरसंभव कार्रवाई कर रही है। पथराव की घटना के बाद शहर में शांति स्थापित हो गई है। हम शिवमोग्गा में शांति बनाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे। सीएम ने आगे कहा, शिवमोग्गा में जब ईद मिलाद का जुलूस निकाला गया था, तो उपद्रवियों ने शहर के बाहरी इलाके के रागी गुड्डा इलाके में पथराव किया था। पुलिस पर भी पथराव हुआ था। पुलिस ने अनिवार्य रूप से लाठीचार्ज किया। तनाव बढ़ने के बाद कर्नाटक पुलिस ने सोमवार को पूरे शिवमोग्गा शहर में कर्फ्यू बढ़ा दिया। ईद मिलाद जुलूस के दौरान हिंसा के बाद रविवार को शहर के रागी गुड्डा इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई।



- **शिवमोग्गा हिंसा में 40 से अधिक उपद्रवियों को किया गिरफ्तार**

**फैसला** — *केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में हुआ फैसला*

# छत्तीसगढ़ व राजस्थान में भी भाजपा आजमाएगी मप्र का फार्मूला

**नई दिल्ली, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव-224 के पहले इस साल के आखिर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए नेताओं व कार्यकर्ताओं की फौज उतार दी है। मध्य प्रदेश में पार्टी अभी तक तीन केंद्रीय मंत्रियों व सात सांसदों को चुनावी मैदान में उतार चुकी है।**

इसी तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ व राजस्थान में केंद्रीय मंत्रियों को चुनावी मैदान में उतारा जाएगा। इसका फैसला गत रविवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लिया गया।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ की बची 69 सीटों के लिए भी नाम तय कर दिए हैं। एक-दो दिन में ही इनका ऐलान किया जा सकता है। जबकि सूबे के लिए 21 उम्मीदवारों के नाम पहले ही घोषित किए जा चुके हैं। छत्तीसगढ़ की सत्ता में फिर से वापसी के लिए भाजपा पूरी ताकत लगा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद लगातार सूबे का दौरा कर रहे हैं। मध्य प्रदेश की तरह ही छत्तीसगढ़ में भी कुछ बड़े चेहरों प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के साथ ही केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी, रायपुर के सांसद सुनील सोनी, दुर्ग विजय बघेल सांसद को चुनावी अखाड़े में उतारा जा सकता है। वहीं भाजपा ने राजस्थान के लिए 54 उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं। ये सीटें वे हैं,जहां भाजपा पिछली बार चुनाव हार गई थी। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी राजस्थान में भी तीन केंद्रीय मंत्रियों गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल और कैलाश चौधरी के अलावा चार सांसदों राज्यवर्धन सिंह राठौर, दिया कुमारी, राहुल कासवन और बाबा बालक नाथ को मैदान में उतार सकती है। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को उलझाने के लिए उनके सामने गजेंद्र सिंह शेखावत को मैदान में उतारा जाय। माना जा रहा है कि राजस्थान के लिए घोषित होने वाली भाजपा के उम्मीदवारों की सूची चौकाने वाली हो सकती है। पार्टी सूत्रों की मानें तो भाजपा जल्द ही राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों की पहली सूची और छत्तीसगढ़ उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर सकती है।

भाजपा छत्तीसगढ़ के लिए अपने 21 उम्मीदवारों की पहली सूची 17 अगस्त को ही जारी कर चुकी है। भाजपा मुख्यालय में हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, देवेंद्र फडणवीस, बीएस येदियुरप्पा, सर्बानंद सोनोवाल, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया और भूपेन्द्र यादव सहित केंद्रीय चुनाव समिति में शामिल अन्य नेता भी मौजूद रहें।



- **चौकाने वाली हो सकती है राजस्थान के लिए घोषित होने वाली भाजपा के उम्मीदवारों की सूची**

देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार 3 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# पुरानी पेंशन योजना लागू करे केन्द्र

पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग को लेकर रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में शासकीय कर्मचारियों का विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया था जिसमें 20 राज्यों के लाखों कर्मचारी शामिल हुए। इसका आयोजन नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के तत्वावधान में किया गया था। 'पेंशन शंखनाद महारैली' के नाम से आयोजित इस रैली का उद्देश्य मौजूदा राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के बजाय पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के लिए केंद्र पर दबाव बनाना था। इतनी विशाल संख्या में हुए प्रदर्शन से साफ है कि कर्मचारियों का रुझान पुरानी पेंशन योजना की ओर है और उसे नयी पेंशन योजना बिलकुल रास नहीं आ रही है। इसे देखते हुए केन्द्र सरकार पुरानी योजना को फिर से लागू करना चाहिये क्योंकि वही कर्मचारियों के पसंद की है और उनके हित में भी।

वैसे तो इस मसले को राजनैतिक दृष्टिकोण से नहीं देखना चाहिये लेकिन यह सच है कि नयी योजना को भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार व उसके शासित ज्यादातर राज्यों की सरकारों का समर्थन है। दूसरी तरफ जहां गैर भाजपायी सरकारें हैं और उन राज्यों के कर्मचारी हैं, वे पुरानी स्कीम चाहते हैं। राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और पंजाब में तो इसे लागू करने का फैसला भी लिया जा चुका है। रविवार को एकत्र हुआ कर्मचारियों का हुजूम बतलाता है कि यह मुद्दा न केवल इस साल होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों पर बल्कि 2024 में निर्धारित लोकसभा चुनावों पर भी असर करेगा।

उल्लेखनीय है कि 2004 में यूपीए की सरकार ने पुरानी योजना की जगह पर नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू की थी जो शेयर बाजार और अन्य निवेशों पर आधारित है। शेयर बाजार की स्थिति के आधार पर रिटर्न का भुगतान होता है। पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) में सेवानिवृत्ति के समय अंतिम मूल वेतन (बेसिक सैलरी) के 50 फीसदी तक निश्चित पेंशन मिलती है। एनपीएस में रिटायरमेंट के समय निश्चित पेंशन की कोई गारंटी नहीं होने से यह कर्मचारियों की पसंद नहीं रह गयी है। पुरानी पेंशन योजना में कर्मचारियों के वेतन से कोई कटौती नहीं होती थी जबकि एनपीएस में कर्मचारियों के वेतन से 10 फीसदी की कटौती होती है। इतना ही नहीं, नई पेंशन स्कीम में ग्रेच्युटी प्राविडेंट फंड उपलब्ध नहीं है। पुरानी पेंशन स्कीम में यह सुविधा कर्मचारियों को मिलती है। पुरानी पेंशन योजना के और भी कई फायदे हैं। ओपीएस में रिटायर होने के बाद कर्मचारियों को चिकित्सा भत्ता और मेडिकल बिलों की सुविधा भी दी जाती है और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 20 लाख रुपये तक की ग्रेजुएटी की रकम भी मिलती है। इस योजना के तहत कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के समय की तनख्वाह की आधी राशि के बराबर की पेंशन मिलती है जिसका निर्धारण तत्कालीन वेतनमान एवं महंगाई सूचकांक के अनुसार होता है। साथ ही, कर्मचारी की मौत होने पर यह राशि उसके परिजनों को दी जाती है।

इस तरह देखें तो वर्तमान परिस्थितियों में यही पेंशन स्कीम कर्मचारियों के व्यापक हित में है। तत्कालीन सरकार ने जब इसे बन्द किया था तब का आर्थिक परिदृश्य काफी अलग था। देश की अर्थव्यवस्था बड़ी ऊंचाइयों पर थी। 1991 में आई नयी अर्थप्रणाली ने कार्पोरेट जगत को गतिशील बना दिया था जिसमें शेयर बाजारों में किया गया निवेश शर्तिया तौर पर फायदेमंद साबित होता था। 2008 की विश्वव्यापी आर्थिक मंदी ने निजी सेक्टर को काफी कमजोर किया था, बावजूद इसके कि भारत पर मंदी का बड़ा असर नहीं पड़ा था, लेकिन शेयरों में निवेश करना जोखिम पर आधारित अधिक हो चला था। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकार के अदूरदर्शितापूर्ण निर्णयों से भारत की अर्थव्यवस्था मुट्ठी भर कारोबारियों के लिये ही फायदेमंद रह गई है। पहले उद्योग-धंधों का स्वरूप विकेन्द्रित था। अब कुछ ही लोगों के शेयर उछाल मारते दिखते हैं जबकि ज्यादातर कम्पनियों के शेयरों में निवेश करना फायदे की गारंटी नहीं रह गई है। पुरानी पेंशन व्यवस्था की मांग करना एवं नयी योजना को नकारना दरअसल निवेश बाजार की गिरती साख का प्रतीक है। कर्मचारियों को पेंशन उनकी उम्र भर की कड़ी मेहनत से अर्जित की हुई होती है जिस पर उसकी सामाजिक सुरक्षा का पूरा भार होता है। इसी पेंशन के बल पर वे अपने बचे सपनों को पूरा करते हैं। बची आयु की रोजी-रोटी का जुगाड़ उसकी पेंशन से ही होता है और उसकी मृत्यु के बाद उसकी विधवा एवं नाबालिग बच्चों का भरण-पोषण भी इसी के जरिये सम्भव है। इस मुद्दे को इस लिहाज से नहीं देखा जाना चाहिये कि इसे किसने लागू किया या बन्द किया। इसका सम्बन्ध लाखों शासकीय कर्मचारियों के जीवन से जुड़ा हुआ है।

कुछ अरसा पहले राजस्थान में पुरानी पेंशन की बहाली का ऐलान सर्वप्रथम हुआ जिसका वहां के कर्मचारियों ने दिल से स्वागत किया है। हिमाचल प्रदेश के कर्मचारी भी इससे खुश हैं। छत्तीसगढ़ में भी यही स्थिति है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पुरानी स्कीम का समर्थन करते हुए केन्द्र सरकार से निवेदन किया है कि दिल्ली के कर्मचारियों को पुरानी योजना के अनुसार पेंशन देने का ऐलान करे। कर्मचारियों की मांग जायज है अत: केन्द्र सरकार को चाहिये कि उनकी इच्छा के अनुरूप पुरानी पेंशन योजना बहाल करे। देखना होगा कि सामान्य रूप से जायज मांगों को पूरा करने में अपनी हेठी समझने वाली मोदी सरकार इस बार कर्मचारियों की बात मानती है या नहीं। उन्हें इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिये। इससे राजकोष पर भार तो बढ़ेगा लेकिन कर्मचारियों के व्यापक हित में उसे इस पहलू पर ध्यान नहीं देना चाहिये।


# भारत-कनाडा बिगाड़ : सावधान, आगे खाई है!

अक्सर कहा जाता है कि किसी देश की विदेश नीति, उसकी घरेलू नीति का ही विस्तार होती है। लेकिन, हरेक सामान्यीकरण की तरह, इस सूत्र में भी एक हद तक ही सच्चाई है। भारत और कनाडा के रिश्तों में ताजा बिगाड़ के सिलसिले में इस सच्चाई को याद रखना और भी जरूरी है। आखिरकार, कहा-सुनी के ताजा चक्र में कनाडा और भारत, एक-दूसरे पर विदेशी नीति के कदमों से, घरेलू तुच्छ राजनीतिक हित साधने के ही तो आरोप लगा रहे हैं। अगर भारत सरकार, कनाडा की ट्रूडो सरकार पर, अपने राजनीतिक लाभ के लिए, कनाडा को आधार बनाकर खासतौर पर भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने में लगे, खालिस्तान समर्थकों के प्रति नरमी बरतने से लेकर उन्हें संरक्षण देने तक के आरोप लगा रही है, तो दोनों देशों के रिश्तों में मौजूदा बिगाड़ आया ही ट्रूडो के अपने देश की संसद में खड़े होकर यह आरोप लगाने के बाद आया है कि कनाडा निवासी किंतु भारत में आतंकवाद के लिए वांछित, खालिस्तान समर्थक नेता, निज्जर की हत्या में, भारतीय एजेंसियों का हाथ लगता है।

विदेश नीति के कदमों से सीधे-सीधे घरेलू राजनीतिक स्वार्थ साधे जाने के आरोपों के बाद, मामला सिर्फ कहा-सुनी तक सीमित नहीं रह सकता था और नहीं रहा है। ट्रूडो के संसद में उक्त आरोप लगाने के बाद ही, कनाडा ने सुरक्षा मामलों से जुड़े भारत के एक शीर्ष राजनयिक अधिकारी को निष्कासित भी कर दिया तथा बात और भी बिगाड़ते हुए, उसका नाम मीडिया में लीक भी कर दिया। जवाब में भारत ने भी, आरोपों को सिरे से खारिज करने के साथ ही, कनाडा के एक राजनयिक को इसी प्रकार निष्कासित कर दिया। दोनों ओर से एक-दूसरे देश के लिए प्रतिकूल ट्रेवल एडवाइजरी जारी किए जाने के एक चक्र के बाद, अंतत: भारत ने कनाडा के लिए वीजा सेवाओं पर भी रोक लगा दी है। उसके ऊपर से कनाडा पर कूटनीतिक सुविधाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए, उसे भारत में अपने मिशन को सिकोड़ने के लिए भी कह दिया गया।

दुर्भाग्य से, भारत के इस 'मुंह तोड़' जवाब के बाद भी, कनाडा के पांव पीछे खींचने और तनाव में कमी के, कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। उल्टे इस बीच कनाडा ने निज्जर मामले में अपने आरोपों पर यह कहकर जोर और बढ़ा दिया है कि उसके पास भारतीय कूटनीतिज्ञों के संवादों के रूप में खुफिया जानकारियां हैं, जो संदेहों को पुख्ता करती हैं। इस दौरान उसने यह कहकर कि ये साक्ष्य उसे फाइव आईज़ नाम की, पांच पश्चिमी देशों की साझा खुफिया व्यवस्था में शामिल एक अन्य देश के जरिए हासिल हुए हैं, इस मामले में अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी ताकतों को भी खींच लिया है। फाइव आईज़ में अमेरिका तथा कनाडा के अलावा यूके, आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड भी शामिल हैं। भारत की मुश्किलें बढ़ाते हुए, अमेरिका समेत इन पश्चिमी ताकतों ने भी इन खुफिया जानकारियों को आम तौर पर स्वीकार ही किया है और कनाडा के आरोपों को गंभीर बताते हुए, भारत से जांच में सहयोग करने का ही आग्रह किया है। अब तक यह भी एक प्रकार से साफ हो हो चुका है कि ट्रूडो जिन खुफिया जानकारियों की दुहाई दे रहे हैं, वास्तव में फाइव आईज़ के हिस्से के तौर पर खुद अमेरिका द्वारा ही मुहैया कराई गई थीं।

जाहिर है कि यहां आकर यह विवाद, महज भारत-कनाडा विवाद नहीं रह गया है बल्कि कहीं बड़ा रूप ले चुका है। वास्तव में इस विवाद के ट्रूडो के संसद के बयान के जरिए सार्वजनिक होने के बाद से, यह जानकारी भी सामने आ चुकी है कि इससे पहले से कनाडा, भारत के साथ यह मामला उठा रहा था। यहां तक कि जी-20 के दौरान, विशेष रूप से मोदी-ट्रूडो की उप-वार्ताओं में न सिर्फ यह मुद्दा उठा था बल्कि उस पर तीखे मतभेद भी सामने आए थे। इतना ही नहीं, उसी दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी इस मामले में हस्तक्षेप किया था और भारत तथा कनाडा के बीच बात बिगड़ने से बचाने की कोशिश की थी। बहरहाल, इस विवाद के सामने आने के बाद से पश्चिमी ताकतों का आम तौर पर जो रुख देखने को मिल रहा है, उससे इतना तो साफ ही है कि भारत उनसे, बीच-बचाव कराने से ज्यादा मदद या समर्थन की उम्मीद नहीं कर सकता है।



राजेन्द्र शर्मा

> **कनाडा के खिलाफ खालिस्तानी आतंकवाद के प्रति नरमी से लेकर, उसका राजनीतिक फायदा उठाने तक के भारत के आरोप, मुंहतोड़ जवाब के लिए सरकार के घरेलू समर्थकों से तालियां भले बजवा लें, पर कनाडा को अलग-थलग करने और भारत के लिए समर्थन जुटाने के लिए, खास मददगार नहीं हैं। उल्टे ऐसा लगता है कि इस मामले में भारत की एक कमजोरी ही पश्चिम के हाथ लग गई है।**

इसे देखते हुए, कनाडा के खिलाफ खालिस्तानी आतंकवाद के प्रति नरमी से लेकर, उसका राजनीतिक फायदा उठाने तक के भारत के आरोप, मुंहतोड़ जवाब के लिए सरकार के घरेलू समर्थकों से तालियां भले बजवा लें, पर कनाडा को अलग-थलग करने और भारत के लिए समर्थन जुटाने के लिए, खास मददगार नहीं हैं। उल्टे ऐसा लगता है कि इस मामले में भारत की एक कमजोरी ही पश्चिम के हाथ लग गई है, जिसका वह भारत को और दबाकर अपने खेमे में बांधे रखने के लिए इस्तेमाल करने में संकोच नहीं करेगा। कहने की जरूरत नहीं है कि मोदी राज में भारत में जिस तरह वास्तविकता में कानून का राज कमजोर हुआ है और एन्काउंटर से लेकर बुलडोजर तक के 'न्याय' को बढ़ावा दिया जा रहा है, उसने शेष दुनिया की नजरों में ''यह भारत की नीति नहीं है'' के हमारे खंडनों की साख को बहुत घटा दिया है। इज़रायल की मोसाद जैसी एजेंसियों की इसी तरह की कार्रवाइयों को वर्तमान भारतीय शासन किस तरह अनुकरणीय उदाहरण की तरह देखता है, जाहिर है कि यह भी बाकी दुनिया से छुपा हुआ नहीं है। लेकिन, यह किसी को नहीं भूलना चाहिए कि इज़रायल, पश्चिमी ताकतों के समर्थन के बल पर ही, दूसरे देशों की धरती पर अपने विरोधियों को खत्म या लिक्विडेट करने की कार्रवाइयां जारी रखे सका है। और सब कुछ के बावजूद भारत, पश्चिमी ताकतों के वैसे अकुंठ समर्थन की उम्मीद नहीं कर सकता है, जैसा समर्थन जाहिर है कि पश्चिम के अपने ही घरेलू राजनीतिक नीतिगत कारणों से, इज़रायल को सहज उपलब्ध है।

इन हालात में भारत को सरकार के घरेलू समर्थकों को संतुष्ट करने के लिए जैसे को तैसा जवाब देने के लालच में फंसने के बजाय, बारीक तथा धीरज की मांग करने वाले, कूटनीतिक तरीकों से ही रिश्तों की इस उलझी हुई गांठ को खोलने की कोशिश करनी चाहिए। कनाडा के लिए वीजा सेवाएं बंद करने जैसे कदम, ऐसी ही जवाबी प्रतिक्रिया के साथ, टकराव को और बढ़ाने के अलावा, कनाडा में रह रही भारतीय मूल के लोगों की खासी आबादी के लिए और कनाडा पढ़ने जाने वाले छात्रों की विशाल संख्या के लिए भी, परेशानी बढ़ाने का ही काम करेंगे। याद रहे कि पिछले साल कनाडा ने तीन लाख से ज्यादा भारतीयों के लिए वीजा दिए थे और भारत ने उससे थोड़े ही कम कनाडावासियों के लिए। इस विशाल संख्या को, बिगड़े रिश्ते की गांठ को खोलने के साधन के रूप में इस्तेमाल करने में ही समझदारी है, न कि उसे गुरुगांठ में तब्दील करने का बहाना बनाने में।

इधर देश के अंदर, कनाडा स्थित नामित खालिस्तान समर्थक आतंकवादी, गुरुपतवंत सिंह पन्नू की पंजाब स्थित संपत्तियों को जब्त करने के फौरन बाद, राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआइए) ने अपनी कार्रवाइयों का दायरा और बढ़ाया है। उसने कनाडा, अमेरिका, यूएई, आस्ट्रेलिया आदि में जमे, ऐसे 19 वांछितों की सूची जारी कर, उनके ओसीआई कार्ड रद्द कराने की तथा उनकी भारत स्थित संपत्तियों की पहचान से शुरू कर, आर्थिक मुश्कें कसने की कार्रवाइयां शुरू कर दी हैं।

ये कार्रवाइयां सबसे पहले तो इन सभी के लिए भारत के दरवाजे बंद करेंगी। ये कार्रवाइयां चूंकि मूलत: अपने बचाव की कार्रवाइयां हैं, इसलिए इन पर अगर कोई वास्तविक सवाल उठ सकता है तो यही कि ये कदम पहले ही क्यों नहीं उठा लिए गए? जहां तक विदेश में शरण लिए बैठे खालिस्तान का प्रचार करने वालों का सवाल है, सीधे उन पर इन कदमों का खास असर तो शायद नहीं पड़े, पर ये कदम कम से कम उन्हें शरण देने वाले देशों के सामने भारत की चिंताओं की गंभीरता को तो रेखांकित करेंगे ही और उनकी भारतविरोधी गतिविधियों पर कुछ अंकुश लगाने का भी काम कर सकते हैं।

फिर भी इस सिलसिले में यह याद रखना चाहिए कि भारत में खालिस्तानी आतंकवाद-विरोधी सक्रियता, सिर्फ कनाडा आदि में बैठे खालिस्तान समर्थकों पर घेरा कसने का काम ही नहीं करेगी, वह खुद हमारे देश में खालिस्तान समर्थकों को पब्लिसिटी मुहैया कराने का भी काम करती है।

दूसरे शब्दों में इस मामले में अनुपात तथा संयम का सहारा लेना इसलिए और भी जरूरी है कि कहीं भेड़िया आया, भेड़िया आया का शोर मचाने के चक्कर में, भेड़िये को न्यौत ही नहीं लिया जाए और पंजाब में, जहां अब तक खालिस्तानी आतंकवाद का शायद ही कोई समर्थन है, वास्तव में यह समस्या खड़ी ही नहीं हो जाए। यही इस मामले में विदेश नीति को संकीर्ण घरेलू नीति का विस्तार बनाने का, सबसे बड़े खतरा है। पंजाब में आतंकवाद के दौर तथा पंजाब के आतंकवाद की समस्या से उबरने के संघर्ष के अनेक प्रेक्षक, यह याद दिलाते हैं कि जिस तरह आतंकवाद की समस्या को विस्फोटक रूप दिलाने में, आतंकवाद-विरोधी छद्म युद्ध के तत्कालीन शासकों के कदमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी, उसी प्रकार मौजूदा शासन का अनुपातहीन सिख-आतंकवाद विरोधी गर्जन-तर्जन, आतंकवाद को पुनर्जीवित करने में ही मददगार हो सकता है।

याद रहे कि मौजूदा शासन को, सिख आतंकवाद का हौवा दिखाकर, उसके विरोध के बहाने हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक गोलबंदी को आगे बढ़ाना नागवार नहीं होगा। यह भी याद रहे कि सबसे बढ़कर सिख आतंकवाद/ खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों के संदर्भ के चलते, पिछली सदी के सत्तर के दशक से ही भारत और कनाडा के संबंध काफी खुरदुरे बने रहे थे और पिछले एक-डेढ़ दशक में ही उनमें सुधार हुआ था।

अब्दुर्रहीम खानखाना उर्फ रहीमदास ने कहा है:

''रहिमन देख बड़ेन को, लघु न दीजिए डार।
जहां काम आवै सुई, कहा करै तलवार।''

यह नहीं भूलना चाहिए कि कूटनीति का क्षेत्र, सुई का क्षेत्र है, वहां तलवार चलाना, काम बिगाड़ ही सकता है। बहरहाल, विदेश मंत्री जयशंकर, हाल के संयुक्त राष्ट्र संघ तथा अमेरिका के दौरे के आखिर तक, जिस तरह के सुर की ओर बढ़ते नजर आए, उससे कुछ उम्मीद बनती है कि वर्तमान भारतीय शासन भी अब तक इस विवाद ने जो रूप लिया है, उस पर शेष दुनिया की प्रतिक्रिया से सबक लेकर, यहां से टकराव की जगह, समाधान का ही रास्ता तलाश करेगा।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# स्वामीनाथन ने भारत को खाद्यान्न मांगने वाले देश से निर्यातक देश में बदल दिया

■ तीर्थंकर मित्र

हरित क्रांति के वास्तुकार मनकोम्बु संबाशिवम स्वामीनाथन के लिए हरा जीवन का रंग था, जिसने भारत की छवि को भीख मांगने के कटोरे से अन्न भरी टोकरी में बदल दिया। एम एस स्वामीनाथन के मन में जीवन पर्यन्त आखिरी सांस तक यह धारणा बनी रही कि भूख गरीबी का सबसे खराब रूप है।

विचारों और विचारधारा के व्यक्ति, स्वामीनाथन ने चावल और गेहूं की उच्च उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने के लिए साथी वैज्ञानिक नॉर्मनबोरलॉग और अन्य के साथ सहयोग किया। इन उत्कृष्ट कृषि वैज्ञानिकों के कार्य के लिए इससे अधिक उपयुक्त समय पर फलीभूत होने वाला और क्या हो सकता था, क्योंकि तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने बड़े पैमाने पर उभर रहे खाद्य संकट से निपटने के लिए राष्ट्र से एक दिन का भोजन छोड़ने का आह्वान किया था।

> **कृषि उत्पादन में लंबी छलांग वास्तव में समय की मांग थी। विदेशों से भोजन की सहायता से जुड़े तार दृष्टि में थे, लेकिन जल्द ही यह प्रक्रिया भोजन के साथ बेड़ियों में बदलने की धमकी दे रही थी। लेकिन समय के साथ, वह आदमी आया। स्वामीनाथन के काम ने भारतीय कृषि में क्रांति ला दी, जिससे देश को अकाल से निपटने और खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिली।**

देश को खाद्य संकट से उबारने के लिए शास्त्री के पास स्वामीनाथन से बेहतर कोई कप्तान नहीं हो सकता था। सामने आई चुनौती का जवाब देना केरल विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के लिए कोई त्वरित प्रतिक्रिया नहीं थी।

1943 के मानव निर्मित बंगाल अकाल से बहुत स्वामीनाथन बहुत प्रभावित हुए, जिसके परिणामस्वरूप 30 लाख लोगों की मृत्यु हो गई थी। उस समय वह केरल विश्वविद्यालय के छात्र थे। उन्होंने गरीब किसानों को अधिक उत्पादन करने में मदद करने के लिए कृषि अनुसंधान का उपयोग करने का मन बनाया था। अनजाने में, वह उस व्यक्ति के शब्दों को लागू करने का निर्णय ले रहे थे जिन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री के रूप में कहा था-'कृषि इंतजार नहीं कर सकती।'

कृषि उत्पादन में लंबी छलांग वास्तव में समय की मांग थी। विदेशों से भोजन की सहायता से जुड़े तार दृष्टि में थे, लेकिन जल्द ही यह प्रक्रिया भोजन के साथ बेड़ियों में बदलने की धमकी दे रही थी। लेकिन समय के साथ, वह आदमी आया। स्वामीनाथन के काम ने भारतीय कृषि में क्रांति ला दी, जिससे देश को अकाल से निपटने और खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिली।

हालांकि स्वामीनाथन का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन उन्हें जल्द ही यह एहसास हो गया कि भारत में कृषि को अकाल और ग्रामीण आजीविका दोनों से लड़ने के लिए हथियार बनाया जाना चाहिए। उनके साथ काम करने वाले लोगों के साथ मिलकर उनके प्रयासों से चार फसल मौसमों में देश की फसल की पैदावार 120 लाख टन से लगभग दोगुनी होकर 230 लाख टन हो गई।

उपरोक्त आंकड़ों का अक्सर उपहास किया जाता है। लेकिन तथ्य यह है कि इससे अनाज आयात पर देश की निर्भरता ख़त्म हो गई। चीजों की उपयुक्तता में, स्वामीनाथन को उच्च उपज वाले गेहूं और चावल की किस्मों को पुरस्कृत करने में उनकी भूमिका के लिए पहली बार विश्व खाद्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

भारत की अर्थव्यवस्था और स्थिति को बदलने वाले वैज्ञानिक को मैग्सेसे, पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण सहित कई सम्मानों से नवाजा गया, लेकिन भारत रत्न नहीं। शायद उनकी उपलब्धियां इस कसौटी पर खरी नहीं उतरीं और न ही उनकी लॉबी इतनी मजबूत थी।

अगर तत्कालीन महत्वपूर्ण व्यावहारिकता की बात करें तो स्वामीनाथन की विजय अधिक उर्वरक और पानी के अनुप्रयोग के प्रति उत्तरदायी नये सामान्य उपभेदों या 'पौधे के प्रकार' की क्षमता को पहचानने में निहित है। यह याद रखने की जरूरत है कि उनके पास भाखड़ा नांगल बांध और दामोदर घाटी निगम की सुविधाएं थीं। स्वामीनाथन कृषि विज्ञान के नवीनतम विकास से अवगत थे। इसके साथ-साथ उनकी क्षमता भी थी, जो पूरे देश में फसल क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक दृष्टि को वास्तविकता में बदलने के लिए नौकरशाही कठोरता और राजनीतिक प्रतिष्ठान के माध्यम से काम करने वाले वैज्ञानिकों के समूह के बीच दुर्लभ थी।

भारतीय कृषि क्षेत्र आज बेहतर स्थिति में है। लेकिन अभी एम एस स्वामीनाथन जैसे व्यक्तित्व का अभाव है जो मिशनरी उत्साह के साथ कृषि क्षेत्र के लिए रणनीतिक उद्देश्यों का पालन करेगा।

किसी को सी सुब्रमण्यम और बीशिव रामकृष्णन जैसे मंत्रियों और नौकरशाहों को उनका हक देना चाहिए जो वैज्ञानिक राय को महत्व देते थे और साहसिक निर्णय ले सकते थे। बोरलॉग के मैक्सिकन गेहूं के 18,000 टन बीजों का आयात करना एक ऐसा निर्णय था जिसका उल्लेख किया जाना चाहिए। स्वामीनाथन नहीं रहे, लेकिन उनके विचार और उत्साह अल्पपोषण से लेकर पर्यावरणीय क्षरण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी उभरती चुनौतियों का समाधान निकालने में लगे हुए हैं।

हो सकता है इस राज्य (पंजाब) के मुख्यमंत्री से उर्वरक की बढ़ती कीमतों का कारण पूछने पर एक किसान को जेल में डाल दिया गया होगा, और उर्वरक मूल्य वृद्धि की समस्या ने इस प्रख्यात वैज्ञानिक को परेशान कर दिया होगा, और उन्होंने इसे कम करने के लिए खुद ही रास्ता तैयार कर लिया होगा। स्वामीनाथन के कितने ही सपने अधूरे रह गये। लेकिन उन्हें किसी भी हालत में नहीं छोड़ा जा सकता, अधूरा नहीं छोड़ा जा सकता है।

स्वामीनाथन द्वारा जलाई गई मशाल को आगे बढ़ाना युवा ब्रिगेड पर निर्भर है। वह और उनकी टीम भारत से होने वाले वैश्विक खाद्य निर्यात के 40 प्रतिशत के लिए पूरे श्रेय के पात्र हैं। जलवायु परिवर्तन और घटते संसाधनों के साथ चुनौती बड़ी है। स्वामीनाथन ने इसका पूर्वाभास किया और एक 'सदाबहार क्रांति' की कल्पना की, जिसे 'पारिस्थितिकी क्षति के बिना निरंतर उत्पादकता में सुधार' द्वारा शुरू किया जा सकता है। ऐसी उनकी दृष्टि थी।

## गुरवाणी विचार

# उठत बैठत सोवत जागत ए मन तुझे चितारे

जीवन पदवी हरि के दास जिन मिलिआ आतम परगसु।
हरि का सिमरन सुन मन कानी सुख पावहि हरि दुआर परनि।
आठ पहर धिआइऔ गोपाल नानक दरसन देख निहाल।

इन पंक्तियों द्वारा पांचवे नानक गुरु अर्जुन देव जी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि ये पंक्तियां गुरु ग्रंथ साहिब के 200 अंग पर सुशोभित है। जो प्रभु परमात्मा का नाम सिमरन हर वक्त करते रहते हैं। सही मायने में ही प्रभु के दास हैं। हर के सेवक को उच्च आत्मिक दर्जा प्राप्त हो जाता है। उनसे जो भी प्राणी मिलता है उस पर भी इस बात का असर हो जाता है और उन्हें भी आत्मिक ज्ञान मिल पाता है अर्थात उनकी आत्मा को भी प्रकाश मिल जाता है इसीलिए मन को संबोधित करते हुए समस्त जीवों को समझा रहे हैं कि-

ऐ मेरे मन हर वक्त ध्यान लगा कर प्रभु परमात्मा का नाम सुना कर उस की ऐसी संगत में जाया कर जहां केवल प्रभु नाम का कीर्तन कथा होती रहती हो, क्योंकि वहां प्रभु परमात्मा का निवास होता है-विच संगति हरि प्रभु बसे जीओ।

हमें कहीं बैकुंठ जाने का प्रयास नहीं करना है क्योंकि गुरुदेव समझा रहे हैं कि साध संगत में ही बैकुंठ है इसलिए हर वक्त साध संगत में जाकर कीर्तन सुनना, प्रभु परमात्मा का सिमरन करना ही असल बैकुंठ की प्राप्ति है। प्रभु परमात्मा जपते रहने पर प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष नजरें इनायत हो पाएगी। उनकी कृपा दृष्टि मिल जाने पर ही हमारा कल्याण हो पाएगा।

हमें कहीं जंगलों में, पहाड़ों में जाकर तपस्या करने की जरूरत नहीं है परन्तु गृहस्थ जीवन में रह कर अपना कार-विहार करते हुए अपने घर अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए वह भी जरूरी है। कार विहार करते हुए मन प्रभु परमात्मा से जुड़ा रहना चाहिए।

नामा कहे त्रिलोचना मुख ते राम संभाल।
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

इसीलिए गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि-
उठत बैठत सोवत जागत ए मन तुझे चितारे।

अतएव गृहस्थ आश्रम को सब से अच्छा माना गया है। वन-कंदराओंस में रहने वाले साधु संन्यासी को भी गृहस्थी के घर जाकर भिक्षा मांगनी पड़ती है तभी उनका उदर पोषण हो पाता है। बिना गृहस्थी के उनका भी गुजारा नहीं हो पाता इसीलिए गुरुदेव समझा रहे हैं गृहस्थ में रहकर अपना कार विहार करते हुए मन निरंकार से जुड़े रहना चाहिए।

याद रहे कि हमें हमारे पूर्व जनमों के कुछ अच्छे पुण्य कर्मों के कारण हमें यह मानव जनम मिला है इसलिए हमें चाहिए कि प्रत्येक श्वांस का उपयोग प्रभु सिमरन करने में लगाना है इसलिए गुरवाणी हमें समझा रही है-

राम सिमर राम सिमर ऐहो तेरो काज।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# भारत ग्लोबल साउथ की सशक्त आर्थिक आवाज

भारत स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत अब एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सोच को मूर्तरूप दिया गया था। समय-समय में सरकारें बदलती रहीं और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढ़ता रहा। आज वर्तमान में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है। दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नालॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है। अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति में भारत सीना तान कर खड़ा हुआ है।

मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हूं जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया है। अटल बिहारी जी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का निर्माण करवाया था।

यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हूं. हमारा देश अभी भी गरीबी ,बेरोजगारी ,भुखमरी, असमानता, अंधविश्वास, आडंबर और धार्मिक कट्टरपंथ का सामना करते हुए उस गति से विकास नहीं कर पा रहा है जिसके लिए वह अत्यंत समर्थ है। आज भारत की धमक अमेरिका से लेकर जापान तथा अफ्रीकी देशों में भी है। भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत अमेरिका फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, ब्राजील, इजरायल और सऊदी अरेबिया देश के अनेक राज्यों के राष्ट्रीय प्रमुख हुक्मरानों ने दिल खोलकर किया है, नरेंद्र मोदी की वैश्विक हैसियत इसी बात से पता चलती है कि बाहुबली अमेरिका के राष्ट्रपति ने उनका ऑटोग्राफ लेने की गुजारिश की है।

भारत अभी वैज्ञानिक, तकनीकी और सुरक्षा के उच्च स्तर पर नहीं पहुंच पाया है। जिससे वह हर देश से आर्थिक सामाजिक राजनीतिक रूप से संतुलन बनाकर आमने सामने बैठ कर बात कर सके और इतना सामर्थ हो भारत कि हम संयुक्त राष्ट्रसंघ की सुरक्षा परिषद के आमंत्रित सदस्य बनकर बुलाए जाएं। गांधी जी ने स्वतंत्रता के बाद कहा था कि-मेरे सपनों का भारत कैसा भारत हो जिसमें गरीब से गरीब और वंचित से वंचित तथा पिछड़ा व्यक्ति भी भारत को अपना देश समझे तथा भारत की सरकार ऐसी सरकार जो अपनी नीतियां अंतिम व्यक्ति को सोचकर बना सके और उस व्यक्ति को सर्वाधिक लाभ प्राप्त हो सके। गांधी जी के सपनों के भारत को बनाने के लिए देश को सामाजिक, सांस्कृतिक, संस्कारिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक रूप से शक्तिसंपन्न बनाना होगा तभी भारत का हर नागरिक अपने भारत के नागरिक होने पर गर्व उच्च स्तर पर कर सकेगा।

**संजीव ठाकुर**

उल्टा पुल्टा

एक देसी पहलवान के किसी अनजान नंबर से फोन आया।
महिला– क्या आप शादी शुदा हो?
देसी पहलवान– नहीं तो, लेकिन आप कौन हो।
महिला– तुम्हारी पत्नी, घर आना फिर बताती हूं।

कांग्रेस भरोसा यात्रा

## भूपेश है तो भरोसा है,पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ की सरकार ने प्रमाणित किया-विजय



**बिलासपुर,**2 अक्टूबर ( देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर ज़िला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस भरोसा यात्रा देवकीनन्दन चौक से निकाली , यात्रा देवकीनन्दन चौक से प्रारम्भ होकर सन्तोष भुवन चौक, सिम्स चौक,सदर बाजार, गोल बाजार , जूना बिलासपुर होते हुए गांधी चौक में नुक्कड सभा के साथ सम्पन्न हुआ , गांधी प्रतिमा से ब्लाक कांग्रेस कमेटी 1, 3 और 4 द्वारा पूरे शहर में बाइक रैली के माध्यम से भरोसा यात्रा की । जिसका नेतृत्व ब्लाक अध्यक्ष जावेद मेमन, विनोद साहू, मोती ठारवानी ,और समीर अहमद ने किया ।

कांग्रेस भरोसा यात्रा के दौरान गोलबाजार और हटरी चौक जूना बिलासपुर में नुक्कड़ सभा किया गया। भरोसा यात्रा में लोक सभा प्रभारी , प्रदेश संयुक्त महासचिव अजय अग्रवाल , विधानसभा प्रभारी ,प्रदेश सचिव आत्मजीत सिंह मक्कड़ , महिला कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी डॉ संजू त्रिपाठी उपस्थित थे।

शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि भूपेश है तो भरोसा है को इन पांच वर्षो में छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने प्रमाणित किया है ,किसानों की ऋ़ण माफी, धान की समर्थन मूल्य ,शिक्षा में आत्मानन्द स्कूल ,कालेज,मोहल्ला क्लिनिक, स्लम स्वस्थ्य योजना ,68 से अधिक अन्न का समर्थन मूल्य में खरीदना,नरवा गरवा ,घुराव और बारी योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने में अहम भूमिका अदा की है ,आज छत्तीसगढ़ के सभी वर्ग, के लिए योजनाएं है ,इस लिए छत्तीसगढ़ पूरे देश मे रोल मॉडल के रूप में उभरा है और सरकार पर जनता का भरोसा है ।

शहर विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री का बिलासपुर पर विशेष ध्यान रहा है क्योंकि मुख्यमंत्री ने अरपा नदी में बारामासी पानी के लिए पदयात्रा की थी ,उनका मानना था कि शहर के विकास में नदी की बड़ी भूमिका होती है और इसलिए मुख्यमंत्री बनने के बाद भूपेश बघेल ने बिलासपुर शहर को दो बड़ी सौगाते दी अरपा नदी पर दो बैराज और नदी के दोनों तट पर फोर लेन सड़के की ।

मुख्यमंत्री ने 14 आत्मानन्द स्कूल देकर गरीब बच्चों की अच्छी शिक्षा की नींव रखी ,आज बिलासपुर के सभी वार्डो में मोहल्ला क्लिनिक संचालित है जहां मुफ्त में टेस्ट और दवाई दी जाती है , मुझयमन्त्री जी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,मितानिन और सहायिकाओं के मानदेय दुगुना से ज्यादा की वृद्धि कर उन्हें आर्थिक मदद देने की कोशिश की है ,पूरे देश मे छत्तीसगढ़ में नौकर दी जा रही है ,लगभग 50 हजार से ज्यादा की भर्ती हो रही है ,बिलासपुर से हवाई सेवा की मांग बहुत पुरानी है पर भाजपा के सांसद कभी प्रयास नही किये ,भूपेश बघेल ने 27 करोड़ देकर हवाई सेवा की शुरुआत की पर आज भी केंद्र की मोदी सरकार बाधा बने हुए है। भाजपा के सांसद अन्य सुविधा न देकर नाईट लैंडिंग के लिए बाधा बने हुए है , पैसेंजर गाड़ी तीन वर्ष से लगभग बन्द सा ही है ,रेल को भी अडानी को सौंपने की साजिश हो रही है,शैलेष पांडेय ने कहा भूपेश सरकार भरोसे की सरकार है उसने जो कहा वो किया इसलिए भूपेश सरकार पर अपना भरोसा 2018 की तरह बनाये रखे क्योकि छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर कोई ले जा सकता है तो वो है भूपेश। इसलिए भरोसे की सरकार है भूपेश सरकार।

■ **मुयमंत्री का बिलासपुर से विशेष लगाव-शैलेष**

विधानसभा प्रभारी आत्मजीत सिंह मक्कड़ ने कहा। कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने जनता का विश्वास खो चुकी है ,उन्होंने अपने 15 वर्षो में जनता की सुध तक नही ली केवल भ्रष्टाचार में लिप्त रहे ,उनके पूर्व मुख्यमंत्री ने रायगढ़ में अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि कम से कम एक वर्ष तक कमीशन लेना बंद कर दे तो छत्तीसगढ़ में भाजपा की फिर सरकार बनेगी इससे साफ होता है कि भाजपा के नेता किस स्तर पर भ्रषचार में लिप्त रहे है ।

बाइक रैली को गांधी चौक में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय,विधायक शैलेष पांडेय,प्रभारी अजय अग्रवाल, आत्मजीत मक्कड़, डॉ संजू त्रिपाठी और सभापति शेख नजीरुद्दीन ने रवाना किया ,जो तारबाहर, सीएमडी चौक ,सत्यम चौक, अम्बेडकर स्कूल , मगरपारा चौक, जरहाभाठा चौक ,सिविल लाइन ,राजेन्द्र नगर चौक होते हुए नेहरू चौक में समाप्त हुई ।

यात्रा में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, विधायक शैलेष पांडेय, लोकसभा प्रभारी ,प्रदेश महासचिव अजय अग्रवाल, विधानसभा प्रभारी, प्रदेश सचिव आत्मजीत सिंह मक्कड़, महिला प्रभारी लोकसभा डॉ संजू त्रिपाठी,अरपा बेसिन उपाध्यक्ष अभय नारायण राय, सभापति शेख नजीरुद्दीन, योग आयोग सदस्य रविन्द्र सिंह,पूर्व सांसद इंग्रिड मैक लाउड, पूर्व महापौर राजेश पांडेय,राकेश शर्मा,नरेंद्र बोलर, प्रवक्ता शहर ऋषि पांडेय, ब्लाक अध्यक्ष जावेद मेमन, विनोद साहू,मोती ठारवानी, महिला अध्यक्ष पिंकी बत्रा, सीमा घृटेश, सेवादल अध्यक्ष अब्दुल सलीम कुरैशी, गंगाराम लस्कर, शिवा मिश्रा,महेश दुबे,जुगल किषोर गोयल,भरत कश्यप, शैलेन्द्र जायसवाल,सुबोध केसरी,रामशंकर बघेल,सुभाष ठाकुर, सुरेश टण्डन,प्रियंका यादव,श्याम पटेल,आशा सिंह,सीमा पांडेय,अनिता लवहतरे, त्रिवेणी भोई, अनुराधा राव,अखिलेश गुप्ता ,राम दुलारे रजक,जितेंद्र पांडेय, राजेन्द्र वर्मा,अनिल शुक्ला,कमल गुप्ता,राजेश ताम्रकार,दिनेश सूर्यवंशी, लक्ष्मी जांगड़े, शेख असलम,ज़फ़र अली,सुभाष सराफ,शांति उपाध्याय,सन्तोष अग्रवाल,तिलक नेताम,मोती कुर्रे,गौरव एरी,शिवाकांत केसरी,सतीश गोयल,देवेंद्र मिश्रा,पुनाराम कश्यप, सुदेश नन्दिनी ठाकुर,शुभ लक्ष्मी,पुष्पेंद्र मिश्रा,वीरेंद्र सारथी,हरमेंढर शुक्ला,सबरीना भाई, महेतराम सिंगरौल,अरीब बेग,विक्की आहूजा,विष्णु तिवारी,राजेश जायसवाल,करम गोरख,अनिल घोरे,संजय यादव,चन्द्रहास केसरवानी,हेरि,इमरान खान,आशुतोष शर्मा,गुलशन सोम,अनूप सिन्हा, अन्नपूर्णा धुर्व,उतरा सक्सेना,परवीन खान,मनीष जायसवाल,शैलेन्द्री सूर्यवंशी,कविता पांडेय,पार्वती सूर्यवंशी,महेतरीं,गुलाबा,जमुना,ललिता,पुन्नी बाई,सुरेश टण्डन,दिनेश सीरिया,काजू महराज,राहुल सिंह,अजरा खान,प्रीति पटनवार,मनोज शर्मा,शेख निजामुद्दीन,तजम्मुल हक,अफ़रोज़ बेगम,रामचन्द्र क्षत्री,बबलू मगर, शमशेर खान,अमृत आनन्द,ओम प्रकाश शर्मा,रीता मजूमदार,मार्गेट बेंजामिन,कप्तान खान,शेरू,मोहन मदवानी,पवन सोनी,अयूब खान,रफीक खान,दीपांशु श्रीवास्तव,अजय पन्त, प्रीति गडवाल,राजीव गुप्ता,अमीन मुगल,सुदेश दुबे,संजय सोनी,कंवलजीत चावला,भंजन सिंह,गजेन्द्र श्रीवास्तव,अजित नाविक,शंकर यादव,शकुंतला साहू,किरण धुरी,ममता बुनकर,पी भवानी,श्री सांई, ललित कश्यप,राजू तिवारी,अजित सिंह,सूरज कश्यप,शंकर यादव,मोहन गोले,राकेश सिंह,राकेश सोनी,दुर्देशी धनगर,शकील भाई,वैभव शुक्ला,मसीह प्रकाश सहित बड़ी संख्या में सेवादल,युवा कांग्रेस,महिला कांग्रेस, सहित सभी अनुषांगिक संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

संपादकीय

## भीड़ में छिपे अपराधी

*हाल ही में समाप्त हुए गणेश विसर्जन की झांकियों के दौरान रायपुर पुलिस ने अपने कर्तव्य पालन का एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 52 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया जिनके पास से चाकू, कैंची, ब्लेड, उस्तरे, पेंचकस आदि बरामद हुए। कुछ के पास से बरामद शराब की बोतलों के कारण उन्हें भी गिरफ्त में लिया गया। ये लोग भीड़ में शामिल सादी वर्दी में पुलिस वालों द्वारा पकड़े गये जो ऐसे लोगों पर नज़र रखने के लिये ही तैनात किये गये थे। अन्य शहरों की पुलिस को भी इस तरीके को अपनाना चाहिये। इससे होने वाले अपराधों की रोकथाम तो हो ही सकेगी, पहले कहीं और अपराध कर चुके तत्वों के भी हाथ लगने की सम्भावना होती है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग आदि जैसे बड़े शहरों में इस तरह के कई आयोजन सारे साल होते रहते हैं। इस तरीके को स्थायी प्रक्रिया बनाना चाहिये।*

*अक्सर ही किसी भी पर्व या त्यौहारों में निकलने वाले जुलूसों या भीड़-भाड़ वाले स्थलों में असामाजिक तत्व हथियार लेकर घुसते हैं। वे आपराधिक मंशा से ही इनमें शामिल होते हैं। नये कृत्यों को अंजाम देने के लिये ये भीड़ में शामिल होते हैं और उनका मकसद पकड़े जाने पर इनसे हमला कर निकल भागने का होता है अथवा वे आपसी रंजिश को भुनाने के लिये हथियारों के साथ घुसते हैं। इसके चलते कई बार बड़े झगड़े या मारपीट होती है। ऐसे में लोगों पर ये तत्व अपने पास रखे हथियारों का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकते। कई बार निर्दोषों पर भी ये तत्व हमला कर देते हैं। दुर्ग में ही गणेश विसर्जन के दौरान दो गुटों के बीच हुई मारपीट इतनी बढ़ गई कि राहुल साहू नामक एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। उसके तीन साथी गम्भीर रूप से घायल हुए हैं। ऐसी घटनाओं को देखते हुए कहा जा सकता है कि लोगों के पास रखे सभी तरह के ऐसे हथियार या सामग्रियां पहले ही जब्त हो जानी चाहिये जिनसे किसी का नुकसान हो सकता है। हर साल और लगभग सभी तरह के आयोजनों में ऐसी घटनाएं होती हैं।*

*पुलिस के पास ऐसा कोई उपाय नहीं है कि वह किसी भी आयोजन में शामिल लोगों की जांच-पड़ताल कर सके। ऐसे में सबसे अच्छा उपाय यही हो सकता है कि भीड़ में शामिल होकर पुलिस वाले इन पर निगरानी करें और शक होने पर खतरनाक व अवैध वस्तुओं को अपने कब्जे में ले। इसके साथ ही ऐसे तत्वों पर होने वाली कानूनी कार्रवाई से भविष्य में होने वाले अपराध घटेंगे। धीरे-धीरे अगर असामाजिक तत्वों को भीड़ में पुलिस के छिपे होने का डर बैठेगा तो वे आईंदा से हथियार लेकर आना ही बंद कर देंगे। अन्य शहरों की पुलिस को भी इसका अनुसरण होना चाहिये।*

## जिला जल व स्वच्छता समिति की बैठक 3 को

**बिलासपुर,**2 अक्टूबर ( देशबन्धु)। जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक 3 अक्टूबर को मंथन सभाकक्ष में टीएल बैठक के बाद आयोजित की गई है। कलेक्टर व समिति के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में यह बैठक होगी। निर्धारित कार्यसूची के अनुसार बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माण कार्य में संशोधित यूएसओआर के अंतर्गत प्राप्त निविदा की न्यूनतम दर की स्वीकृति, कॉल मी सर्विस देने वाले कर्मचारियों की अनुबंध अवधि बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव, गहरे नलकूप खनन संबंधी प्रस्ताव, सपोर्ट एक्टिविटी के तहत प्रचार प्रसार संबंधी प्रस्ताव तथा जल जीवन मिशन की वर्ष 2023/24 के आय व्यय संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया जायेगा।

## हथियारों से लैस होकर जानलेवा हमला करने वाले 3 आरोपियो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे में नाचने से मना करने की बात को लेकर हुआ था विवाद

**बिलासपुर,**2 अक्टूबर ( देशबन्धु)। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी सुरेश मौर्य निवासी कैलाश नगर ढेका उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 सितंबर को गांव के बाल गणेश उत्सव समिति ढेका के नाम से स्थापित गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु डीजे लगाकर लडके एवं महिलाओ के साथ नाचते गाते जा रहे थे कि जो प्रार्थी अपने दुकान के पास ही पहुंचा था कि उसी समय दर्रीघाट के दो तीन लडके डीजे में डांस करने लगे जब लडको के द्वारा मना किया गया तो आरोपी सिद्धांत उर्फ सिद्धू कुर्रे अपने साथियो को बताया कि ढेका के लोग डीजे में डांस करने से मना किये है और मुझे निकाल दिये मारपीट करने के लिये तैयार है कहकर अपने गांव एवं रिस्तेदार को बुलाया और ढेका बाजार अरपा पुल के सामने राहुल किराना दुकान के सामने पहुंचकर मारपीट किये हो कहर घातक हथियार लाठी डंडा, रॉड, बत्ता से लैस होकर जानलेवा हमला कर प्रार्थी सुरेश मौर्य एवं उसके दोस्त विष्णु विश्वकर्मा, अमर मौर्य संजू मिश्रा, ऋषभ मौर्य, मुकेश विश्वकर्मा विश्वा विश्वकर्मा, अनिल बघेल, सोनू विश्वकर्मा, तमन बघेल राहुल मौर्य, सौरभ मौर्य, अभिषेक मोर्य विशाल मौर्य, हरि गोड, रिंकू निषाद एवं अन्य लोगो को चोट पहुंचाये है। रिपोर्ट पर थाना तोरवा में अप0 क्र0 504 / 2023 धारा 147, 148, 149, 294, 506, 323, 307 भादवि का अपराध पंजीबंध्द कर विवेचना में लिया गया मामले की गंभीरता को देखते हुये तत्काल सूचना



जिले के तत्काल पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भा.पु. से.), अति0 पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द् जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली पूजा कुमार (भा.पु. से.),को दी गई थी जिनके द्वारा तत्काल आरोपियों की धरपकड़ करने के निर्देश दिये गये थे, जिसके परिपालन में थाना प्रभारी तोरवा कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में टीम तैयार कर पतासाजी में जुट गई जो मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी 1. सिद्धांत उर्फ सिद्धू कुर्रे 2. रितेश धीरज, 3. श्याम बंजारे को पकडा गया जिससे पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने से उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लकडी का बेठ, स्टील का पाईप राड आदि जप्त किया गया है मामले में आरोपियों को गिरफतार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर, सउनि विदेशी राम साहू सउनि भरत लाल राठौर, प्र. आर. साहेब अली प्र. आर. किशन लाल नवरंग, आरक्षक उदय पाटले यशपाल टंडन का विशेष योगदान रहा।

## ढोल बजाने पर परोसियो ने युवक के सीने में मारा चाकू,बचाने आए भाई पर भी किया हमला

**बिलासपुर,**2 अक्टूबर ( देशबन्धु)। तिफरा के कुंदरापारा में रहने वाली कल्पना तिवारी विधि महाविद्यालय में बुक लिफ्टर हैं। उन्होंने बताया कि मोहल्ले के बच्चे रविवार की शाम गणेश विसर्जन के लिए गए थे। भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन करने के बाद बच्चे घर के सामने ढोल बजा रहे थे। शाम सात बजे के करीब मोहल्ले में ही रहने वाला कल्लू यादव वहां पर आया। उसने शोर करने की बात कहते हुए बच्चों से गाली–गलौज की।

मना करने पर वह अपने घर से सुरेश यादव, अनिस यादव और आयुष को बुला लाया। उन्होंने कल्पना के बेटे अभय तिवारी से मारपीट की। इसी बीच सुरेश ने अभय के सीने में चाकू से मार दिया। हमले में खून से लथपथ अभय वहीं पर गिर गया। इसे देख अभय का भाई संस्कार और आयुष तिवारी बीच–बचाव करने गए। बचाने आए संस्कार के गले पर सुरेश ने चाकू से वार किया। साथ ही आयुष तिवारी की भी पिटाई की। मारपीट के दौरान आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच–बचाव किया। इसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

## मन,कर्म,वचन में गांधीजी और शास्त्रीजी के विचारों को आत्मसात करें– कुलपति

### सीयू में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**बिलासपुर,**2 अक्टूबर ( देशबन्धु)। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं राष्ट्रनिर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर राष्ट्रीय एकता रैली एवं भजनों की प्रस्तुति के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. जी.सी.आर. जायसवाल, अधिष्ठाता कामर्स एवं मैनेजमेंट, बीएचयू, वाराणसी (उ.प्र.) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने की।

कार्यक्रम का आयोजन प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में रैली उपरांत हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. जी.सी.आर. जायसवाल ने कहा कि गांधी जी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने कहा कि सत्य मेरा भगवान है और अहिंसा से इसे प्राप्त किया जा सकता है। अंहकार सत्य प्राप्ति में बाधक है। आज के दिन को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना चाहिए। अध्यक्षीय उद्बोधन में माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि हमें श्रेष्ठ राष्ट्र के श्रेष्ठ नागरिक बनने के लिए मन, वचन एवं कर्म में गांधी एवं शास्त्री के विचारों को आत्मसात करना होगा। दूसरे के दर्द और कष्ट को समझते हुए उसके निवारण के लिए कार्य करना सही मायने में मानवता है। मानव मूल्यों को धारण करते हुए श्रेष्ठ चरित्र का निर्माण कर समाज तथा राष्ट्र की सेवा करें।

कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि महात्मा गांधी और शास्त्री आधुनिक युग के दधीचि हैं उन्होंने अपना सर्वस्व राष्ट्र को समर्पित कर दिया। गांधी और शास्त्री द्वारा बताये गये राष्ट्रीय चरित्र के विभिन्न आयामों में से किसी एक का पालन करने से हमारा जीवन सार्थक हो जाता है।




इससे पूर्व सुबह 9 बजे प्रबंध अध्ययन विभाग प्रांगण में गांधी के तैल चित्र एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कुलपति के नेतृत्व में प्रबंध अध्ययन विभाग से प्रशासनिक भवन तक अंतरराष्ट्रीय अंहिसा दिवस एवं राष्ट्रीय एकता रैली में विश्वविद्यालय परिवार ने पूरे उमंग, उत्साह एवं उल्लास के वातावरण में भाग लिया। अतिथियों ने स्वावलंबी छत्तीसगढ़ के अंतर्गत उत्पादों तथा हस्तकला की प्रदर्शनी का आवलोकन किया।

इसके उपरांत प्रशासनिक भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती, संत गुरु घासीदास जी, महात्मा गांधी एवं शास्त्री के तैल चित्र पर पुष्प अर्पण किया। अतिथियों का स्वागत नन्हें पौधों से हुआ। स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. शैलेन्द्र कुमार ने दिया। तत्पश्चात तरंग बैंड ने महात्मा गांधी के प्रिय भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता सुब्रह्माण्यम ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. प्रो. मनीष श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठातागणा, विभागाध्यक्षगण, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में एक तारीख, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ ने 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कोनी क्षेत्र के साप्ताहिक सब्जी बाजार में साफसफाई एवं स्वच्छता जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता जागरूकता करने के लिए नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें लोगों को जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, पानी संरक्षण, बिजली बचाओ, गीला कचरा एवं सूखा कचरा अलग–अलग डालने के लिए लोगों को जागरुक किया।

# सार-संक्षेप

## मुख्यमंत्री आज स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का करेंगे उद्घाटन

**कोरबा,** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंजीनियरिंग एवं मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की नवाचारी स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का उद्घाटन 3 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अपने निवास कार्यालय से प्रात- 11 बजे ऑनलाइन किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस योजना में ख्याति प्राप्त एलन कैरियर इंस्टिट्यूट ने ष्टस्क्र के तहत निशुल्क कोचिंग देने सहमति व्यक्त की है।

प्रदेश के शासकीय स्कूलों में अध्यनरत 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाएंगे छत्तीसगढ़ शासन व एलन इंस्टिट्यूट के मध्य एम ओ यू पर हस्ताक्षर भी किए जाएंगे । कोरबा जिला मे 6 कोचिंग सेंटर का चयन किया गया है, जो स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिंदी उत्कृष्ट विद्यालय करतला,कटघोरा, पाली,पोंड़ी उपरोड़ा,साडा कन्या एवं एनसीडीसी में संचालित होंगे। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग तथा मेडिकल पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा की ऑनलाइन कोचिंग योजना की घोषणा की थी।

## गांधी जयंती पर जेल में लगाई गई लोक अदालत



**कोरबा,** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के प्लान ऑफ एक्शन के अनुसार गांधी जयंती पर जेल लोक अदालत का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए गए थे। डीएल कटकवार जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला जेल में अश्वनी कुमार चतुर्वेदी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा एवं श्रीमती प्रतीक्षा अग्रवाल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सिटी मजिस्ट्रेट एवं उप जेल कटघोरा में रमेश कुमार चौहान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा की ड्यूटी जेल लोक अदालत में लगाई गई थी। कुल 5 बंदियों के प्रकरण को रखा गया था जिसमें जिला जेल से दो बंदियों को जेल लोक अदालत के अवसर पर रिहा किया गया। जिला जेल के पुरुष एवं महिला बैरक में जाकर बंदियों को विधिक सहायता संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों और युवाओं का गोंडवाना महासभा ने किया सम्मान

कोरबा, 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। अधिकारी-कर्मचारी विकास समिति गोंड़वाना गोंड़ महासभा केंद्र तिवरता के द्वारा शत्रुहन सिंह मरकाम की अध्यक्षता में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं उच्च पद पर चयनितों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति के संस्थापक एवं महासचिव परदेशी सिंह मरकाम के द्वारा शिक्षा का महत्व एवं समिति के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के बारे में प्रोत्साहित किया गया। समिति के संरक्षक निर्मल सिंह राज ने मीडिया का महत्व के बारे में बताया एवं बच्चों को मार्गदर्शन दिया। मुख्य अतिथि निर्मल सिंह मरकाम सभापति महासभा तिवरता ने समाज विकास के कार्य में तन-मन-धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथियों में शिवनारायण सिंह पोर्ते, जयसिंह मरावी, अटल सिंह पोर्ते ,घासीराम कमरो आदि ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आशीष कुमार पेन्द्रो पिता मेवा लाल पेन्द्रो बाबूपारा (सिरमिना ) को, डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित होने के लिए सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों को सम्मान दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव श्रोते, शगुन पोर्ते, उपाध्यक्ष, फत्ते सिंह नेटी कोषाध्यक्ष, त्रिभुवन मरावी, उपकोषाध्यक्ष राम गोपाल शांडिल्य, मोहन आयम, संगठन प्रभारी श्रीराम पोर्ते सचिव, लाखन सिंह नेटी सहसचिव, मनोज मरकाम, समार सिंह आर्मो, एमएस गोंड़, जान सिंह उइके, पुरुषोत्तम टेकाम आदि का योगदान रहा।

## समाज को सही दिशा दिखाने में वृद्धजनों का महत्वपूर्ण योगदान



**कोरबा,** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर नवदृष्टि प्रशांति वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का सम्मान कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री ने कहा कि समाज को सही दिशा दिखाने में वृद्धजनों का महत्वपूर्ण योगदान है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को माला पहना, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। अतिथियों ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान करना गर्व की बात है। समाज को सही दिशा दिखाने में वृद्धजनों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रत्येक व्यक्ति की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे सदैव इनका आदर करें। बुजुर्गों को ईश्वर के समकक्ष माना गया है। वृद्धाश्रम की बुनियादी सुविधाओं को पूरा करने आश्वस्त किया गया। नवदृष्टि समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद सादिक शेख ने केअरटेकर आवास एवं आश्रम के कार्यालय भवन निर्माण की मांग रखी। वृद्धाश्रम में निवासरत बालकृष्ण कसेर की स्वरचित कविताओं के संकलन का विमोचन किया गया। श्री कसेर ने कविता का वाचन भी किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वीणा मिस्त्री ने किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव लक्ष्मी चौहान, वरिष्ठ अधिवक्ता मधु पांडेय, प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती कल्पना मिश्रा, ज्योति सारथी, वृद्धाश्रम के केअरटेकर बीरू यादव आदि मौजूद रहे।

## गंगा देवी का निधन



कोरबा, 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंदौर स्वीट्स के संचालक टीपीनगर निवासी रामकुमार साहू की माता गंगा देवी (छोटी बाई) साहू 85 वर्ष का गृहनगर जबलपुर में गत दिवस निधन हो गया। वे जबलपुर के भाजपा नेता कैलाश साहू, दीपक साहू, स्व.राकेश साहू की मां व मधुर तथा मिलन साहू की दादी थीं। उनका अंतिम संस्कार जबलपुर में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित स्वजातीय बंधु तथा गणमान्य नागरिकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# गौरव पथ में भारी वाहनों का प्रवेश बन्द कराने सडक़ पर बैठे

## दीपका परियोजना में साइलो व रोडसेल से कोयला परिवहन ठप्प रहा

**कोरबा-दीपका,** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्र स्थित गौरव पथ से कोयला परिवहन वाहनों को बन्द कराने की मांग पर आज दीपका थाना चौक में चक्काजाम किया गया। दीपका परियोजना में साइलो को बंद करा दिया गया जिससे कोयला डिस्पेच का काम पूरी तरह से प्रभावित हुआ। दिनभर रोड सेल की गाडियां खड़ी रही तथा एनटीपीसी को भेजी जाने वाली रेक नहीं जा सकी।

दीपका गौरव पथ संघर्ष समिति के आव्हान पर थाना चौक में बड़ी संख्या में सुबह 10 बजे से ही स्थानीय प्रभावित लोग इकट्ठा होकर कोयला परिवहन गाडियों को रोक कर सडक़ पर बैठ गये।

दीपका क्षेत्र के जनजीवन के लिए नासूर बन चुकी गौरव पथ में भारी वाहनों का परिचालन बन्द करने की मांग पर वर्ष 2008 से ही आमजन द्वारा मांग उठाई जा रही है। विगत 13 अगस्त से आमरण अनशन, धरना प्रदर्शन कर शासन और प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराने का प्रयास किया जा रहा है। एसडीएम कटघोरा ने टीम गठित कर वैकल्पिक मार्ग के लिए स्थल निरीक्षण करने का आश्वासन दिया था किंतु इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसी परिप्रेक्ष्य में दीपका नगर पालिका में बुलायी गयी विशेष सामान्य सभा में पालिका के सभी पार्षद और एल्डरमेन ने एकमतेन होते हुये गौरव पथ में भारी वाहनों का परिचालन बन्द कर वैकल्पिक मार्ग का प्रस्ताव पारित किया है। गौरव पथ मार्ग को भारी वाहनों से पूर्णत- मुक्त रखने के लिए ठोस निर्णय नहीं लिया जा रहा है। गौरव पथ संघर्ष समिति ने चक्काजाम करने का चेतावनी दिया जिसको रोकने के लिए धरना पंडाल को स्थानीय प्रशासन ने कल बलपूर्वक जप्त कर लिया। उसके बावजूद आज आंदोलन में बड़ी संख्या में महिला व ग्रामीणों ने अपना समर्थन दिया।



### वैकल्पिक बाइपास के लिए होगा निरीक्षण

आंदोलनकारियों से चर्चा करने पहुंचे दीपका तहसीलदार विनय देवांगन और दीपका थाना प्रभारी अश्वनी राठौर ने चर्चा के दौरान शक्तिनगर विजय नगर होते हुए चाकाबुड़ा अन्य गंतव्य स्थान के लिए थाना चौक से वैकल्पिक बायपास मार्ग में जोडऩे के लिए सोमवार को गठित टीम के द्वारा निरीक्षण करने की बात कही। गौरव पथ मार्ग पर भारी वाहनों के परिचालन पर राजपत्रिका में उल्लेख सुबह 7 से 11 और शाम 4 से 7 बजे तक नो एंट्री रहेगी। इसके साथ अधिकारी ने बताया कि 200 करोड़ की लागत वाले ओवरब्रिज का काम डेढ़ महीने अंदर में थाना चौक से शुरू होना है। इस तरह का आश्वासन मिलने उपरांत प्रदर्शन खत्म किया गया।

## वृद्धजनों को कराया भोजन



**कोरबा,** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धाजन दिवस पर नवदृष्टि समाजसेवी संस्था में वृद्धजनों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही वृद्ध आश्रम के समस्त वृद्ध जनों को भोजन कराया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती कल्पना मिश्रा, अनीता इंडा, चिनाशा मिश्रा, सलोनी बाग, अपराजिता सेठ आदि महिलाओं ने हिस्सा लिया।

## गैरेज में चोरी करने वाला गिरफ्तार, माल बरामद

**कोरबा,** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। ऑटो गैरेज से चोरी करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट के 6 घंटे के भीतर चोर को गिरफ्तार करते हुए चोरी किया गया सारा सामान बरामद किया है।



जानकारी के अनुसार सीएसईबी पुलिस सहायता केन्द्र के अंतर्गत टीपी नगर में प्रार्थी मोहम्मद रुस्तम वारसी पिता मो. इस्माइल 29 वर्ष निवासी शिवाजी नगर का गैरेज है। उसके रुस्तम ऑटो गैरेज से 27-28 सितंबर की रात अज्ञात व्यक्ति के द्वारा गैरेज में घुसकर मरम्मत हेतु आए वाहनों के तांबे के पाट्र्स, पाइप एवं कॉपर वायर कीमती 20000 को चोरी कर लिया गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादवि के तहत जुर्म पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक उदय किरण के निर्देशन में सहायता केन्द्र प्रभारी एसआई नवीन पटेल के द्वारा मातहत स्टाफ प्रधान आरक्षक दिलीप झा, आरक्षक गोपी दिव्य,पुरुषोत्तम मुखर्जी के साथ महज 6 घंटे के भीतर आरोपी अमित उर्फ राजा तिवारी पिता सुभाष तिवारी 27 वर्ष निवासी कुआं भट्टा चौकी मानिकपुर को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसके द्वारा जुर्म घटित करना स्वीकार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया सारा सामान बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल कराया गया।

## नियमों का पालन नहीं करने पर 4 पिकअप और डीजे जब्त

**कोरबा,** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिना अनुमति व तेज आवाज में डीजे बजाने वाले 4 संचालकों पर कार्यवाही की गई है। डीजे व साउंड सिस्टम लगे 4 वाहनों को जप्त कर कोलाहल अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

तेज आवाज में डीजे चलाकर आम लोगों के शांतिपूर्ण जीवन में खलल उत्पन्न करने तथा ध्वनि प्रदूषण करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के संबंध में मिले निर्देशों के पालन में तथा पुलिस अधीक्षक उदयकिरण के निर्देश पर जिले में पहली बड़ी कार्यवाही इस साल हुई है। कोतवाली क्षेत्र में ऐसे 4 डीजे संचालकों पर कोलाहल अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया गया है जो नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। कोतवाली टीआई रूपक शर्मा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा क्षेत्र में दौरान पेट्रोलिंग के रात 10 बजे से 11 बजे के मध्य पुरानी बस्ती मेन रोड, मोती सागर पारा मेन रोड, सीतामढ़ी मेनरोड व संजय नगर मेन रोड सार्वजनिक स्थल पर गणेश विसर्जन के दौरान पिकअप में साउंड सिस्टम को लगाकर अत्यधिक तेज आवाज में बजाया जा रहा था। जो निर्धारित मानक से काफी तेज,कर्कश व कर्णपीड़ादायक था। साथ ही ध्वनि अत्यधिक तेज होने के कारण बुजुर्ग एवं अस्वस्थ लोगों के लिए अत्यधिक हानिकारक होने से आसपास के रहवासियों तथा आने-जाने वाले लोगों को भी मानसिक परेशानी हो रही थी। इसके दृष्टिगत पुलिस ने साउंड सिस्टम धारकों से सिस्टम बजाने के संबंध में अनुमति मांगी तो पेश नहीं कर सके। अनावेदकों का कृत्य धारा 4,5,15 कोलाहल अधिनियम का उलंघन पाए जाने से साउंड सिस्टम जप्त कर विधिअनुरूप अलग-अलग प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रूपक शर्मा के नेतृत्व में एएसआई अजय सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक लक्ष्मीकांत खरसन, आरक्षक चंद्रकांत गुप्ता,दिनेश श्याम, कवल चंद्रा की सराहनीय भूमिका रही।



### इन पर हुई कार्रवाई

अमर प्रसाद प्रजापति पिता स्व. भगवान दीन प्रजापति 48 वर्ष सीतामढ़ी, लखन बहादुर सोनी पिता कृष्ण बहादुर सोनी 26 वर्ष सीतामढ़ी, सुनील चौहान पिता स्वर्गीय इंद्रजीत चौहान 37 वर्ष सीतामढ़ी तथा संदीप यादव पिता राजू यादव 19 वर्ष राताखार को इन मामलों में आरोपी बनाया गया है।

# कांग्रेस ने निकाली भरोसा यात्रा-शामिल हुए सैकड़ों लोग

**कोरबा,** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर एकदिवसीय विधानसभा स्तरीय कांग्रेस भरोसा यात्रा निकाली गई। शहर में गांधी चौक से अशोक वाटिका तक यह यात्रा कांग्रेसियों ने निकाली। यात्रा में दो पहिया व चार पहिया वाहनों की बड़ी संख्या के साथ पैदल यात्रा अशोक वाटिका पहुंची। यात्रा के माध्यम से कोरबा में अधिक से अधिक जगहों पर होते हुए राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता को अवगत कराया गया। यात्रा के दौरान अशोक वाटिका में नुक्कड सभा का भी आयोजन किया गया। जहॉ आम सभा में शहर के सफाई कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। भरोसा यात्रा में शामिल सफाई मित्रों एवं सफाई कर्मियों को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। राजस्व मंत्री, जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, सभापति श्याम सुंदर सोनी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान ने भरोसा यात्रा पर अपनी बात रखी।दर्री में जैलगांव चौक से भरोसा यात्रा निकाली गई जिसका नेतृत्व मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर ने किया। इसमें प्रमुख रूप से राजेन्द्र तिवारी, रेखा त्रिपाठी, रोपा तिर्की, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, धुरपाल सिंह कंवर, डॉ. एल पी साहू, मनीराम साहू, आशीष अग्रवाल अनील द्विवेदी, रमेश नवरंग आदि सम्मिलित हुए।




## रंगों से उभारा कैनवास, देश भक्ति गीतों ने जगाया जज्बा

**कोरबा,** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। महाराजा अग्रसेन जंयती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिताओं का महाकुंभ में अग्रसेन नव युवक मंच व अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल व अग्रसेन भवन में भाग लिया गया।



अग्रसेन नवयुवक मंच द्वारा किड्स रंग भरो प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी से पांचवीं तक के 105 बच्चों ने हिस्सा लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 8वीं के 32 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12वीं बालक एवं बालिकाओं में 7 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जहां रंगों को बच्चों ने अपने चित्रों पर लगाया वहीं पेन्टिंग प्रतियोगिता ने खुबसूरत से बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा अग्रसेन भवन में कराओके गायन प्रतियोगिता में देश भक्ति गीतों से रंग बिखेरा गया। इस प्रतियोगिता में 19 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा मेहन्दी प्रतियोगिता 14 वर्ष के ऊपर बालिकाओं व महिलाओं के लिए की गई जिसमें 16 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। अग्रवाल सभा के मीडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने बताया कि 3 अक्टूबर मंगलवार को अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा म्यूजिकल हाउजी सभी के लिए एवं महिला मंडल के द्वारा डांस (युगल नृत्य ) वर्ग अ कक्षा 6 से ऊपर की बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए व वर्ग ब में सभी महिलाओं के लिए 4 अक्टूबर को आयोजित की जायेगी।

## पनिका समाज के प्रमोद अध्यक्ष चुने गए



कोरबा-बालकोनगर, 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। बालको नगर में पनिका समाज का समाजिक चुनाव सम्पन्न हुआ। प्रमोद मानिकपुरी अध्यक्ष चुने गए। चुनाव पश्चात कोरबा सांसद प्रतिनिधि पोषक दास महंत एवं नवनियुक्त छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के प्रदेश सचिव फूल दास महंत का स्वागत किये। पोषक दास महंत ने कहा कि समाज के सभी लोगों को संगठित होने की जरूरत है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पोषक दास ने बधाई देते हुए कहा किक समाज के छोटे-बड़े कार्यक्रम में कोरबा संसद श्रीमती ज्योत्सना महंत का बराबर सहयोग मिला है

## राजीव ऑडिटोरियम में आज होगा अजीमुश्शान जलसा

**कोरबा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर सुन्नी मुस्लिम जमात द्वारा 3 अक्टूबर को अजीमुश्शान जलसे का आयोजन रखा गया है। टीपी नगर इंदिरा स्टेडियम राजीव गांधी ऑडिटोरियम में रात 9 बजे से आयोजित जलसे की सदारत शहर काज़ी अल्हाज कारी सैय्यद सब्बीर अहमद असरफी करेंगे। जलसे में शहजादा -ऐ- सिमना हज़रत अल्लामा मौलाना मुफ्ती सैय्यद राशिद मक्की मिया साहब किबला किछौछा शरीफ (यूपी) से तशरीफ़ ला रहे है इनकी नूरानी तकरीर होगी ,साथ ही शायरे इस्लाम रईस अनीस शाबरी (यूपी) बिजनौर से आ रहे है, शायरे इस्लाम जैनुल आबेदीन कानपुर से और जीशान मथुरावी कलकत्ता से आ रहे है। सुन्नी मुस्लिम जमात के सदर हाजी अखलाक खान असरफी ,जनरल सेक्रेटरी जुम्मन खान रिज़्वी, सेक्रेटरी सैयद असपाक अली , महबूब खान ,हकीम खान,इसहाक रिज़्वी(बाबा खान),अजीम कुरैसी , एल्डरमैन आरिफ खान, इमरान खान (राजा) सरवर हुसैन खान,असरफी अली, अनवर रज़ा,अकरम खान,दानिश,नवाब, सहित जमात के सभी मेम्बरों व सदस्यों ने समाज के लोगो से अपील की है कि इस जलसे में ज्यादा से ज्यादा तादाद में आये और जलसे को कामयाब बनाये।

# घोषणा पत्र पर विश्वास नहीं, हमने शपथ पत्र में किए हैं 10 वादे - अमित

**कोरबा,** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रलिया में आयोजित विधानसभा स्तरीय जोगी कप क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन सामारोह में मुख्य अतिथि बतौर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी शामिल हुए। श्री जोगी द्वारा विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अमित जोगी ने कहा कि सामने चुनाव है और प्रदेश की दोनों पार्टी द्वारा हमेशा की तरह घोषणा पत्र जारी किया जा रहा है किन्तु मैं घोषणा पत्र में विश्वास नहीं करता। मेरे द्वारा शपथ पत्र दिया जा रहा है जिसमें प्रदेश के विकास हेतु एवं आम लोगों की सुविधाओं को लेकर 10 वादे किए गये हैं। सरकार बनने के बाद इसे पूरा नहीं करूंगा तो कोई भी व्यक्ति मुझे कोर्ट में ले जाकर 2 वर्ष की सजा दिलवा सकता है। अमित ने कहा कि हमारी सरकार बनी तो शराब दुकान बंद कर दूध की दुकान चालू करेंगे।



इससे पूर्व ग्राम भिलाई बाजार से पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बाईक रैली के साथ अमित जोगी का स्वागत किया व ग्राम रलिया पहुंचे। क्रिकेट प्रतियोगिता में हरदी बाजार की टीम ने प्रथम पुरस्कार जीता जिसे 51 हजार रुपए नगद व शील्ड प्रदान किया गया। द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम तिवरता एवं जावाली को 21 हजार व 11 हजार रुपए के साथ शील्ड भेंट किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव रायगढ़ प्रभारी दीपनारायण सोनी, कोरबा जिला प्रभारी पवन अग्रवाल, शहर जिलाध्यक्ष वैभव शर्मा, ग्रामीण जिलाध्यक्ष बालमुंकुद राठिया, युवा जिलाध्यक्ष साजू एलेक्स, विन्नीराव सेलार, गोविंद शर्मा एवं आयोजन समिति के राजेन्द्र पटेल, विकास राठौर, विष्णु बिंझवार, संतोष पटेल, रवि राय, मुकेश राठौर, इन्द्रापाल, हितेश, नीलू तनवर, प्रकाश कंवर एवं संजू सहित कार्यकर्ता सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई गई

## सार-संक्षेप

### बापू की प्रतिमा पर कलेक्टर ने की पुष्पांजलि



**कोरिया** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के अवसर पर कलेक्टरेट परिसर स्थित बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में फूल माल्यर्पण जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने की। इस दौरान अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। श्री लंगेह ने कहा कि बापू की सत्य-शांति-अहिंसा के मार्ग को अपने मन-वचन में धारण कर जिला व राज्य के विकास में योगदान दें । बता दें महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के खिलाफ सत्य और अहिंसा के मूलमंत्र के बदौलत ही देश को आजाद कराने के लिए संघर्ष किया और अंतत: भारत देश को स्वतंत्रता मिली।

### केबी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान




**चिरमिरी** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। के. बी. पटेल कॉलेज (बी. एड. विभाग) के विद्यार्थियो के द्वारा राष्टपिता महात्मा गांधी जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित किए गए स्वच्छता सेवा व निकाली गई यह रैली शासकीय अस्पताल से लेकर नागपुर तिराहे तक निकाली गई। नुक्कड नाटक के माध्यम से वहां के शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों से आए जनों को स्वच्छता के प्रति अवगत कराया। विश्वजीत बारिक और नम्रता पटेल के मार्गदर्शन में यह नुक्कड़ नाटक व रैली का सफल आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राचार्या मंजुलता कश्यप ने आई क्यू ए सी प्रभारी कविता तिर्की, नैक प्रभारी श्रीमती जुनू सहगल एवम एन. एस. एस. प्रभारी के द्वारा रैली व नुक्कड़ नाटक का संचालन को सफल बनाया गया।

### मन को नियंत्रित करने में योग सर्वोत्तम साधन - संजय गिरि



**एमसीबी** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व विधाता परमेश्वर नें जिस तत्व से इस ब्रम्हाण्ड की रचना की, उसी मूलतत्व से सारा संसार उत्पन्न होता है। मूलतत्व के साथ उस चैतन्य (आत्मा) का जो संपर्क होता है, वह संयुक्त होने की क्रिया सभी प्राणियों के जीवन के रूप में परिणत हो जाती है। इसलिए आंतरिक ऊर्जा के विकास के लिए सभी को इस योग विज्ञान को अपनाना चाहिए क्योंकि यह सबको सर्वविध आनंद व सुख देने वाला है। उक्त बातें योग सेवक संजय गिरि नें बीते रविवार को मनेन्द्रगढ़ में सैकड़ों फ़ीट ऊपर पहाड़ी पर अवस्थित सिद्धबाबा मंदिर में प्रथम योगी आदि योगी भगवान शिव की पूजा- अर्चना के उपरांत परिसर में महिला पतंजलि के तत्वाधान में आयोजित योगाभ्यास के दौरान कही।

### हमर अस्पताल का विधायक ने किया भूमिपूजन



**चिरमिरी** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वार्ड क्रमांक 38 डोमनहिल फुटबॉल ग्राउंड में हमर अस्पताल का भूमिपूजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल, कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में महापौर श्रीमती कंचन जायसवाल, विशिष्ट अतिथि श्रीमती गायत्री बिरहा तथा एमआईसी सदस्य एडरमैन एवं पार्षद गणों की गरिमा में उपस्थिति में संपन्न हुआ ।

### मारपीट के तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**रायगढ़** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। 29 सितंबर की रात सत्तीगुड़ी चैक पर कुछ युवकों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट का फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। प्रार्थी आहत अजय दास मानिकपुरी पिता जगत दास उम्र 23 साल निवासी कोतरारोड कल्लू पान ठेला के पास थाना कोतवाली रायगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया की 29 सितंबर के शाम अपने मोहल्ले का गणेश विसर्जन करने विजयपुर जा रहा था इस दौरान सागर विश्वकर्मा व उसके साथियों ने मारपीट की। आहत के रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध अपहरण, हत्या का प्रयास, बलवा की सुसंगत धाराओं में अपाध दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी किया गया। आरोपी गिरफ्तारी के डर से फरार थे जिनकी लगातार कोतवाली पुलिस गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी जिनमें तीन आरोपियों को खरसिया क्षेत्र में देखे जाने की सूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा छापेमारी कर तीन आरोपी वास्तव सिंह ठाकुर, सागर विश्वकर्मा और उसके साथी अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया।

### शहर में स्वच्छता अभियान को दिया जायेगा नया स्वरूप - कलेक्टर

**अम्बिकापुर** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में 02 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उन्हें स्मरण करते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के समापन पर अंबिकापुर शहर में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। गांधी चौक से शुरू हुई स्वच्छता रैली राजमोहिनी भवन तक आयोजित की गई। इस अवसर पर बीस सूत्रीय कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष एवं नगर निगम सभापति श्री अजय अग्रवाल एवं कलेक्टर श्री कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा, एमआईसी सदस्य श्री द्वितेंद्र मिश्रा, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिले के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, सफाई मित्र, स्वच्छता दीदियां तथा बड़ी संख्या मे नगरवासियों ने रैली में भाग लेकर स्वच्छता का संदेश दिया। 16 सितम्बर से जारी स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतिम दिन आज स्वच्छता रैली के साथ स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों के सम्मान समारोह का आयोजन राजमाता राजमोहिनी देवी भवन में किया गया।

इस अवसर पर सभापति नगर निगम श्री अजय अग्रवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता शब्द छोटा है पर इसका सार बहुत बड़ा है। स्वच्छता आज दुनिया के लिए सबसे बड़ा चिंता का विषय है। हमने अपने शहर गली की सफाई की। हमें अपने दिल को भी साफ करना होगा। हमें स्वयं को, अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना चाहिए। यह आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। महात्मा गांधी स्वयं कुष्ठ रोगियों को सेवा करते रहे। इसी तरह श्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन भी हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में स्वच्छता को लेकर अंबिकापुर की पहचान बनी है और निरंतर इस अभियान को अंबिकापुर में सक्रिय रखा गया है। स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों की मेहनत के साथ जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन ने अंबिकापुर की इस पहचान को बनाए रखने भूमिका निभाई और नागरिकों की सहभागिता से हमारी यह पहचान बनी है। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने इस अवसर पर कहा कि आज देश के दो महापुरुषों की जयंती है जिनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। जब भी मानवीय मूल्यों और सिद्धांतों की बात आती है तब हम इनकी शिक्षा की बात करते है। उन्होंने कहा कि अहिंसा इतनी मजबूत भावना है कि पूरे विश्व में उन मूल्यों को याद किया जाता है। इसके साथ ही स्वच्छता का मूल मंत्र भी महात्मा गांधी ने दिया। श्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन भी हम सभी को बेहतर कार्य करने प्रेरित करता है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन समारोह पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता के मूलमंत्र के साथ अंबिकापुर में अभियान की शुरुआत हुई और स्वच्छता को धन से जोड़ा। अंबिकापुर की आज स्वच्छता के क्षेत्र में जो पहचान है, वो स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों की वजह से ही है, आप सभी को नमन, आपका काम बहुत महान और पुनीत है। आने वाले समय में स्वच्छता अभियान को अंबिकापुर में नया स्वरूप देने काम किया जायेगा।

एसपी श्री सुनील शर्मा ने सभी को अपने आसपास स्वच्छता रखते हुए स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों की मदद करने प्रेरित किया। उन्होंने स्वच्छता मित्रों और दीदियों की सराहना करते हुए जिले को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देने आभार प्रकट किया। इसी तरह एमआईसी सदस्य श्री द्वितेंद्र मिश्र, पार्षद श्री आलोक दुबे, मधुसूदन शुक्ला सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा किए।



### महात्मा गांधी व शास्त्री को कलेक्टर, एसपी ने किया नमन

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जिला कलेक्टरेट कार्यालय परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर कलेक्टर श्री कुन्दन एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा सहित जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन और पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री एएल ध्रुव, श्री टेकचंद अग्रवाल, श्री सुनील नायक ,एसडीएम अम्बिकापुर श्रीमती पूजा बंसल सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वच्छता दीदियों का सम्मान




इस दौरान नगर निगम अंतर्गत कार्यरत 1` सफाई मित्र, 1` स्वच्छता दीदी एवं 5 एनयूएलएम की सीआरपी एवं समूह के सदस्यों को स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया। अंबिकापुर निगम क्षेत्र में 2 एसएलआरएम केन्द्रों में 48 स्वच्छता दीदी कार्य कर रही है, इन केंद्र के माध्यम से नगर के समस्त वार्डो में डोर टू डोर संग्रहण एवं कचरे का निपटान हो रहा है। वर्तमान में दीदियो को यूजर चार्ज से 15 से 16 लाख प्रतिमाह एवं कचरा विक्रय से 1` से 12 लाख प्रतिमाह आय प्राप्त हो रही है, नगर में 157 सफाई मित्रों द्वार नगर सफाई का कार्य किया जाता है। इस अवसर पर निगम द्वारा बनाये गये स्वच्छता गीत हमने है पाया करके दिखाया स्वच्छता को दिल में हमेशा बसाया लॉन्च किया गया। इस गीत को स्थानीय गायक स्वप्निल जायसवाल द्वारा गाया गया है। 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में किये गये स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम- 16 सितंबर से शुरू हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान अन्तर्गत स्वच्छता लीग 2. में नगर पालिक निगम अंबिकापुर द्वारा अम्बिकापुर एवेंजर्स टीम के रूप में भाग लिया गया। स्वच्छता ही सेवा की शपथ, स्वच्छता रैली, सफाई अभियान एवं प्लॉगिंग ड्राइव का आयोजन किया गया। इसी प्रकार सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के माध्यम से समस्त सफाई मित्र का पूर्ण स्वास्थ्य जांच,आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, दीनदयाल अन्त्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, सफाई मित्र सुरक्षा उपकरणों का प्रशिक्षण, श्रम कल्याण योजना, मुख्यमंत्री मितान योजना आदि योजना का शिविर लगाकर सफाई मित्रो को लाभान्वित किया गया।

## लापता युवक की खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश

**रायगढ़** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। खेत में लाश मिलने का मामला प्रकाश में आया है। घटना का सच जानने पुलिस ने पोस्टमार्टम कराई गई है। शहर के जूटमिल थानांतर्गत जब ग्राम आमापाली के धान के खेत में एक युवक की संदिग्ध हालत मे लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई है। पानी भरे खेत में पड़े शव को देखने भीड़ लगने पर कोटवार ने इसकी सूचना थाने में दी। लाश मिलने की भनक लगते ही हरकत में आई पुलिस ने पर जाकर निरीक्षण करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की तो मृतक की पहचान ग्राम आमापाली में रहने वाले संतोष प्रजापति आत्मज कामता प्रसाद 23 वर्ष के तौर पर हुई। वर्दीधारियों ने प्रजापति परिवार को बुलाकर बीते बुधवार से घरवालों को बिना बताए ऐसे निकला कि खोजबीन के बाद भी उसके नहीं मिलने पर परिजनों ने जूटमिल थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट भी दर्ज कराया। दो रोज से लापता युवक की लाश आखिर खेत में कैसे मिली इसे लेकर संदेह जताया जा रहा है। उसने खुदकुशी की या मामला किसी अनहोनी से जुड़ा है, इसके खुलासे के लिए जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराने वाली जूटमिल पुलिस मर्ग कायम कर जांच पड़ताल में जुट गई है इस बीच आज मृतक के परिजन और भारी संख्या में ग्रामीण, सरपंच, कोटवार सहित दो दर्जन से अधिक महिला पुरुष मृतक युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने जुटमिल थाने पहुंचे।



मृतक के पीड़ित मां ने अपनी लिखित शिकायत में उल्लेख किया है कि उसके पुत्र संतोष का गाँव के ही एक लड़की से कुछ वर्षो से प्रेम संबंध चल रहा था जिसे अधिकांश ग्रामीण भली भांति जानते है। उसका पुत्र परिजनों की गैर जानकारी में उक्त लड़की को समय समय पर रुपयों का भी डिमाण्ड पूरा करता आ रहा था जिसकी जानकारी कुछ ग्रामीणों से मिली जिससे परिवार द्वारा मेरे पुत्र को समझाया गया था और पुत्र का इस बीच अन्य सामाजिक लड़की से विवाह तय हो गया था।

## वीडियो निगरानी टीम की लगाई गई ड्यूटी

**अम्बिकापुर** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के निर्वाचन कार्यों के सुचारू रूप से संचालन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विडियो निगरानी टीम यानी वीडियो सर्विलांस टीम का कार्य सम्पादन करने हेतु नियुक्त क्या गया है। साथ ही सभी दलों के साथ एक वीडियोग्राफर की नियुक्ति की गई है। वीडियो निगरानी टीम में सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र हेतु विधानसभा क्षेत्र 07 लुण्ड्रा के दल क्रमांक 1 के लिए शासकीय राजीव गांधी पीजी कॉलेज के प्राध्यापक श्री प्रदीप कुमार एक्का, दल क्रमांक 2 के लिए शासकीय राजीव गांधी पीजी कॉलेज के प्राध्यापक श्री श्री ए. के. केरकेट्टा प्राध्यापक, दल 3 के लिए शासकीय राजीव गांधी पीजी कॉलेज के प्राध्यापक श्री अरविन्द कुमार गौर, दल क्रमांक 4 के लिए शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री डॉ. मो. खालिद हुसैन, दल 5 के लिए शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री संतोष एक्का, दल 6 के शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डॉ. अनिल कुमार सिन्हा की ड्यूटी लगाई गई है।

## भाई को न्याय दिलाने में सफल हुई बहन

**रायगढ़** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। कार्य के दौरान विद्युत करंट लगने से घायल भाई को न्याय दिलाने आमरण अनशन पर बैठी बहन ने अखिरकार लिखित आश्वासन के बाद अपना अनशन समाप्त कर दिया है।



करंट की चपेट में घायल हुए विद्युतकर्मी सुरेंद्र सिदार की बहन रंजीता सिदार ने अपने भाई को उचित न्याय दिलाने 30 सितंबर से अग्रसेन भवन सरिया के पास आमरण अनशन का रास्ता अख्तियार कर लिया था। वहीं 28 सितंबर से अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर जनता कांग्रेस जोगी ने भी विरोध प्रदर्शन जारी रखा था साथ ही रंजीता के अनशन को भी समर्थन दिया था,जो आज मिले आश्वासन के बाद समाप्त किया गया। दरअसल यह मामला विद्युत विभाग सरिया का है। 13 फरवरी को विद्युत विभाग सरिया के ठेकेदार के अंडर वार्ड क्रमांक 15 निवासी सुरेंद्र सिदार कार्य के दौरान करंट की चपेट में आकर घायल हो गया था,उसका इलाज रायगढ़ और रायपुर में किया गया लेकिन बहन रंजीता का आरोप है कि इलाज के लिए जो सहयोग उन्हे मिलना था,वह नहीं मिला। बल्कि घायल भाई के के लिए बहन ने ही राशि जुटा कर उपचार कराया। ठेकेदार द्वारा सहायता करने का आश्वासन दिया गया लेकिन आश्वासन के अनुसार घायल परिवार को खर्च की राशि नहीं दी गई। यहां तक कि कई बार संबंधित ठेकेदार एवं विद्युत विभाग की उच्च अधिकारियों से फरियाद की गई,लेकिन किसी भी प्रकार की मदद की उम्मीद नजर नहीं आने पर नहीं पर रंजीता ने अपने भाई को न्याय दिलाने के लिए आमरण अनशन का सहारा लिया

छत्तीसगढ जनता कांग्रेस जोगी ने भी जनहित के दो मुद्दों और सुरेंद्र सिदार को न्याय दिलाने रंजीता को अपना समर्थन दिया है। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला अध्यक्ष जयप्रकाश सोनी ने सुरेंद्र सिदार के मामला तथा क्षेत्र के दो अन्य जनहित मामले को लेकर 28 सितंबर से अग्रसेन भवन के शासन प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन जारी रखा।

## डीआईजी रामगोपाल ने उठाया झाड़ू

**रायगढ़** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस रेंज रायगढ़ के डीआईजी राम गोपाल गर्ग अपने अधीनस्थों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। गंभीर किस्म के अपराध हो या कोई लाइन ऑर्डर, उनके कार्य करने के तरीके और उनके अनुभव का हमेशा उनके लाभ अधिनस्थों को मिलता है। पुलिसिंग के साथ ही डीआईजी रामगोपाल गर्ग की सामाजिक कार्यों में भी विशेष भागीदारी रहती है। वे अक्सर सोशल पुलिसिंग के कार्य के जरिए अपने अधिनस्थों के लिए उदाहरण पेश करते हैं।



01 अक्टूबर को राष्टपिता महात्मा गांधी की जयंती के पूर्व देश स्वच्छता ही सेवा अभियान मना रहा था, इस अभियान में उन्होंने अपनी पूर्ण सहभागिता दर्ज करायी। कल सुबह जब उनके कार्यालय के स्टाफ कार्यालय परिसर की सफाई में जुटे हुए थे। वे कार्यालय पहुंचते ही एक झाड़ू लेकर अपने स्टाफ के कार्यालय परिसर की साफ-सफाई में जुट गए फिर पूरे परिसर की साफ-सफाई कराये और उन्होंने अपने स्टाफ से कहा कि स्वच्छता, सकारात्मक भाव लाता है, घर और कार्यालय जहां हम काफी समय व्यतीत करते हैं, उसकी साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। कार्यालय परिसर की साफ सफाई पूर्ण होने के पश्चात उन्होंने अपने अधीनस्थ स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाए। उन्होंने बताया कि श्रमदान, स्वच्छता का सबसे बड़ा आधार है प्रतिदिन समय निकालकर स्वच्छता के लिए श्रमदान करें, एक पुलिसकर्मी को श्रमदान के लिये हमेशा आगे रहना चाहिये।

# चंवरपुर में अधेड़ की लाश मिली, हत्या का जुर्म दर्ज

**रायगढ़** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। लैलूंगा विकासखण्ड के चंवरपुर गांव के एक खेत में अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध लाश मिलने के मामले में जांच व पीएम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने हत्या का जुर्म दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार 27 सितंबर के शाम थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज को ग्राम चंवरपुर के खेत टिकरा में एक अधेड़ व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिला। सूचना पाकर तत्काल थाना प्रभारी लैलूंगा अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। जहां शव के निरीक्षण पर मृतक के शरीर में हाथ मुक्का एवं डंडे से मारपीट जैसे चोट के निशान देखा गया।

मृतक की शिनाख्त महाजन सिदार पिता स्व.समारू सिदार उम्र 60 वर्ष साकिन ग्राम सिहारधार गम्हार थाना लैलूंगा के रूप में हुआ। घटनास्थल पर मृतक का टार्च एवं एक जोड़ प्लास्टिक का जूता रखा हुआ था जिसे जप्त किया गया। लैलूंगा पुलिस द्वारा बिना नंबरी मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई पश्चात मृतक की मृत्यु का वास्तविक कारण का पता लगाने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।




थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा संदेहास्पद मर्ग की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी धरमजयगढ़ को दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा थाना प्रभारी को पीएमकर्ता चिकित्सक से शॉर्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त कर अग्रिम विधि अनुरूप निर्देश दिये गये। थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा मृतक के वारिसानों से पूछताछ करने पर वे बताये कि महाजन सिदार (मृतक) के घर 26 सितंबर को ग्राम चंवरपुर का रतन सोरेंग, उसकी पत्नी तथा भाई-बहू उसके घर आये थे। रतन सोरेंग की पत्नी शाम को वहीं सो गई थी जिसे छोड़ने महाजन सिदार को ग्राम चंवरपुर रतन के घर गया था और वापस नहीं आया।

शार्ट पीएम रिपोर्ट पर मृत्यु की प्रकृति हत्यात्मक पाये जाने पर 29 सितंबर को हत्या का अपराध दर्ज कर थाना प्रभारी द्वारा मृतक के चचेरे भाई एतवार सिदार से मिली जानकारी पर कड़ी से कड़ी को जोड़ते हुये ग्राम चंवरपुर के रतन सोरेंग, उसकी पत्नी और भाई-बहु से अलग-अलग पूछताछ किया गया जिसमें उनके बयान में विरोधाभाष आया, हिकमत अमली से पूछताछ करने पर वे बताएं कि तीनों 26 के सुबह ग्राम सिहारधार गए थे, जहां महाजन सिदार के घर सभी खाना पीना किये जिसके बाद रतन और उसकी भाई-बहू घर लौट आए, रतन की पत्नी वहीं सो गई। महाजन सिदार रात्रि करीब 9 बजे रतन की पत्नी को छोड़ने पैदल उसके घर गया। जहां रतन के घर में बैठकर सभी बातचीत कर रहे थे, तभी रतन का लड़का संतोष सोरेंग आया और बाहरी लोग (महाजन सिदार) को घर में बुलाते हो कहकर अपने माता पिता से झगड़ा विवाद करने लगा। झगड़ा को देखकर महाजन सिदार अपने घर जाने निकला, संतोष सोरेंग भी बांस का डंडा लेकर महाजन सिदार के पीछे-पीछे गया और रास्ते जंगल में डंडा और हाथ मुक्के से मारपीट कर महाजन सिदार की हत्या कर जंगल में शव को छोड़कर आ गया। आरोपी संतोष सोरेंग पिता रतन सोरेंग उम्र 24 साल निवासी चैलीटोंगरी चंवरपुर थाना लैलूंगा से पूछताछ कर उसने अपना गुनाह कबूल किया जिसके मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त बांस का पतला डंडा की जप्ती की गई है। आरोपी को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया, जहां से जेल वारंट पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के सुपरविजन में आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम, प्रधान आरक्षक जय शरण चंद्रा, सुमेश गोस्वामी एवं आरक्षक हेलारियुस तिर्की की अहम भूमिका रही है।

## सार-संक्षेप

### गांधी जयंती पर पालिका अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि



**खरसिया** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश पर भी आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नगर पालिका अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा ने सभी पार्षदों एवं एल्डरमैन के साथ गांधी चौक पर पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। महात्मा गांधी की जयंती के पूर्व नगर पालिका परिषद खरसिया द्वारा गांधी चौक स्थित गांधी प्रतिमा स्थल का जीर्णोद्धार रंग रोगन कर एवं स्टील रेलिंग लगाकर किया गया है इस दौरान राजेश सहीस,शकुंतला राठौर, श्वेता विश्वकर्मा, रिया श्रीवास्तव, हेमा अग्रवाल, अनुसुईया मेहर, अमिता राठौर, रेशम गभेल, परदेशी यादव, ज्योति सिदार, तथा एल्डरमैन हरिशंकर दर्शन, राजू सहीस, जमील कुरैशी, गणेश फोटवानी, परीक्षित राठौर, लाला राठौर, सन्यासी मेहर, गोवर्धन सिंह ठाकुर, सुनील विश्वकर्मा, दादू बघेल, हरीश शर्मा, वरुण शर्मा, अरुण अग्रवाल, कॉंग्रेस कार्यकर्ता एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारीयों तथा गण मान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

### शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया गांधी व शास्त्री जयंती



**सारंगढ** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह मनाया। महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई एनएसएस के स्वयंसेवको द्वारा किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर रा. से. यो. के प्रभारी एल एस पटेल (जिला संगठन सारंगढ़ बिलाईगढ़), हरे कृष्ण साहू (स्वामी आत्मानंद स्कूल सारंगढ़), शैल अजगल्ले (पूर्व एनएसएस अध्यक्ष) मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि गत वर्ष सरकार द्वारा गांधी जयंती के दिवस स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया था जिसका असर यह हुआ कि कॉलेजों में पढ़ने वाले युवा इस अभियान को गति देने सामने आ रहे है। गांधी स्वयं स्वच्छता के पथ पर थे वे दुनिया भर में कई नागरिक अधिकार आंदोलन उनके अहिंसक दृष्टिकोण से प्रभावित थे। राष्ट्र के प्रति उनके योगदान का जश्न मनाने के लिए, हर साल 2 अक्टूबर को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र भी इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मान्यता देता है। यह दिन शांति, सहिष्णुता, समझ और अहिंसा की संस्कृति को सुरक्षित करने के लक्ष्य के साथ अहिंसा की अवधारणा के सार्वभौमिक महत्व का सम्मान करता है। कार्यक्रम के अंत में रा. से. यो. के कार्यक्रम अधिकारी एल.एस. पटेल ने कहा कि देश के इतिहास में चुनौतीपूर्ण समय के दौरान सांप्रदायिक अहिंसा और शांति के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के बारे में जानकारी दी।

### कांग्रेस का भरोसे का सम्मेलन,मंत्री उमेश पटेल ने तैयारियों का लिया जायजा



**खरसिया** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोड़ातराई में होने वाले छत्तीसगढ़ सरकार के भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित छत्तीसगढ़ के कई मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेतागण सम्मिलित होंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री को सुनने के लिए सम्मेलन में एक लाख से अधिक जनमानस जुड़ने की संभावना है। भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए खरसिया विधायक एवं उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में आज दोपहर मंत्री उमेश पटेल कोड़ातराई कार्यक्रम स्थल पहुँचे जहां उन्होंने सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेते हुए वॉटरप्रूफ डोम, टेंट, मंचीय व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात और पार्किंग व्यवस्था, वाहनों के सुचारू आवागमन के लिए ट्रैफिक प्लान, आम नागरिकों की आवाजाही, पेयजल व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर जिला प्रशासन के अधिकारी, डीआईजी रामगोपाल गर्ग और एसएसपी सदानंद कुमार से आवश्यक चर्चा करते हुए जल्द से जल्द तैय्यारियों को पूर्ण करने के निर्देश देते हुए किसी प्रकार की कोई कमी नहीं करने की बात कही। आपको बता दें कि रायगढ़ में भरोसे का सम्मेलन को लेकर खरसिया विधानसभा सहित जिले के नागरिकों में उत्साह है।

### स्काई एलॉयज कम्पनी ने स्कूली बच्चों को बांटा स्वच्छता कीट

**खरसिया** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154वीं जयंती से पहले आज 1 अक्टूबर को देशभर में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। पर्यावरण व सामाजिक दायित्वो के लिए हमेशा तत्पर रहने वाली टेमटेमा स्थित स्काई एलॉयज कम्पनी द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए स्कूली बच्चों को स्वच्छता कीट वितरित किया गया। टेमटेमा सेन्द्रीपाली और कनमुरा गांव के स्कूलों में कम्पनी द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित करते हुए बापू की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। महाप्रबंधक संजय त्रिपाठी और दिग्विजय पटेल, एच आर विनय कुमार ने स्कूल में स्वच्छ जल की व्यवस्था के लिए आरओ मशीन सुपुर्द किया। अधिकारी द्वय ने बच्चों के साथ साथ ग्रामीणों को जीवन मे स्वच्छता जरूरी के मूलमन्त्र को आत्मसात करने पर जोर दिया। बच्चों को टॉवेल, ब्रश, सेनिटाइजर, साबुन, बिस्किट और अन्य सामान प्रदान करते हुए इस्तेमाल की बात कही। गांधी जयंती के पहले किए गए कम्पनी के स्वच्छता कार्यों को लेकर क्षेत्र में भूरी भूरी प्रशंसा हो रही है।

# गरीबों के बच्चे भी बोले अंग्रेजी,नही चाहती भाजपा

### ■ भरोसा यात्रा निकाल कांग्रेस ने किया गांधी और शास्त्री को नमन



**जाँजगीर चांपा** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जाँजगीर चाँपा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी ने भरोसा यात्रा निकाला जिसकी शुरुआत चाँपा के गांधी उद्यान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को नमन कर किया इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए हरप्रसादसाहू प्रभारी सचिव जाँजगीर चाँपा विधानसभा ने कहा कि भूपेश सरकार ने आम जनों का भरोसा जीत लिया है हर वर्ग के लिए हितैषी योजनाओं के साथ साथ ग़रीब बच्चे भी अंग्रेज़ी बोले और अच्छी शिक्षा ग्रहण करे इसलिए आत्मानंद अंग्रेज़ी स्कूल खोला है ये बाते भाजपाइयो को पसंद नही है वे छत्तीसगढ़ की जनता का विकास नही देख सकते है,मोतीलाल देवांगन पूर्व विधायक ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ का नाम भारत ही नही बल्कि पूरे विश्व में सम्मान से लिया जाता है आज देश के दो महान विभूतियों को नमन करते हुए भाजपाइयो को आड़े हाथो लिया और कहा कि महात्मा गांधी का सिर्फ़ नाम लेते है और उनकी विचारधारा को आत्मसात् नही करते है इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त सचिव रवि पाण्डेय ,रमेश पैगवार ज्योति किशन कश्यप, विष्णु विश्वकर्मा, व्यास कश्यप भगवान दास गढ़वाल ,रफीक सिद्दीकी विवेक सिसोदिया शिशिर द्विवेदी आभास बोस नागेंद्र गुप्ता महारथी बघेल प्रिंस शर्मा देवेश सिंह भुनेश्वर केसरवानी लोकेश राठोर किशन सोनी पुष्पेंद्र सिंह राजेश अग्रवाल चून्नू थवाईत कमलेश सिंह बाबा पंकज शुक्ला आकाश तिवारी हरदेव टंडन अखिलेश मिश्रा रामविलास राठौर उपकार सिंह ढिल्लों दीपक गुप्ता ब्लॉक अध्यक्ष गण अवधेश गुप्ता चिंताराम राठौर शत्रुघ्न दास महंत संतोष शर्मा सुनील साधवानी सेवादल देव पांडे अब्बास खान लता श्रीवास अंजुम अंसारी राजेंद्र देवांगन चांपा नगर से विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र से होकर नवागढ़ तक गांव के चौक चौराहे पर छत्तीसगढ़ सरकार के जनकल्याण नीतियों को आम जनता को अपने संबोधन में बताया और आने वाले समय में कांग्रेस को वोट देने की अपील की इस दौरान यात्रा जहां-जहां पहुंची वहां के वरिष्ठ जनों का गमछा बनाकर स्वागत किया गया कांग्रेस सरकार के कार्य से प्रभावित होकर भुवनेश्वर केसरवानी के नेतृत्व में कई युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्दीकी एवं आभार जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता ने किया भरोसा यात्रा में लोचन साव सेवकबुटु देवांगन रामकुमार यादव राधे थवाईत उपेंद्र तिवारी पवन चतुर्वेदी दिनेश पांडे बलदेव साहू रामगोपाल यादव गोविंद कश्यप सोहन डहरिया संतोष साहू तेरस साहू वाहिद खान रामनिवास पांडे सुरेश देवांगन तमिंद्र देवांगन जफर अंसारी विष्णु गड़ा राम बाई स्वर्णकार मंजू राठौर कैरोलीन भेंगरा परमेश्वर राठौर श्रीमती शांति सोनी समद खान बंटी सलूजा राजकुमार सोनी नारायण सोनी रितेश शर्मा राज अग्रवाल अनिल मोदी हाजी हनीफ खान अनिल मोदी सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए।

# सकराली से बुढ़ा पुरेना के बीच नाले पर बन रहे स्टॉप डेम में भ्रष्टाचार!

### अधिकारी ठेकेदार हो रहे मालामाल

**डभरा**, 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के तहसील डभरा के अंतर्गत ग्राम सकराली से बुढ़ा पुरेना के बीच नाले में बन रहे स्टॉप डेम के निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार की जा रही है। इस डेम का निर्माण कार्य जल संसाधन विभाग द्वारा कराया जा रहा है परंतु जल संसाधन विभाग एवं ठेकेदार द्वारा लागत राशि एवं विवरण का सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। स्टॉप डेम निर्माण कार्य में जल संसाधन विभाग के आला अफसरों एवं ठेकेदार की मिलीभगत से 3 करोड़ से अधिक राशि के लागत से निर्मित स्टॉप डेम में भारी गड़बड़झाला किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ सरकार के जल संसाधन विभाग द्वारा तहसील डभरा क्षेत्र के ग्राम सकराली से बुढ़ा पुरेना के बीच नाले पर 3 करोड़ से अधिक राशि की स्टॉप डैम का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें विभागीय अधिकारियों एवं ठेकेदार के द्वारा नियम कायदे को ताक में रखकर स्टॉप डेम का निर्माण कराया जा रहा है गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य होने के कारण स्टॉप डेम में छड़ की मात्रा कम एवं कम सीमेंट का उपयोग किया गया है। बताया जा रहा है कि स्टॉप डेम का निर्माण पेटी ठेकेदारों द्वारा बिना इंजीनियर के देखरेख में कराया गया है। तीन करोड़ रुपए के अधिक की राशि होने के बाद भी जल संसाधन विभाग एवं ठेकेदार द्वारा सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया है। स्टॉप डेम निर्माण से ग्रामीणों को इससे कोई फायदा नहीं मिलेगा क्योंकि स्टॉप डेम की ऊंचाई कम है, इसमें पानी कम रुकेगा, स्टॉप डेम के आस पास नाला किनारे किसानों के जमीन पानी के बहाव में धंस रही है। क्योंकि ठेकेदार एवं विभाग द्वारा स्टाप डैम के ऊपर एवं नीचे नाला किनारे में रिटर्निंग वॉल नहीं बनाया गया है। बारिश के तेज बहाव में किसानों की जमीन तेज बहाव से धंस रही है। स्टॉप डैम का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। स्टाप डैम के दोनों तरफ आवागम वाले सड़कों पर सीसी रोड का निर्माण नहीं कराया गया है जिस कारण ग्राम सकराली एवं बुढ़ा पुरेना के ग्रामीणों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वैसे ही चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कवली के नाले के पास एक करोड़ से अधिक की राशि का स्टाफ डेम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। निर्माण कार्य में भारी भर्राशाही की गई है। इस निर्माण कार्य में अफसर एवं ठेकेदार मालामाल हो रहे तो किसानों के उम्मीदों पर पानी फेर रहे हैं





### लोगों के लिए बढ़ गई है मुश्किलें

स्टॉप डेम का निर्माण गुणवत्ताविहीन कराया गया है जिस कारण अभी बारिश के दिनों में आवागमन के जो रास्ते थे उसे इतना खराब कर दिया गया है कि बारिश के दिनों में पुरेना के ग्रामीण सकराली होते हुए ब्लॉक मुख्यालय आना जाना ही नहीं कर पा रहे हैं। यहां तक की आसपास गांव के छात्र-छात्राएं पढ़ने के लिए डभरा कॉलेज, हाईस्कूल एवं सकराली हायर सेकंडरी स्कूल में पढ़ाई करने आते हैं उनके लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है,वही इस रास्ते पर मरीजों को भी लाना मुश्किल हो गया है जो रास्ते में मिट्टी डाल देने से दोपहिया वाहन व पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। विभागीय अधिकारियों को कई बार बोल चुके हैं इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### किसानों को कोई फायदा नहीं होगा

इस बारे में ग्राम सकराली के ग्रामीण लोकनाथ श्रीवास एवं एनसीपी युवा नेता शिवचंद नारंगे ने कहा कि सकराली से पुरेना के बीच नाला में बन रहे स्टॉप डैम निर्माण कार्य में ठेकेदार एवं विभाग द्वारा भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है नियम विरुद्ध निर्माण कार्य कराया जा रहा है इस स्टाप डैम निर्माण कार्य से किसानों को कोई फायदा नहीं होगा बल्कि किसानों का जमीन तेज बहाव से कटाव हो रहा है जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं इंजीनियर ठेकेदार नियम कायदे को ताक में रख कर गुणवत्ताविहीन निर्माण कराया जा रहा है।

**इस संबंध में जल संसाधन विभाग संभाग जांजगीर के कार्यपालन अभियंता होमेश नायक ने कहा कि स्टाप डैम निर्माण कार्य ठीक से चल रहा है निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ इंजीनियर के देखरेख में कराया जा रहा है स्टाप डैम का निर्माण कार्य प्रगति पर है।**

### भारी भ्रष्टाचार

इस संबंध में भाजपा युवा नेता आलोक पटेल ने कहा कि चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के कई नालों में स्टॉप डेम निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार की जा रही है। ठेकेदार एवं अधिकारियों की मिलीभगत से स्टॉप डेम का निर्माण गुणवत्ताविहीन किया गया है। ग्राम सकराली से पुरेना के बीच नाले में बनाए गए स्टॉप डेम निर्माण कार्य में भी गड़बड़झाला किया गया है।

### फर्जी पुलिस बनकर 50 हजार की धोखाधड़ी

**जांजगीर**, 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। जांजगीर पुलिस कर्मी बनकर मदद करने के बहाने भरोसा देकर बैंक से 50 हजार रुपए लेकर भागने वाले फर्जी पुलिसकर्मी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने किसान के खाते से निकाले पैसों से फ्रिज व एलईडी खरीदने की जानकारी दी है। आरोपी के पास से एलईडी और बाकी रकम 6600 रुपए भी पुलिस ने बरामद कर ली है। शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बेल्हा निवासी भरत लाल कश्यप (75 साल) पिता जय गोपाल कश्यप अपने खाते से पैसा निकालने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शिवरीनारायण गया था। यहां उसे विथड्रॉवल फॉर्म भर के पैसा निकालना था। उसकी मदद करने के लिए एक अनजान युवक आया और उसने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए बुजुर्ग की मदद करने का दावा किया। इस बहाने उसने पैसा निकालने के लिए फॉर्म में बुजुर्ग का हस्ताक्षर करा लिया और 50 हजार रुपए लेकर फरार हो गया। इस घटना की रिपोर्ट भरत लाल ने थाना में लिखाई थी। पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाला तो उसमें सोठी थाना सक्ती निवासी हरिशंकर डेंसिल उर्फ राहुल उम्र 31 दिखाई दिया। पूछताछ करने पर उसने फर्जीवाड़ा करना स्वीकार किया।

# पांच किलो गांजा व नगदी सहित विक्रेता पकड़ाया

**जांजगीर**, 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। 05 किलो 300 ग्राम गांजा एवं बिक्री रकम 8,640 रु. के साथ आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध 20(बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर भेजा गया न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

मामले पर पुलिस ने बताया कि 01 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना मिला कि बृजमोहन केशकर द्वारा अपने कब्जे में मादक पदार्थ गांजा रखा है, सूचना पर रेड कार्यवाही में पाया गया की आरोपी द्वारा अपने घर में एक नीले रंग का बैग जिसमें गांजा जैसा पदार्थ भरा रखा मिला। पूछने पर आरोपी द्वारा मादक पदार्थ गांजा होना तथा बैग को खोलकर देखने पर नगदी रकम 8,640 रू एवं 05 किलो 300 ग्राम गांजा होना पाया गया। आरोपी के कब्जे से बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 20 (बी)नारकोटिक्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान आरोपी बृजमोहन केसकर उम्र 43 वर्ष साकिन पचरी थाना अकलतरा के विरुद्ध अपराध धारा का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक तुलसिंह पटटवी, उप निरीक्षक लालन पटेल, सउनि अरूण कुमार सिंह, महिला प्रधान आरक्षक अनीता पाटले, आरक्षक प्रदीप दुबे, राघवेन्द्र धृतलहरे एवं साइबर टीम जांजगीर का सराहनीय योगदान रहा।

### महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर**, 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। 50 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ, बिक्री करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। मामले पर पुलिस ने बताया कि पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना अकलतरा पुलिस द्वारा थाना स्तर से टीम गठित किया गया था जिस 01अक्टूबर को मुखबीर सूचना मिला की आरोपी नमन उर्फ नवीन सिंह निवासी साबरिया डेरा कोटमीसोनार अपने घर में अवैध रूप से शराब बिक्री की जाती है। सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया, मौके पर आरोपी के कब्जे से जारिकेंन में रखे 50 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 5,000 रूपया को बरामद किया गया।

# अंतिम छोर के गांवों तक नहीं पहुंच रहा पानी

**जांजगीर**, 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के ग्राम पंचायत कुरियारी और तेंदुवा गांव के किसानों ने सिंचाई की समस्या को लेकर रविवार को बैठक की। टेल एरिया में सिंचाई के लिए नहर का पानी नहीं पहुंचने के चलते लोग परेशान हैं, इसी को लेकर बैठक में चर्चा की गई। मामला नवागढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र का है।



अंतिम छोर के गांवों तक नहर का पानी नहीं पहुंचने के कारण 2400 एकड़ में लगी धान की फसल बर्बाद होने की कगार पर है। सिंचाई की समस्या को लेकर कलेक्टर को अवगत कराया गया है, मगर अब तक किसी सिंचाई की सुविधा नहीं दी गई है। इसे लेकर किसानों ने बैठक में बात की। गांववालों ने कहा कि अगर सिंचाई की समस्या दूर नहीं की जाती है, तो आने वाले विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, नवागढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुरियारी और तेंदुवा जो कि अंतिम छोर के गांव हैं, यहां के किसानों को सिंचाई के लिए नहर का पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि 20-22 दिनों से टेल एरिया में नहर का पानी खेतों तक नहीं पहुंच रहा है। बरसात के पानी के भरोसे खेती की जा रही है। इधर खेत में लगी फसल तक पानी नहीं पहुंच पाने से 2400 एकड़ में लगी फसल को नुकसान हो रहा है। किसानों ने यह भी बताया कि अगर नहर का पानी पाइप के माध्यम से गांव के कांजी नाला के पास डेरहा तालाब तक पहुंचाई जाए, तो यहां से सिंचाई के लिए पानी मिल सकता है। मगर जिला प्रशासन इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। शासन-प्रशासन और जिला प्रशासन को आवेदन पत्र देने के बाद भी सिंचाई की सुविधा नहीं मिलने से लोग परेशान हैं। किसानों ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री को भी अपनी समस्याओं को लेकर पत्र दिया गया है, साथ ही कलेक्टर को भी जनदर्शन में समस्या की जानकारी दी गई है, लेकिन केवल आश्वासनों से ही काम चलाया जा रहा है।

# विस अध्यक्ष महंत ने किया भरोसे की यात्रा का शुभारंभ

### हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों का महंत ने जताया आभार





**सक्ती** 02 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत सक्ती जिले के ग्राम नगरदा में आज 2 अक्टूबर सोमवार को भरोसे की यात्रा का शुभारंभ महात्मा गांधी ,पंडित जवाहरलाल नेहरू के तैल चित्र पर धूप दीप एवं पूजा अर्चना के बाद शुभारंभ किया । इस यात्रा में हजारो की संख्या मे भीड जुटी है। कांग्रेस भरोसा यात्रा के तहत जन जन के नेता छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरण दास महन्त के उपस्थिति में मोटर साईकिल एवं कार रैली नगरदा से लगभग 10 किलोमीटर की लंबी दूरी तक ऐसा पहली बार देखने को मिला की कोई भी राजनीतिक रैली इतनी दूरी तक देखने को नहीं मिली थी यह भी हमारे विधानसभा क्षेत्र में रिकॉर्ड है यह रैली सक्ती मे कांग्रेस जिला कार्यालय तक आयोजित की गई जिला कॉंग्रेस के अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद चौबे उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने बताया कि विधानसभा सक्ती में कॉंग्रेस पार्टी के प्रदेश व जिला पदाधिकारीगण, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गण सेक्टर, जोन के अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, अनुसुचित जाति कांग्रेस, अनूसूचित जनजाति कांग्रेस, अल्पसंख्यक विभाग, सेवादल, राजीव युवा मितान के सदस्य, गौठान अध्यक्ष, शाला विकास समिति अध्यक्ष गण, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष गण एवं सभी आनुसंगिक संगठन के पदाधिकारी गण विशेष रूप से उपस्थित हुए हैं।

रैली नगरदा, कुरदा, सेंदरी, पुटेकेला, तुर्रीधाम, खैरा, बासीन, ड़ड़ई , अचानकपुर, असौदा, नवापारा, डोडकी, बगबुड़वा, कंचनपुर होकर सक्ती शहर भ्रमण के पश्चात बाराद्वार रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंची । यहां डॉ महन्त सभी कॉंग्रेस जनो से मिलें। रैली मे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल, जिला प्रतिनिधि गुलजार सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, नरेश गेवाडीन, आनंद अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, तनवीर कुरेशी, राहुल अग्रवाल, कमल शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, कन्हैया कंवर, संगीता सोनी, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिगंबर चौबे, जिला कांग्रेस महिला के अध्यक्ष गीता देवांगन, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष साधेशवर गबेल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महबूब खान, मंडी अध्यक्ष रूप नारायण साहू, जिला महामंत्री अमित राठौर, गुरुदेव चौधरी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव घनश्याम पांडेय, सरवन सिदार, जागेश्वर सिंह राज, राजीव जायसवाल, हेमंत सिंह, सरपंच तेज सिंह, राजकुमार चंद्र, ऋषि राय, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अमृत सोनहर, सरपंच संजय सिदार, डमरूधर साहू यशवंत साहू अलका जायसवाल विजय सूर्यवंशी, सहसराम कर्ष, नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा जायसवाल, रेशमा विजय सूर्यवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष राजेश राठौर, गिरधर जायसवाल, पिंटू ठाकुर, विशाल जांगड़े, रामेश्वर बरेट, सुरेश देवांगन, प्यारेलाल लाल पटेल, अध्यक्ष सेवादल, घनश्याम जायसवाल, लव सोनी, रामसजीवन देवांगन, गजाधर यादव, अशोक यादव, भवानी तिवारी, लाला सोनी, रिक्की सेवक, भुरू अग्रवाल, मनोज जायसवाल, पीयूष राय ,राहुल अग्रवाल संजय अग्रवाल (बिहारी )रथराम पटेल, अशोक यादव , अलका जायसवाल, गिरधर जायसवाल सहित हजारों की संख्या में कॉंग्रेस जन भरोसे की यात्रा रैली में उपस्थित रहे।

# देश विदेश

## मिस्त्र में पुलिस मुख्यालय में आग लगने से 25 घायल

**काहिरा।** मिस्त्र के स्वेज नहर शहर इस्माइलिया में एक सुरक्षा निदेशालय में सोमवार तड़के भीषण आग लगने से कम से कम 25 लोग घायल हो गए। सरकारी नाइल टीवी ने यह जानकारी दी। आग बुझाने के लिए स्थानीय नागरिक सुरक्षा और सशस्त्र बलों को तैनात किया गया है, जबकि आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चला है। इस बीच, घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में ले जाने के लिए 30 एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गयी हैं। रिपोर्ट में बताया है कि पुलिस मुख्यालय में लगी आग चौथी मंजिल तक पहुंची गयी है।

# तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने लिया नया संविधान बनाने का संकल्प

**अंकारा,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने संसद के नए कार्यकाल में एक नया संविधान बनाने का संकल्प लिया है। राष्ट्रपति ने सभी राजनीतिक दलों और समाज के सभी वर्गों को इस प्रयास में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

एर्दोगन ने संसद के नए विधायी वर्ष के उद्घाटन समारोह में एक भाषण में कहा, अब हमारे सामने एक नया कार्य और एक नया अवसर है। इसका उद्देश्य हमारे देश को एक नया और नागरिक संविधान देना है। उन्होंने कहा, हम सभी दलों, सभी सांसदों (संसद के सदस्यों), सभी सामाजिक वर्गों और इस मुद्दे पर अपनी राय और प्रस्ताव रखने वाले सभी लोगों को रचनात्मक समझ के साथ एक नए संविधान के आह्वान में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। एर्दोगन ने कहा कि उनकी सत्तारूढ़ जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी (एकेपी) संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए सभी प्रकार के समझौतों के लिए तैयार है, और वे अन्य राजनीतिक अभिनेताओं से भी इसी तरह के रचनात्मक दृष्टिकोण की उम्मीद करते हैं। एर्दोगन वर्तमान संविधान के स्थान पर एक नए संविधान पर जोर दे रहे हैं।



■ सभी राजनीतिक दलों और समाज के सभी वर्गों को इस प्रयास में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया

पुराना संविधान 1982 में अनुमोदित किया गया था और तब से इसमें 19 बार संशोधन किया गया है। 2017 में अंतिम संशोधन ने राष्ट्रपति प्रणाली की शुरुआत की और संसदीय प्रणाली को समाप्त कर दिया। 2003 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से एर्दोगन देश का नेतृत्व कर रहे हैं। वह 2017 में एक संवैधानिक जनमत संग्रह के बाद 2018 में तुर्की के पहले कार्यकारी राष्ट्रपति बने, जिसने तुर्की संसदीय प्रणाली को राष्ट्रपति प्रणाली में बदल दिया।

## तुर्की ने कुर्द विद्रोहियों के खिलाफ हवाई हमले किए शुरू

**अंकारा।** तुर्की सेना ने उत्तरी इराक में हवाई हमले किए और प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के 20 ठिकानों को नष्ट कर दिया। देश के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रविवार शाम मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि तुर्की के हवाई हमलों ने गारा, हाकुर्क, मेटिना और कंदील में पीकेके ठिकानों को निशाना बनाया। सैन्य अभियान रविवार सुबह दो हमलावरों द्वारा राजधानी अंकारा में तुर्की के आंतरिक मंत्रालय की इमारत के सामने बम हमले का प्रयास करने के बाद शुरू हुआ, जिसमें दो पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हो गए। आत्मघाती बम विस्फोट करने के बाद एक हमलावर की मौत हो गई, जबकि दूसरे को पुलिस ने गोली मार दी।

# जस्टिन ट्रूडो की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने की कोशिश शर्मनाक : मस्क



**सैन फ्रांसिस्को,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने सोमवार को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की अभिव्यक्ति की आजादी को कुचलने की कोशिश के लिए आलोचना की और इसे शर्मनाक बताया।

उन्होंने कनाडा सरकार द्वारा ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्मों के लिए पंजीकरण अनिवार्य करने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त की। लेखक-पत्रकार ग्लेन ग्रीनवाल्ड ने एक्स पर पोस्ट किया- दुनिया की सबसे दमनकारी ऑनलाइन सेंसरशिप योजनाओं में से एक से लैस कनाडाई सरकार ने घोषणा की है कि पॉडकास्ट की पेशकश करने वाली सभी ऑनलाइन स्ट्रीमिंग सेवाओं को अनुमति के लिए औपचारिक रूप से पंजीकृत होना चाहिए। ट्रूडो कनाडा में अभिव्यक्ति की आज़ादी को कुचलने की कोशिश कर रहे हैं। शर्मनाक। जब उनके एक अनुयायी ने पोस्ट किया कि ट्रूडो को अपना नाम बदलकर फाल्सेड्यू कर लेना चाहिए, तो टेक अरबपति ने रोते हुए चेहरे वाले इमोजी के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की।

ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्मों के लिए पंजीकरण अनिवार्य करने के बाद दी प्रतिक्रिया

## सुडोकू 6335


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 6 | 2 | | 3 |
| | 8 | | 3 | 7 | 5 | | | 1 |
| | 1 | | 8 | | | | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | | | | | | 6 |
| 6 | | | 5 | | 9 | | | 8 |
| 2 | | | | | | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | | | | 8 | | 3 | |
| 7 | | | 4 | 5 | 3 | | 6 | |
| 8 | | 3 | 9 | | 7 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6335



**बायें से दायें:-**

१. सम्मोहित
३. गणेश
५. गर्व, घमंड
६. प्राप्त, लब्ध (उर्दू)
७. श्रीकृष्ण के भाई
८. अंधाधुंध, लगातार
१३. आवरणहीन, उजागर (उर्दू)
१५. प्रारब्ध, भाग्य
१६. मददगार
१७. निखार, दीप्ति
१८. खिताब, पदवी
२०. दूसरों के साथ किया जाने वाला व्यवहार
२२. संतुलित नापतौल किया गया
२३. नई नवेली दुल्हन

**ऊपर से नीचे:-**

१. धीमी हँसी
२. गलतफहमी, भ्रम, भ्रांति (उर्दू)
३. अव्यवस्था, घपला
४. पत्थरबाजी
५. अल्पवयस्क, मासूम, निर्दोष
९. हठात्
१०. तहकीकात
११. सौर-मंडल का एक ग्रह
१२. नुमाइंदा
१४. नाक़ाबिलियत
१७. प्रकाशित, आलोकित (उर्दू)
१९. पृथ्वी, संबंधी
२०. विपत्ति, प्रेत-बाधा (उर्दू)
२१. कानन, विपिन

### वर्ग पहेली-6334

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | सं | तु | ष्ट | ■ | ■ | को | षा | ल | य |
| प | ■ | रं | ■ | बा | व | ला | ■ | ह | ■ |
| ला | ग | त | मू | ल्य | ■ | ह | र | जा | ना |
| भ | ■ | ■ | ■ | का | ज | ल | ■ | ■ | मु |
| ■ | अ | स्ता | च | ल | ■ | ■ | अं | त | रा |
| ■ | ग्र | ■ | रि | ■ | नि | य | ति | ■ | द |
| रा | ज | प | त्र | ■ | प | ■ | म | न | ■ |
| म | ■ | र | ■ | कं | ट | क | ■ | क | ■ |
| रा | घ | व | ■ | ग | ■ | टा | ल्स | टा | य |
| ज्य | ■ | श | य | न | क | क्ष | ■ | ■ | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 3 अक्टूबर , 2023 भाद्र आश्विन पक्ष 5**

### राशिफल

मेष -शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ स्वादिष्ट भोजन करने तथा आनंदपूर्वक समय व्यतीत करने का योग बनेगा। भविष्य के लिए आप बेहतर आर्थिक योजना बना सकेंगे। आपकी आय में वृद्धि होगी।

वृषभ -आज का दिन उत्साह और प्रसन्नतापूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहने से सुख और आनंद की अनुभूति होगी। सगे-संबंधियों या मित्रों से उपहार मिलेगा। कहीं घूमने जाना और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को खुशहाल बनाएगा।

मिथुन -आज संयमशील और विचारपूर्ण व्यवहार आपको बहुत से अनिष्टों से बचा लेंगे। आपके वाणी- व्यवहार से गलतफहमी पैदा न हो इस बात का ध्यान रखें। शारीरिक कष्ट, मन को भी अस्वस्थ बनाएंगे।

कर्क -आकस्मिक धन प्राप्ति का लाभ होगा। आज का दिन अत्यंत रोमांचक और आनंदप्रद बना रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यापारियों को मुनाफा वाले सौदे होंगे। पुत्र और पत्नी से लाभ होगा।

सिंह -आज का दिन नौकरी और व्यवसाय के लिए लाभदायक है। अपने काम से सभी को प्रभावित करेंगे। दृढ़ता और आत्मविश्वास के कारण अपने काम को अच्छी तरह से पूरा कर सकेंगे। अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे।

कन्या -आपका आज का दिन धार्मिक काम में व्यतीत होगा। किसी धार्मिक स्थान पर जा सकेंगे। विदेश जाने का अवसर मिलेगा। दोस्तों से लाभ मिलेगा। कार्यालय में उच्च अधिकारियों से बातचीत में सावधान रहें।

तुला -आज आपको अचानक आर्थिक लाभ होने की संभावना है। धार्मिक कामों और उसमें सफलता प्राप्ति के लिए समय उत्तम है। आपको अभी नए काम नहीं शुरू करना चाहिए। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक -आज आपके दैनिक काम में परिवर्तन हो सकेगा। आज पूरी तरह से मनोरंजन और मौजमस्ती के मूड़ में रहना चाहेंगे। मित्रों और परिवार के सदस्यों का साथ मिल सकेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

धनु -आज आपको वित्तीय लाभ हो सकेगा। नौकरी में लाभ और आय में वृद्धि होगी। सहकर्मियों से मदद मिलती रहेगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर-परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी।

मकर -आपको मानसिक भय और उलझन रहेगी, जिसके कारण आप को योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। संतान की चिंता हो सकती है।

कुंभ -मन में भय और सुस्ती के कारण आप निराशा का अनुभव करेंगे। परिवार में संघर्ष और निकटस्थ लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। समय पर भोजन नहीं मिल सकेगा। नींद नहीं ले पाएंगे। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

मीन -आज नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। भाइयों के साथ आनंद के पल गुजारेंगे। मानसिक स्वस्थता के साथ निर्णय ले सकेंगे। विरोधियों के समक्ष आपकी जीत होगी। किसी के साथ प्रेम संबंध में बंधने की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# सेना प्रमुख तंजानिया की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली**, 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए सोमवार को तंजानिया की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए। मंत्रालय ने कहा कि सेना प्रमुख की यात्रा दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए है। इसमें कहा गया है कि वह तंजानिया के कई गणमान्य व्यक्तियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा और बैठकों में शामिल होंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा, अपनी यात्रा के दौरान, सीओएएस के तंजानिया गणराज्य की राष्ट्रपति महामहिम सामिया सुलुहु हसन से मुलाकात करने की संभावना है। इसमें कहा गया कि सेना प्रमुख रक्षा मंत्री स्टरगोमेना लॉरेंस टैक्स और रक्षा बल के प्रमुख जनरल जैकब जॉन मकुंडा से भी मुलाकात करेंगे। इसमें कहा गया है कि सेना प्रमुख ज़ांज़ीबार का भी दौरा करेंगे जहां वह राष्ट्रपति हुसैन अली म्विनी से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा 101वीं इन्फैंट्री ब्रिगेड के कमांडर जनरल सैदी हामिसी सैदी के साथ बातचीत का भी कार्यक्रम है। जनरल मनोज पांडे राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज को भी संबोधित करेंगे और मेजर जनरल विल्बर्ट ऑगस्टीन इबुगे कमांडेंट और संकाय के साथ बातचीत करेंगे।

# मेक्सिको में चर्च की छत गिरने से नौ की मौत

**मेक्सिको सिटी,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। मैक्सिकन शहर स्यूदाद माडेरो में एक चर्च की छत गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई है और 40 अन्य घायल हो गए हैं। मैक्सिकन सार्वजनिक सुरक्षा सचिवालय के क्षेत्रीय विभाग द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। तमाउलिपास राज्य के सुरक्षा विभाग ने एक्स लिखा, इस हादसे में नौ लोगों की मौत और 40 के घायल होने की सूचना मिली है। आगे की जानकारी बचाव कार्य पूरा होने के बाद ही मिलेगी। मीडिया ने बताया कि बचावकर्मी अन्य 30 लोगों की तलाश कर रहे हैं जिनके मलबे में फंसे होने की आशंका हैं। क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग ने एक्स पर कहा, दस लोगों के मरने और 60 के घायल होने की सूचना है, जिनमें से 23 को अस्पताल ले जाया गया। दो लोगों की हालत नाजुक है।



## मेक्सिको में सड़क दुर्घटना में 10 क्यूबाई प्रवासियों की मौत

मेक्सिको सिटी। क्यूबा के 27 नागरिकों को ले जा रहा एक मालवाहक ट्रक दक्षिण मेक्सिको के सीमावर्ती राज्य चियापास में पलट गया। जिससे उसमें सवार 10 महिलाओं की मौत हो गई और 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। नेशनल माइग्रेशन इंस्टीट्यूट ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि पिजिजियापान-टोनाला राजमार्ग के तटीय क्षेत्र में सुबह-सुबह यह दुर्घटना हुई। बताया गया है कि, प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, चालक तेज गति से गाड़ी चला रहा था, उसने इकाई पर नियंत्रण खो दिया और पलट गई।

# जिम्बाब्वे विमान दुर्घटना में भारतीय व्यवसायी, बेटे सहित छह की मौत

**हरारे**, 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे में सोना, हीरे और कोयला खनन में रुचि रखने वाले भारतीय अरबपति और उनका बेटा उन छह व्यक्तियों में शामिल थे, जिनकी विमान दुर्घटना में जान चली गई।



सरकारी संडे टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, एकीकृत खनन और धातुकर्म कंपनी रियोजिम के मालिक हरपाल रंधावा 29 सितंबर को राजधानी हरारे से दक्षिण-पश्चिमी जिम्बाब्वे में मुरोवा हीरा खदान के लिए उड़ान भर रहे थे, जब विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने कहा कि विमान, जो कथित तौर पर रियोजिम का था, माशावा के ज़्वामांडे इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी छह लोग मारे गए, जिसमें चार विदेशी और दो जिम्बाब्वे के लोग शामिल थे। ऐसा संदेह है कि यह दुर्घटना किसी यांत्रिक खराबी के कारण हुई है। पुलिस ने कहा, जिम्बाब्वे पुलिस ने एक विमान दुर्घटना की रिपोर्ट दी है, जो 29 सितंबर को सुबह 7.30 से 8 बजे के बीच हुई, जिसमें छह लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा, व्हाइट और रेड जकैम विमान सुबह 6 बजे हरारे से खदान के लिए निकला था और माशावा से लगभग 6 किमी दूर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रियोजिम, जो पहले ब्रिटिश-ऑस्ट्रेलियाई खनन समूह रियो टिंटो का हिस्सा था, ने दुर्घटना की पुष्टि की और कहा कि वह अधिक जानकारी इकट्ठा करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। जिम्बाब्वे रिपब्लिक पुलिस (जेडआरपी) के प्रवक्ता, सहायक आयुक्त पॉल न्याथी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि वे अभी भी इस बारे में और जानकारी जुटाने की प्रक्रिया में हैं।

# सऊदी अरब ने स्वीडन में कुरान जलाने पर की निंदा

**रियाद,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। सऊदी अरब ने रविवार को स्वीडिश शहर माल्मो में इस्लामी पवित्र ग्रंथ कुरान की एक प्रति को जलाने की कड़ी निंदा की है। सऊदी प्रेस एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार विदेश मंत्रालय ने 'ऐसे अपमानजनक कृत्यों को देश की अस्वीकृति को दोहराया,' और कहा कि इस तरह के कदम ने दुनिया भर में लाखों मुसलमानों की भावनाओं को भड़काया है। मंत्रालय ने स्वीडिश अधिकारियों से कुरान का अपमान करने वालों से सख्ती से निपटने और उन लोगों को अनुमति देना बंद करने का आह्वान किया जो इसी तरह की कार्रवाई करने की योजना बना रहे हैं।

गौरतलब है कि इराकी मूल के सलवान मोमिका ने शनिवार को माल्मो में पहले कुरान के पन्ने फाड़े और फिर उसे जला दिये। स्वीडिश मीडिया ने बताया कि स्वीडिश पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया और कुछ अन्य लोगों को वापस भेज दिया, जिन्होंने इस कदम को रोकने की कोशिश की थी। पिछले महीनों में स्वीडन, डेनमार्क और नीदरलैंड सहित कई देशों में इस्लाम विरोधी व्यक्तियों या समूहों द्वारा कुरान की प्रतियों को फाड़ना और जलाकर पवित्र ग्रंथ का बार-बार अपमान किया गया था, जिससे दुनिया भर के मुस्लिम-बहुल देशों में आक्रोश और इसकी आलोचना हो रही है।

## सुडोकू 6335 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 6 |
| 6 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 2 | 1 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |

## आज का इतिहास

1735 - फ्रांस और छठे कैरल सम्राट ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1831 - मैसूर (अब मैसुरु) पर ब्रिटेन ने क़ब्ज़ा किया।
1880 - पहले मराठी संगीत नाटक 'संगीत शाकुन्ताल' का पुणे में मंचन किया गया।
1915 - नेवादा के प्लेजेंट वैली में 7.8 रिक्टर पैमाने का भूकंप आया।
1932 - इराक यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्र हुआ।
1977 - पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया।
1978 - कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहला और दुनिया के दूसरे टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म हुआ।
1984 - भारत की सबसे लंबी दूरी की ट्रेन हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी से जम्मू तवी के लिए रवाना की गयी।
1992 - गीत सेठी ने विश्व पेशेवर बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप जीता।
1994 - भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश किया।
1995 - चीन एवं इंग्लैंड के बीच हांगकांग के सुगम हस्तांतरण पर सहमति।
1999 - आण्विक पदार्थों के आवागमन और आण्विक दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सं.रा. अमेरिका तथा रूस ने संयुक्त संकट केन्द्र की स्थापना की।
2002 - नोबेल शान्ति पुरस्कार के लिए प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, अमेरिका के राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर को संयुक्त रूप से देनी की सिफ़ारिश की गई।
2003 - पाकिस्तान ने हल्फ-ढ्ढ्ढ्ढ मिसाइल का परीक्षण किया।
2004 - लश्कर-ए-तैयबा का राजनीतिक संगठन दो हिस्सों में बंटा।
2006 - संयुक्त राष्ट्र संघ के नये महासचिव दक्षिण कोरिया के बान की मून होंगे।
2008 - टाटा मोटर्स के चेयरमैन रतन टाटा ने सिंगूर से नैनो कार परियोजना अन्यत्र ले जाने की घोषणा की।

**सराहना** *ग्रामीण पर्यटन में विश्व में अग्रणी स्थान रखता है चीन*

# ग्रामीण पर्यटन में चीन को यूएनडब्ल्यूटीओ की प्रशंसा मिली

**बीजिंग, 2 अक्टूबर (एजेसियां)। चीन ग्रामीण पर्यटन में विश्व में अग्रणी स्थान रखता है। संयुक्त राष्ट्र का विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) उत्सुकता से चीन के इनबाउंड और आउटबाउंड पर्यटन बाजार की व्यापक बहाली की प्रतीक्षा कर रहा है। हाल ही में पर्यटन बाजार सूचना और प्रतिस्पर्धा के लिए यूएनडब्ल्यूटीओ की प्रभारी सैंड्रा कारवाओ ने एक साक्षात्कार में यह बात कही। सैंड्रा कारवाओ ने कहा कि चीन एक बड़ा पर्यटन देश है। चीन का विकास विश्व पर्यटन उद्योग के लिये काफी महत्वपूर्ण है।**

उनका मानना है कि सभी लोग चीन से इनबाउंड और आउटबाउंड पर्यटन में वृद्धि का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। कई पर्यटन स्थल भी चीनी पर्यटकों के जल्द से जल्द लौटने के लिए उत्सुक हैं।

सैंड्रा कारवाओ ने अपील की कि ग्रामीण विकास को राष्ट्रीय नीति समर्थन से अलग नहीं किया जा सकता। चीन इन देशों में से एक है, जो ग्रामीण विकास में पर्यटन उद्योग की भूमिका को सबसे अधिक महत्व देता है। चीन ने इसके लिए विशिष्ट नीतियां बनाई हैं। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि कैसे चीन बुनियादी ढांचे के निर्माण आदि विभिन्न क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों का समर्थन करता है। ये महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीण पर्यटन के विकास में चीन का एक बड़ा लाभ उसके विशाल घरेलू पर्यटन बाजार में निहित है। इस बात के बारे में सैंड्रा कारवाओ ने कहा, इसका मतलब है कि पूरे साल में पर्यटन बाजार में पर्याप्त मांग रहेगी, जिससे बुनियादी ढांचे और सेवाओं के निर्माण में चीन सक्षम है। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों का आगमन एक पूरक भूमिका निभाता है।



## नए स्तर पर पहुंची चीन की वन्यजीव सुरक्षा

**बीजिंग।** 'विश्व पशु दिवस' की शुरुआत 13वीं शताब्दी में एक इतालवी भिक्षु सेंट फ्रांसिस की पहल से हुई थी। वह लंबे समय तक जंगल में रहा था और जानवरों के साथ 'भाई और बहन' का रिश्ता स्थापित किया था। फ्रांसिस ने इंसानों और जानवरों के बीच सामान्य और सभ्य रिश्ता स्थापित करने का आदर्श पेश किया। उनकी याद में लोगों ने 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस के रूप में नामित किया है। जानवरों की रक्षा करना दुनिया के दस पर्यावरण संरक्षण कार्यों में से है। 1920 के दशक से, विभिन्न देशों के पर्यावरण समूहों ने 4 अक्टूबर को विभिन्न गतिविधियां आयोजित की हैं।

## दुनिया को जानें

# पाकिस्तानी सैटेलाइट लॉन्च करेगा चीन का चंद्र मिशन

**इस्लामाबाद,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन का चंद्रमा पर नया चांग ई 6 मिशन 2024 की पहली छमाही में लॉन्च किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वह एक पाकिस्तानी सैटेलाइट को भी चंद्रमा पर ले जाएगा। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने सोशल मीडिया साइट वीबो पर एक बयान में कहा है कि चांग ई 6 मिशन 2024 की पहली छमाही में चंद्रमा पर लॉन्च किया जाएगा। द न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, मिशन पाकिस्तान, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए), फ्रांस और इटली से चंद्रमा पर पेलोड ले जाएगा। चांग ई 6 मिशन फ्रांसीसी उपकरणों को ले जाएगा जो रेडियोधर्मी गैस का परीक्षण करेंगे। इसी तरह ईएसए के नेगेटिव आयन डिटेक्टर और इटली के वैले ब्रेट रडार सिस्टम को भी इस मिशन द्वारा चंद्रमा पर ले जाया जाएगा। द न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया है कि क्यूबसैट नाम का पाकिस्तान का उपग्रह भी चंद्रमा की कक्षा में भेजा जाएगा। चीन अंतर्राष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन परियोजना में तेजी ला रहा है और इसके अधिक अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां होने की उम्मीद है।

# खेल जगत

## वर्ल्ड कप में विराट करेंगे रनों की बौछार: वीरेंद्र सहवाग

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को उम्मीद है कि विराट कोहली विश्व कप में कई सारे शतक बनाएंगे और टूर्नामेंट के हाईएस्ट रन-स्कोरर बनेंगे। 2011, 2015 और 2019 के बाद विराट कोहली अपने चौथे वनडे विश्व कप में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 2019 विश्व कप में कोहली ने 9 पारियों में 55.37 की औसत से 443 रन बनाए, जिसमें पांच अर्धशतक शामिल हैं। सहवाग ने क्रिकबज से कहा, 'चीकू (विराट कोहली) ने 2019 विश्व कप में एक भी शतक नहीं बनाया। इस साल मुझे उम्मीद है कि वह कई शतक बनाएंगे और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी होंगे। उम्मीद है कि भारत वर्ल्ड कप जीते और फिर, मैं चाहता हूं कि उसे कंधों पर उठाया जाए और मैदान का एक चक्कर लगाया जाए। ठीक वैसे ही जैस सचिन तेंदुलकर के समय किया गया था।' 2011 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य सहवाग ने कहा कि कोहली और कप्तान रोहित शर्मा आगामी टूर्नामेंट जीतने के हकदार हैं।



## भारत की पुरुष हॉकी टीम ने बांग्लादेश को हरा जीत के साथ पूल ए में शीर्ष स्थान पाया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्ट्राइकर मनदीप सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय और गुरजंट सिंह के परस्पर तालमेल वाले खेल तथा मध्य पंक्ति में अनुभवी मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद व नीलकांत शर्मा द्वारा बराबर आगे गेंद बढ़ाई गेंद पर दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत ने बराबर पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने के मैदानी गोल के भी खूब मौके बनाने के साथ भुनाए भी। कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और स्ट्राइकर मनदीप सिह की हैट्रिक, अभिषेक के दो बेहतरीन मैदानी गोल की बदौलत भारत की पुरुष हॉकी टीम ने बांग्लादेश को सोमवार को हंगजू (चीन) में 19 वें एशियाई खेलों मे अपने पांचवें व अंतिम मैच में 12-0 से हरा कर जीत के साथ 'पंजे' के साथ पूल ए में शीर्ष स्थान पाया। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत के लिए स्ट्राइकर ललित उपाध्याय, गुरजंट सिंह, आक्रामक मिडफील्डर नीलकांत ने भी एक मैदानी तथा अमित रोहिदास ने एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। भारत की एक और बड़ी जीत में उसके सात खिलाडियों ने गोल किए और इसमें उसने सात मैदानी गोल किए और पांच पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। भारत अब पूल बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से 4 अक्टूबर को सेमीफाइनल में भिड़ेगी।

अपने अंतिम पूल मैच से पहले ही सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह के मैच के शुरू के पांच मिनट में मिले दोनों पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक से दागे गोल से पहला क्वॉर्टर खत्म होने से पहले 2-0 की बढ़त ले ली थी। भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मनदीप सिंह को और दूसरा जर्मनप्रीत को गलत ढंग से रोकने पर मिला। सुमित मध्यरेखा से गेंद को निकले और तेजी से बाएं से डी में पहुंचे अभिषेक की ओर सरकाई और उनसे मिली गेंद को मनदीप सिंह से तेज जमीनी फ्लिक से खूबसूरत मैदानी गोल कर मैच के 18 वें मिनट में 3-0 की बढ़त हासिल कर ली। अभिषेक के बाएं से जोरदार फर्राटे पर ललित उपाध्याय ने डी के भीतर गेंद संभाली तेज फ्लिक से मैच के 23 वें मिनट में बेहतरीन मैदानी गोल से स्कोर 4-0 और अगले ही मिनट पेनल्टी कॉर्नर पर लौटती गेंद को मनदीप सिंह ने दाएं डी में संभाल मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत को 5-0 से आगे कर दिया। अमित रोहिदास ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से दो मिनट पहले पांचवें पेनल्टी कॉर्नर पर तेज ड्रैग फ्लिक से गोल कर भारत को 6-0 से आगे कर दिया था।हाफ टाइम तक स्कोर यही रहा।



■ भारत की बांग्लादेश पर 12-0 से जीत में हरमनप्रीत व मनदीप की हैट्रिक

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने तीसरे क्वॉर्टर के दूसरे मिनट पर में एक पेनल्टी कॉर्नर पर एक और बेहतरीन ड्रैग फ्लिक से गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी कर भारत को 7-0 से आगे कर दिया। अभिषेक ने सुमित के लंबे बेहतरीन क्रॉस पर डी के भीतर गेंद संभाल चौथा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले मैदानी गोल कर भारत को 8-0 से आगे कर दिया। मनदीप सिंह ने चौथा क्वॉर्टर शुरू होते ही अभिषेक से 'एरियल पास' पर मिली गेंद को डी में संभाल मैच का अपना तीसरा गोल अपनी हैट्रिक पूरी कर भारत की बढ़त 9-0 कर दी। आक्रामक सेंटर हाफ नीलकांत शर्मा अकेले ही मिनट हॉकी की कलाकारी दिखा मैदानी गोल कर भारत को 10-0 से तथा खेल खत्म होने से चार मिनट पहले सुमित के तेज क्रॉस पर गुरजंट ने गोल कर भारत की बढ़त 11-0 कर दी। हार्दिक के बेहतरीन अभियान पर मिली गेंद को गुरजंट ने संभाला और इसे अभिषेक ने संभाल अगले ही मिनट डी के भीतर मौका ताड़ कर मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत को 12-0 से आगे कर दिया। यह मैच का अंतिम गोल साबित हुआ।

## टीम इंडिया देश के लिए स्वर्ण जीतने को बेताब : ऋतुराज

**हांगझोऊ,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में पुरुषों की टी20 प्रतियोगिता के लिए भारत के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने कहा कि एशियन गेम्स में अन्य खेल के एथलीटों से मिलने से उन्हें एहसास हुआ कि देश का प्रतिनिधित्व करने का क्या मतलब है। गायकवाड़ एशियाई खेलों में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे, जब वे मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नेपाल से भिड़ेंगे। गायकवाड़ ने बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, 'क्रिकेट में, हमारे पास विश्व कप, आईपीएल और घरेलू टूर्नामेंट हैं। हम उस तरह के माहौल और परिस्थितियों के आदी हैं लेकिन यहां आकर हमें वास्तव में एथलीटों के बारे में पता चला। 'मुश्किल से दो या चार साल में उन्हें देश के लिए खेलने और प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है। हम इस यात्रा से खुश हैं और हमें पता चला कि कैसे यह विशेष है। यह देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए के बारे में बहुत कुछ खास दर्शाता है। एशियाई खेलों में, हर कोई देश के लिए स्वर्ण जीतने और पोडियम पर खड़े होने के लिए उत्सुक है।' चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी के कार्यकाल में मिली सीख के बारे में बात करते हुए गायकवाड़ ने खुलासा किया, 'मुझे उनसे (धोनी) बहुत सी चीजें सीखने को मिली, लेकिन हर व्यक्ति की शैली अलग होती है। उनकी शैली अलग है। व्यक्तित्व अलग है और मेरा व्यक्तित्व थोड़ा अलग है। मैं वैसा ही बनने की कोशिश करूंगा।'




एशियाई खेलों में पुरुषों की टी20 प्रतियोगिता के लिए एशियन गेम्स में अन्य खेल के एथलीटों से मिलने से उन्हें एहसास हुआ कि देश का प्रतिनिधित्व करने का क्या मतलब है: ऋतुराज गायकवाड़, कप्तान भारत

## एशियन गेम्स में खेलना भारतीय क्रिकेटरों के लिए गर्व की बात: वीवीएस लक्ष्मण

हांगझोऊ। 19वें एशियाई खेलों में टी20 टूर्नामेंट के लिए भारतीय पुरुष टीम के कोच वीवीएस लक्ष्मण ने कहा कि मल्टी-स्पोर्ट इवेंट में भाग लेना पूरी टीम के लिए एक शानदार अवसर है और इससे खिलाड़ियों को भी काफी फायदा होता है। सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ एशियाई खेलों में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। टीम मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नेपाल से भिड़ने के लिए तैयार है। लक्ष्मण ने बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, यह बहुत अलग है। हमने कभी नहीं सोचा था कि हम चीन में क्रिकेट खेलेंगे, लेकिन यह पूरी टीम के लिए एक बड़ा अवसर है क्योंकि एशियाई खेलों में भाग लेना इन सभी खिलाड़ियों के लिए बहुत गर्व की बात है। इसलिए, वास्तव में इस टूर्नामेंट का इंतजार कर रहा हूं। 'आयोजकों ने एक अच्छा बुनियादी ढांचा तैयार किया है और मुझे उम्मीद है कि जब हम मैच खेलना शुरू करेंगे तो हमें समर्थन मिलेगा। जब महिला टीम यहां खेली तो उन्हें काफी समर्थन मिला, उन्हें अपनी क्षमता का एहसास हुआ और उन्होंने स्वर्ण पदक जीता' टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जयसवाल, शिवम दुबे, तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, शाहबाज अहमद, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, अवेश खान, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, प्रभसिमरन सिंह, वाशिंगटन सुंदर और राहुल त्रिपाठी शामिल हैं। मैच चीन के हांगझोऊ में झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड में आयोजित किए जाएंगे, जहां भारतीय महिला टीम ने प्रतियोगिता के शुरुआती दिनों में स्वर्ण पदक जीता था।



मल्टी-स्पोर्ट इवेंट में भाग लेना पूरी टीम के लिए एक शानदार अवसर है और इससे खिलाड़ियों को भी काफी फायदा होता है: वीवीएस लक्ष्मण, कोच, भारतीय पुरुष टीम

## स्केटिंग में भारतीय महिला और पुरुष टीम ने जीते कांस्य पदक

**हांगझोउ,** 2 अक्टूबर (एजंसियां)। भारतीय पुरुष और महिला स्पीड स्केटिंग 3000 मीटर रिले टीमों ने सोमवार को एशियाई खेलों में रोलर स्केटिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज महिला रिले में, कार्तिक जगदीश्वरन, हीरल साधु और आरती कस्तूरी राज की भारतीय तिकड़ी ने 4:34.861 का समय लिया और चीनी ताइपे (4:19.447) और दक्षिण कोरिया (4:21.146) के बाद तीसरा स्थान हासिल किया। पांच टीमों के बीच हुए मुकाबले में ईरान और थाईलैंड ने क्रमश: चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया।

वहीं एक अन्य मुकाबले में भारत के विक्रम राजेंद्र इंगले, सिद्धांत राहुल कांबले और आनंदकुमार वेलकुमार की तिकड़ी ने पुरुषों की रिले में 4:15.126 समय के साथ दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए भारतीय टीम ने 4:10.128 का समय लिया और तीसरे स्थान पर रही। चीनी ताइपे (4:05.692) ने दक्षिण कोरिया (4:05.702) को पीछे छोड़ते हुए पुरुषों की रिले रेस में भी स्वर्ण पदक जीता।

इससे पहले, हांगझोऊ 2023 में महिलाओं की स्पीड स्केटिंग 10000 मीटर पॉइंट-एलिमिनेशन रेस में आरती कस्तूरी राज पांचवें स्थान पर रही थीं, जबकि हीरल साधु बाहर हो गई थीं। पुरुषों की स्पीड स्केटिंग 10000 मीटर पॉइंट-एलिमिनेशन रेस में आनंदकुमार वेलकुमार और सिद्धांत राहुल कांबले क्रमश: छठे और सातवें स्थान पर रहे थे।

वहीं, विक्रम राजेंद्र इंगले पुरुषों की स्पीड स्केटिंग 1000 मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में पोडियम पर जगह बनाने से चूक गए थे और चौथे स्थान पर रहे थे। इसी स्पर्धा में आर्यनपाल सिंह घुमन सातवें स्थान पर रहे। महिलाओं की स्पीड स्केटिंग 1000 मीटर स्प्रिंट में कार्तिक जगदीश्वरन पांचवें स्थान पर रहीं थी।



## सब जूनियर हॉकी में हरियाणा और यूपी का बोलबाला

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के झाँसी में पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला नॉर्थ जोन चैंपियनशिप 2023 के दूसरे दिन सोमवार को हॉकी हरियाणा और उत्तर प्रदेश हॉकी ने सब जूनियर महिला वर्ग में अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की जबकि हॉकी हरियाणा, हॉकी चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश हॉकी सब जूनियर पुरुष वर्ग में अपने-अपने मैचों में विजयी रहे। दिन के पहले मैच में सब जूनियर महिला वर्ग में हॉकी हरियाणा ने हॉकी पंजाब को 4-2 से हराया। हॉकी हरियाणा ने सीमा (35%, 60%) और दीया (37%, 54%) के माध्यम से ठोस बढ़त बनाई। इस बीच, हॉकी पंजाब के लिए कौर गगनदीप (25%) और तनु रानी (56%) ने एक-एक गोल किया। दूसरे मैच में सब जूनियर महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी हिमाचल को 14-0 से हराया। उत्तर प्रदेश हॉकी के लिए गोल स्कोरर रश्मी पटेल (6%, 41%), चौहान श्रद्धा (12%, 18%, 50%, 59%), लकी कुमार (13%, 35%, 43%), और रश्मी रायकवार (21%, 29%, 33%, 55%, 56%) रहे। सब जूनियर पुरुष वर्ग में हॉकी हरियाणा ने हॉकी पंजाब को 3-1 से हराया। सचिन (7%, 44%) ने हॉकी हरियाणा के लिए दो गोल किये जबकि अमित (54%) ने भी एक गोल किया। हॉकी पंजाब के लिए एकमात्र गोल सुखदेव सिंह (43%) ने किया। चौथे मैच में सब जूनियर पुरुष वर्ग में हॉकी चंडीगढ़ ने हॉकी उत्तराखंड को 12-4 से हराया। कप्तान सूरज कुमार साह (10%, 16%, 24%, 42%, 57%) ने उदाहरण पेश करते हुए हॉकी चंडीगढ़ के लिए पांच गोल किए।



## सार संक्षेप

### वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद : शादाब खान

**हैदराबाद।** पाकिस्तानी टीम के उप-कप्तान शादाब खान बीते कुछ समय से फॉर्म में नहीं है, लेकिन उन्हें लगता है कि वो वर्ल्ड कप में वो अच्छा प्रदर्शन करेंगे। लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब ने इस साल 11 वनडे मैचों में सिर्फ 13 विकेट लिए हैं। इसके अलावा, पिछले महीने एशिया कप में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने पांच मैचों में 4.83 की औसत से केवल छह विकेट लिए, जिसके कारण पाकिस्तान को टूर्नामेंट में काफी संघर्ष करना पड़ा। क्रिकबज ने शादाब के हवाले से कहा, 'क्रिकेट के दृष्टिकोण से एशिया कप अच्छा नहीं रहा, लेकिन यही क्रिकेट की खूबसूरती है। आप अपनी गलतियों से सीखते हैं और अच्छा क्रिकेट खेलने का अवसर हमेशा मिलता है। एशिया कप हारने के बाद, हमें अच्छा आराम मिला और मेरा मानना है कि यह अब एक कौशल का खेल नहीं बल्कि एक मानसिक खेल है। यह विश्व कप है, जब आप मानसिक रूप से तनावमुक्त होते हैं तो आप अच्छे निर्णय ले सकते हैं। 'मैं समझता हूं कि मेरा हालिया फॉर्म अच्छा नहीं है, लेकिन मेरे पास कौशल है। बस जब आप प्रदर्शन नहीं कर रहे होते हैं, तो आप मानसिक रूप से थोड़ा निराश होते हैं लेकिन कौशल के मामले में कोई समस्या नहीं है। मानसिक पहलू से चीजें बदल गई हैं। आराम मिलने के बाद मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं और उम्मीद है कि हम विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### वर्ल्ड कप से पहले राशिद खान ने शफीक स्टानिकजई पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** विश्व कप से पहले अफगानिस्तान के प्रमुख लेग स्पिनर राशिद खान ने 'अतीत के समझौतों' को लेकर अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व मुख्य कार्यकारी शफीक स्टानिकजई पर हमला बोला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर रशीद ने स्टैनिकजई से टीम के बारे में गलत जानकारी फैलाना बंद करने को कहा, साथ ही दावा किया कि 5 अक्टूबर से भारत में होने वाले विश्व कप के लिए अफगानिस्तान के पास अब तक की सबसे फिट और बेस्ट टीम है। राशिद खान ने लिखा, 'मुझे लगता है कि हमारी टीम अब तक किसी भी मेगा इवेंट की सबसे अच्छी और फिट टीमों में से एक है। मेरा मानना है कि इस बार हम बेस्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। आपके मैनेजमेंट के दौरान टीम ने कई समझौते किए। आपकी चुनी टीम को पिछले वर्ल्ड कप में कई मैच गंवाने पड़े। गलत जानकारी फैलाने के बजाए और टीम के खिलाड़ियों का समर्थन करना बेहतर होगा।' स्टैनिकजई 214-219 तक एसीबी के मुख्य कार्यकारी थे और उन्होंने 'अफगानिस्तान प्रीमियर लीग' नामक टी2 फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट की भी स्थापना की थी।

## सुतीर्था-अहिका ने रचा इतिहास भारत ने टेबल टेनिस में जीता ब्रॉन्ज

**हांगझोऊ,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशियन गेम्स में सुतीर्था-अहिका मुखर्जी को सेमीफाइनल में नॉर्थ कोरिया की सुयोंग चा और सुगयोंग पाक ने 4-3 से हराया। इस हार के बाद भी जोड़ी ने नया इतिहास रचा और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। अहिका-सुतीर्था टेबल टेनिस में एक अनोखी जोड़ी हैं। चाहे मेंटली हो या फिजिकली दोनों एक दूसरे से काफी अलग हैं। खासकर सुतीर्था, वो एक ओवरवेट जरूर हैं लेकिन इससे उनके खेल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, वो अपनी स्थिति से खुश हैं और ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय सर्किट में खेल रहे हैं जब दुबला-पतला होना आम बात है। सोमवार को अहिका और सुतिर्था ने एक रोमांचक लड़ाई लड़ी। भारतीय जोड़ी एशियाई खेलों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में ऐतिहासिक पहला रजत पदक जीतने की कोशिश कर रही थी, लेकिन पहला गेम हारने के बाद वापसी करने वाली उत्तर कोरियाई जोड़ी ने उन्हें रोमांचक मुकाबले में हरा दिया। अहिका और सुतीर्था एक कड़े मुकाबले में 11-7, 8-11, 11-7, 8-11, 9-11, 11-5, 2-11 से मैच हार गईं। एशियाई खेलों में अपना पहला पदक जीतने पर अहिका ने कहा, 'यह बेहद खास है। प्रतियोगिताएं बहुत कठिन हैं। हम एक ही अकादमी (कोलकाता में) से हैं और एक-दूसरे के खेल को अच्छी तरह से जानते हैं। हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया लेकिन जीत नहीं सके।' भारतीय, विश्व टेबल टेनिस में एक अद्वितीय जोड़ी है जो अपने रैकेट की सभी चार सतहों पर अलग-अलग रबर के साथ खेलती है।



## अजय जडेजा बने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के मेंटर

**तिरुवनंतपुरम,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। वर्ल्ड कप 2023 का आगाज भारत की सरजमीं पर 5 अक्टूबर से होने वाला है। इससे पहले अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी अजय जडेजा को अपनी टीम का मेंटर नियुक्त किया है। जडेजा ने 13 एकदिवसीय मैचों में भारत की कप्तानी की और कुल मिलाकर 196 मैच खेले। जिसमें तीन विश्व कप खेलने के अलावा, उनके नाम छह शतक और 30 अर्द्धशतक के साथ 37.47 की औसत के साथ 5359 रन हैं। अजय जडेजा इस प्रारूप में आठवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनकी सबसे यादगार एकदिवसीय पारियों में से एक 1996 क्रिकेट विश्व कप क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ बेंगलुरु में 25 गेंदों में 45 रन की पारी थी, जिसमें तेज गेंदबाज वकार यूनिस के खिलाफ अंतिम दो ओवरों में 40 रन बनाना भी शामिल था।

■ वर्ल्ड कप 2023 का आगाज भारत की सरजमीं पर 5 अक्टूबर से होने वाला है। इससे पहले अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी अजय जडेजा को अपनी टीम का मेंटर नियुक्त किया

उन्होंने 1992 से 2000 तक भारत के लिए 15 टेस्ट भी खेले, जिसमें 26.18 की औसत से 576 रन बनाए। जिसमें उनके नाम चार अर्धशतक और 96 का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर था। जडेजा, जिन्होंने 1988 में हरियाणा के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया, 111 प्रथम श्रेणी और 291 लिस्ट ए मैच खेले। मैच फिक्सिंग के कारण पांच साल के प्रतिबंध के कारण उनके अंतरराष्ट्रीय करियर में रुकावट आने के बाद, जडेजा ने अभिनेता के रूप में कुछ फिल्मों में काम किया। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की अनुमति मांगने की उनकी याचिका को दिल्ली उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था, लेकिन जडेजा दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए वापस आए और बाद में राजस्थान टीम के कप्तान-सह-कोच बन गए। फिर, जडेजा ने क्रिकेट कमेंट्री में कदम रखा और 2015-16 सीज़न में दिल्ली टीम के मुख्य कोच के रूप में भी काम किया।



## भारतीय महिला हॉकी टीम की निगाहें हांगकांग पर जीत के साथ सेमीफाइनल में स्थान बनाने पर

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। गोलरक्षक सविता की अगुआई में अब तक अजेय पिछली उपविजेता भारतीय महिला हॉकी टीम की निगाहें अब मंगलवार को हांगकांग से हंगजू (चीन) में अपना अंतिम पूल मैच जीत कर एशियाई खेलों में पूल ए से सेमीफाइनल में स्थान बनाने पर लगी हैं। भारत ने पांच बार चैंपियन रह चुकी दक्षिण कोरिया से रविवार को अपना पिछला मैच एक-एक गोल से ड्रॉ खेला था। अनुभवी लिंकवूमैन नवनीत कौर और संगीता कुमारी ने भारत के लिए अब तक तीन मैचों में चार चार गोल किए हैं। भारत और दक्षिण कोरिया के अब तक तीन तीन मैचों में दो दो जीत एक एक ड्रॉ के साथ सात-सात अंक हैं। भारत अपने मजबूत गोलअंतर के कारण अपने पूल में अभी शीर्ष पर है।

बेशक भारत की टीम हांगकांग के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार है लेकिन मॉडर्न हॉकी में कोई भी टीम बड़े मंच पर किसी भी टीम को हल्के लेने की गलती नहीं कर सकती है। भारत ने तीन मैचों में 20 गोल किए हैं और अब तक मात्र एक गोल दक्षिण कोरिया के खिलाफ ही खाया है जबकि हांगकांग को अभी अपनी पहली जीत की तलाश है। भारत और हांगकांग की महिला हॉकी टीम अब तक अब तक मात्र एक बार 2013 में एशिया कप में भिड़ी हैं और तब भारत 13-0 से जीता था।

■ भारत की कोशिश मैदानी गोल के ज्यादा से ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने पर होगी

भारत को दक्षिण कोरिया के खिलाफ इसलिए एक एक से ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा था क्योंकि वह मिले पेनल्टी कॉर्नर का खासतौर खेल के आखिरी क्वॉर्टर में ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाया था। दक्षिण कोरिया के खिलाफ हालांकि भारत के लिए बराबरी का गोल ड्रैग फ्लिकर दीप ग्रेस एक्का के फ्लिक पर गोलरक्षक के पैड से लगकर वापस लौटती गेंद पर नवनीत कौर ने किया था। भारत की कोशिश हांगकांग के खिलाफ मंगलवार को मैदानी गोल करने के साथ ज्यादा से ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की होगी। भारत की चीफ कोच यांकी शॉपमैन को सबसे बड़ी कमी पेनल्टी कॉर्नर पर माहिर ड्रैग फ्लिकर की खल रही है क्योंकि पूरी तरह फिट होने के कारण उसे अपनी तुरुप की ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर एशियाई खेलों के लिए उपलब्ध नहीं हैं।



**हम एक और जीत दर्ज करने को बेताब हैं: सविता**

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने हांगकांग के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'इन एशियाई खेलों में हमारे लिए हर मैच अहम है और हमारा आगाज दमदार रहा है लेकिन हम क्षणिक भी ढील गवारा रनहीं कर सकते हैं। हांगांग एक जुझारू टीम है और हमारे सामने जो भी प्रतिद्वंद्वी होती है हम उसका सम्मान करते हैं। हमारा हांगकांग के खिलाफ मैच में फोकस अपने खेल, अपनी रणनीति और मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर रहेगा। हम एक और जीत दर्ज करने को बेताब हैं।'

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.45 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.18 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.67 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.52 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.39 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.30 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.29 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.00 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.89 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.83 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम रविवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## कच्चे तेल की तेजी से चालू खाता घाटा बढ़ा, रुपया दबाव में



■ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में देखने को मिला

■ भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) बढ़ने और आने वाले समय में रुपये पर और अधिक दबाव की आशंका बढ़ गई

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में देखने को मिला है, जिससे भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) बढ़ने और आने वाले समय में रुपये पर और अधिक दबाव की आशंका बढ़ गई है। देश अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है और वैश्विक कीमतों में किसी भी वृद्धि से आयात खर्च बढ़ जाता है। चूंकि कच्चा तेल खरीदने के लिए बड़ा भुगतान डॉलर में करना पड़ता है, इसलिए अमेरिकी मुद्रा की तुलना में रुपया कमजोर होता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, बेंचमार्क वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड जुलाई-सितंबर की तिमाही में 29 फीसदी की बढ़ोतरी के बाद सोमवार को 91 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया, जो लगभग दो दशकों में सबसे बड़ी तीसरी तिमाही बढ़त है। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड पहले से ही 95 डॉलर प्रति बैरल के आसपास मंडरा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण डॉलर की मांग बढ़ने से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा 83 रुपए के निचले स्तर पर आ गई है।

पिछले सप्ताह जारी आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) अप्रैल-जून तिमाही में सात गुना बढ़कर 9.2 अरब डॉलर हो गया, जबकि इससे पहले की तिमाही में यह आंकड़ा 1.3 अरब डॉलर था। तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी और वैश्विक बाजारों में मांग में गिरावट के कारण निर्यात में कमी आई है जिससे इसके और बढ़ने की संभावना है।

वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए कैड जीडीपी का 1.1 प्रतिशत था। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की प्रमुख अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा के अनुसार, तेल की ऊंची कीमतों, उच्च कोर आयात और सेवाओं के निर्यात में और मंदी के कारण जुलाई-सितंबर तिमाही में 'सीएडी का पर्याप्त विस्तार' जीडीपी के 2.4 प्रतिशत तक हो जाएगा। आगे चलकर बहुत कुछ वैश्विक बाज़ारों में तेल की कीमतों पर निर्भर करेगा।

आरबीआई रुपए को सहारा देने के लिए बाजार में डॉलर जारी कर रहा है, लेकिन इससे भारतीय मुद्रा की गिरावट को रोका नहीं जा सका है। इससे सितंबर में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भी गिरावट आई है। आरबीआई द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि 22 सितंबर तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह गिरकर 590.7 अरब डॉलर के चार महीने के निचले स्तर पर आ गया। तीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 8.2 अरब डॉलर घट गया विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट चिंता का कारण है क्योंकि आरबीआई के पास अपने बाजार हस्तक्षेप के माध्यम से रुपए में अस्थिरता रोकने के लिए कम गुंजाइश बची है।

## 2̶24 में ग्लोबल लेवल स्तर पर डिजिटल आईडी वेरिफिकेशन 7 बिलियन से अधिक हो जाएगी



■ पिछले साल की 61 बिलियन की संख्या से 16 प्रतिशत अधिक है

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। डिजिटल आइडेंटिटी वेरिफिकेशन की संख्या 2024 में 70 बिलियन से ज्यादा हो जाएगी, जो पिछले साल की 61 बिलियन की संख्या से 16 प्रतिशत अधिक है। एक नई रिपोर्ट सोमवार को सामने आई। जुनिपर रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, अकाउंट टेकओवर और कार्ड-नॉट-प्रेजेंट फ्रॉड से निपटने के लिए बिजनेस द्वारा मजबूत बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन मैथर्ड को अपनाने से यह वृद्धि हो रही है।

इस तरह की धोखाधड़ी के खिलाफ बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन मैथड अत्यधिक प्रभावी हैं, स्पूफिंग को रोकने के लिए जीवंतता जांच का उपयोग किया जाता है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2024 में 37 बिलियन के साथ बैंकिंग में चेक की सबसे बड़ी मात्रा देखी जाएगी, जो ग्लोबल आइडेंटिफिकेशन मार्केट के 53 प्रतिशत के बराबर है।

लेखक माइकल ग्रीनवुड ने कहा, 'चेहरे की पहचान की असली ताकत अतिरिक्त जांच हैं, जिन्हें जोड़ा जा सकता है। चेहरे की पहचान के शीर्ष पर उम्र का अनुमान लगाने से वेरिफिकेशन को ग्राहक की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जा सकता है।' उन्होंने कहा कि वेरिफिकेशन सिस्टम जो एक चरण में कई जांच कर सकती हैं, लिगेसी सिस्टम की तुलना में काफी मजबूत यूजर एक्सपीरियंस प्रदान करती हैं, और अगले कुछ सालों में आम हो जाएंगी।

आइडेंटिटी वेरिफिकेशन वेंडर्स को सर्विस तक आसानी से पहुंचने में सक्षम बनाने के लिए कोर बैंकिंग सिस्टम प्रोवाइडर्स के साथ साझेदारी करनी चाहिए, अन्यथा वे बेहतर-कनेक्टेड कंपटीटर्स से हार जाएंगे। रिपोर्ट में सुरक्षा को मजबूत करने और यूजर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए बायोमीट्रिक वेरिफिकेशन के साथ-साथ निष्क्रिय जांच के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

## बुजुर्गों के लिए कांगड़ा बैंक की ऋण योजना शुरू

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली में प्रवासी हिमाचलियों द्वारा चलाये जा रहे कांगड़ा सहकारी बैंक लिमिटेड ने बच्चों द्वारा त्यागे या प्रताड़ित बजुर्गों की मदद के लिए एक ऋण योजना शुरू की है। बैंक के अध्यक्ष लक्ष्मी दास ने यहां इसकी घोषणा करते हुये कहा कि महानगरों में कुछ सालों से बजुर्ग माता पिता को त्यागने/प्रताड़ित करने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि देखने में मिल रही है और उम्र के अंतिम पडाव में बजुर्ग लोगों को खाने और दवाई तक जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए संघर्ष करना पड़ता है क्योंकि माँ बाप अपनी जीवन भर की जमा पूंजी बच्चों के कैरियर और शादी विवाह आदि पर खर्च कर देते हैं और बच्चे बाद में उनसे किनारा कर लेते हैं। माता पिता को दयनीय स्तिथि में छोड़ कर स्वतन्त्र जीवन यापन करना शुरू कर देते हैं जिससे बजुर्ग मानसकि और आर्थिक तौर पर पूरी तरह टूट जाते हैं।

उन्होंने कहा कि यह योजना कांगड़ा सहकारी बैंक लिमिटेड के सदस्यों के लिए लागू की गयी है जिसके अंतर्गत ऐसे बजुर्गों को अपनी चल-अचल सम्पति जैसे मकान, फ्लैट, जेवर, प्लाट आदि को गिरबी रख कर बैंक उनकी जरूरतों के अनुरूप ऋण प्रदान करेगा तथा बैंक उन्हें यह ऋण मासिक /पाक्षिक तौर पर उनकी जरूरतों के अनुसार उनको प्रदान करेगा।

## त्योहारी सीजन में बढ़ती मांग के बीच कारों, एसयूवी के दाम बढ़े



■ उपभोक्ताओं को अब इनके लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। त्योहारी सीजन में बढ़ती मांग के बीच ऑटोमोबाइल निर्माताओं ने 1 अक्टूबर से कारों और एसयूवी के दाम बढ़ा दिये हैं जिससे उपभोक्ताओं को अब इनके लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने थार, स्कॉर्पियो, एक्सयूवी 300 और एक्सयूवी 700 मॉडल की कीमतें 81 हजार रुपए तक बढ़ा दी हैं, जबकि दक्षिण कोरियाई ऑटो प्रमुख किआ ने अपनी लोकप्रिय एसयूवी सेल्टोस और बहुउद्देशीय वाहन कैरेंस की कीमत 50 हजार रुपए बढ़ाई है। देश की दूसरी सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी हुंडई ने अपनी एसयूवी वेन्यू और टक्सन की कीमतों में 48 हजार रुपए तक की बढ़ोतरी की है। जापानी कार निर्माता होंडा ने अपने लोकप्रिय सिटी और अमेज़ मॉडल की कीमत में लगभग आठ हजार रुपए की मामूली बढ़ोतरी की है। कार निर्माता दावा करते रहे हैं कि पिछले साल लागत बढ़ने के बावजूद उन्होंने उसका बोझ ग्राहकों पर नहीं डालने का फैसला किया। स्पष्ट रूप से, चूंकि इन लोकप्रिय मॉडलों की मांग स्थिर बनी हुई है, उनमें से कुछ के पास ग्राहकों की प्रतीक्षा सूची भी है। किआ इंडिया ने कहा कि कंपनी ने शुरुआती कीमतों को एक परिचयात्मक पेशकश के रूप में पेश किया था और अब उसके सेल्टोस के मामले में छह महीने के बाद संशोधन किया गया है। कार निर्माता एक-दूसरे की कीमतों पर नजर रखते हैं क्योंकि वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में बाजार हिस्सेदारी खोना नहीं चाहते हैं। इसलिए, कीमतें बढ़ने पर उनके लिए एक-दूसरे का अनुसरण करना असामान्य नहीं है।

**सार संक्षेप**

### सरकार ने यूआईडीएआई के सीईओ अमित अग्रवाल का कार्यकाल बढ़ाया

**नई दिल्ली।** कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने यूनिक आईडेंटिफिकेशन ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) के सीईओ के रूप में अमित अग्रवाल के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति कार्यकाल को 2 नवंबर 2̶23 से एक वर्ष के लिए बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। यानी 2 नवंबर 2̶24 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अग्रवाल (यूआईडीएआई) के सीईओ रहेंगे। अग्रवाल 1993 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। एसीसी ने कानून मंत्रालय के विधायी विभाग में सचिव रीता वशिष्ठ को 2 अक्टूबर 2̶23 से उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक यानी 31 जुलाई 2̶25 या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, भारत सरकार के सचिव के पद और वेतन में अस्थायी रूप से अपग्रेड कर कानून मंत्रालय के केंद्रीय एजेंसी अनुभाग के प्रभारी के रूप में नियुक्ति को भी मंजूरी दे दी।

### इंडिगो का दिल्ली-ईटानगर मार्ग पर परिचालन शुरू

**कोलकाता।** इंडिगो ने सोमवार से दिल्ली-ईटानगर मार्ग पर सीधी उड़ानें शुरू कीं। एयरलाइन ने कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह अरुणाचल प्रदेश के लिए सीधे विमान संपर्क विकसित करने की इंडिगो के प्रयासों की दिशा में में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। इससे उस क्षेत्र में न केवल यात्रा और पर्यटन को बढ़ावा देता है बल्कि व्यापार को भी बढ़ावा देता है, जिससे समग्र आर्थिक विकास होता है। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, 'पूर्वोत्तर के लिए सम्पर्क सुविधाएं बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के आधार पर, हम दिल्ली और ईटानगर के बीच सीधी उड़ान शुरू करके खुश हैं। यह रणनीतिक विस्तार न केवल यात्रियों को विस्तारित यात्रा विकल्प प्रदान करता है, बल्कि अरुणाचल प्रदेश के मनमोहक परिदृश्यों को देखने के इच्छुक लोगों के लिए रोमांचक अवसर भी खोलता है।'

## वैश्विक अर्थव्यवस्था बदतर स्थिति में जा रही है, सावधान रहें : श्रीधर वेम्बू



■ सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस (सास) कंपनी ज़ोहो के सह-संस्थापक और सीईओ श्रीधर वेम्बू ने सोमवार को चेतावनी दी

■ वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति बदतर होने की संभावना है, कंपनियों से सावधानी बरतने का आग्रह किया

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस (सास) कंपनी ज़ोहो के सह-संस्थापक और सीईओ श्रीधर वेम्बू ने सोमवार को चेतावनी दी कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति बदतर होने की संभावना है, कंपनियों से सावधानी बरतने का आग्रह किया गया है।

एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में वेम्बू ने कहा कि ज़ोहो ने सितंबर में सभी भौगोलिक क्षेत्रों में विकास में धीमी गति देखी है। उन्होंने पोस्ट किया, 'हमने सितम्बर में सभी देशों और उत्पादों में विकास में काफी धीमी गति देखी।' वेम्बू ने कहा कि हमारे राजस्व स्रोतों की भौगोलिक और उत्पाद-वार विविध प्रकृति को देखते हुए, 'मुझे संदेह है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था बदतर स्थिति में जा रही है'। उन्होंने कहा, 'आगे से सावधान रहें।' जैसे ही आईटी कंपनियां जुलाई-सितंबर अवधि की कमाई के लिए तैयार हो रही हैं, ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने मांग में लगातार कमजोरी की भविष्यवाणी की है, और कहा है कि निरंतर मैक्रो अनिश्चितता उनकी वित्तीय स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी। 'हमारा मानना है कि छोटे आकार और विवेकाधीन परियोजनाओं की कम संख्या के साथ-साथ ग्राहक निर्णय लेने में देरी और कुछ मामलों में जीती गई परियोजनाओं की रैंप-अप से पैदा हुई शून्यता से निकट अवधि में राजस्व और मार्जिन दोनों में निराशा होगी। पिछले महीने, ज़ोहो ने अपने 55 से अधिक व्यावसायिक अनुप्रयोगों में 100 मिलियन उपयोगकर्ताओं को पार कर लिया। पिछले वर्ष कंपनी का वार्षिक राजस्व 1 बिलियन डॉलर तक पहुडुचने के बाद यह वृद्धि हुई। ज़ोहो ने कहा कि उसने 2008 में अपने उपयोगकर्ताओं की संख्या 1 मिलियन से बढ़ाकर 15 साल बाद 100 मिलियन कर ली है! 50 मिलियन उपयोगकर्ताओं को पिछले पांच वर्षों में जोड़ा गया है। वेम्बू के अनुसार, 'यह किसी भी संगठन के लिए एक प्रभावशाली मील का पत्थर है, लेकिन एक बूटस्ट्रैप्ड कंपनी के रूप में हमारे लिए यह विशेष रूप से सुखद है जिसने कभी भी बाहरी पूंजी नहीं जुटाई है। और हमने अभी तक काम पूरा नहीं किया है!' ज़ोहो के 150 से अधिक देशों में व्यवसाय हैं।

## बढ़ती चुनौतियों के बीच डंजो के सह-संस्थापक दलवीर सूरी ने कंपनी को कहा अलविदा



■ वेतन में देरी और छंटनी के बीच गंभीर नकदी संकट का सामना कर रही घरेलू त्वरित किराना डिलीवरी प्रदाता डंजो के सह-संस्थापक दलवीर सूरी ने कंपनी छोड़ी

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। वेतन में देरी और छंटनी के बीच गंभीर नकदी संकट का सामना कर रही घरेलू त्वरित किराना डिलीवरी प्रदाता डंज़ो के सह-संस्थापक दलवीर सूरी ने कंपनी को अलविदा कह दिया है। एनट्रैकर की रिपोर्ट के अनुसार, डंज़ो के सीईओ कबीर बिस्वास ने कहा कि डंज़ो में व्यवसाय में सूरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

बिस्वास ने कहा, 'वह अब कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहते हैं और डंज़ो के साथ 6 से ज्यादा साल बिताने के बाद, वह नई यात्राएं करने के लिए आगे बढ़ने की योजना बना रहे हैं।' यह कदम तब आया जब डंज़ो व्यवसाय के पुनर्गठन में संगठन-व्यापी बदलाव कर रहा है। कंपनी ने अभी तक वित्तीय वर्ष 2023 के लिए अपनी वित्तीय स्थिति का खुलासा नहीं किया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2012 में 54.3 करोड़ रुपए का राजस्व दर्ज किया, जबकि घाटा 464 करोड़ रुपए था। इस बीच डंज़ो की रिलायंस इंडस्ट्रीज और गूगल जैसे मौजूदा समर्थकों के साथ-साथ नए निवेशकों से 35 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाने की संभावना है। कंपनी कथित तौर पर कम से कम 150-200 कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। कई रिपोर्टों के अनुसार, डंज़ो अपने कर्मचारियों की संख्या में लगभग 30-40 प्रतिशत की और कटौती कर सकता है। कंपनी ने कथित तौर पर प्रभावित कर्मचारियों को सूचित किया है कि उन्हें जनवरी में अपना पूर्ण और अंतिम भुगतान प्राप्त होगा। धन की कमी के कारण डंज़ो अपने कर्मचारियों के वेतन में देरी कर रहा है। इसके सह-संस्थापक और सीईओ बिस्वास के अनुसार, स्टार्टअप लागत में कटौती के लिए कंपनी बेंगलुरु में अपना कार्यालय भी खाली कर सकती है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।



तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 22 रिंगिट गिरकर 3667 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.10 सेंट की गिरावट के साथ 55.73 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## दुनिया भर में हीरे की कीमतों में आई गिरावट



■ इस साल कच्चे हीरे की कीमतों में गिरावट आई


■ महामारी के बाद कई उपभोक्ता विलासिता की वस्तुओं से दूर हो रहे

**न्यूयॉर्क,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस साल कच्चे हीरे की कीमतों में गिरावट आई है। क्योंकि महामारी के बाद कई उपभोक्ता विलासिता की वस्तुओं से दूर हो रहे हैं। यह जानकारी मीडिया ने दी। ज़िम्निस्की ग्लोबल रफ डायमंड इंडेक्स के अनुसार, कीमतें एक साल में सबसे कम हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, उद्योग विश्लेषक इस मंदी का कारण आभूषण की बिक्री में गिरावट को बता रहे हैं। वैश्विक हीरा विश्लेषक पॉल जिम्निस्की ने कहा उपभोक्ताओं द्वारा आभूषणों के बजाय सेवाओं को चुनने के कारण हीरे की कीमतें कम हुई हैं। विश्लेषकों के अनुसार, महामारी के बाद अब लोग बाहर खाना खा रहे हैं, यात्रा कर रहे हैं और विलासिता की वस्तुओं के बजाय अनुभवों पर पैसा खर्च कर रहे हैं। सीएनएन ने एक स्वतंत्र हीरा विश्लेषक एडहान गोलान के हवाले से कहा, 'हीरा पूरी तरह से उपभोक्ता-संचालित बाजार है।' हीरे के आभूषणों के लिए दुकानदारों की मांग कच्चे हीरे की कीमतों और कुछ हद तक खुदरा कीमतों को प्रभावित करती है। खुदरा विक्रेताओं ने विज्ञापन में करोड़ों डॉलर खर्च करके उपभोक्ता मांग को बढ़ावा दिया। कच्चे हीरे की बिक्री में दो रिकॉर्ड तोड़ने वाले वर्षों के बाद कीमतों में गिरावट आई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, 2021 और 2022 में प्राकृतिक हीरे के आभूषणों की मांग अब तक के उच्चतम स्तर पर थी। उद्योग विश्लेषकों को सर्दियों की छुट्टियों के दौरान और 2024 की शुरुआत में खुदरा बिक्री में उछाल की उम्मीद है। दुनिया की सबसे बड़ी हीरा कंपनी डी बीयर्स के प्रवक्ता डेविड जॉनसन ने भविष्यवाणी की है कि आगामी महीनों में कच्चे हीरे की कीमतों में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है।

## अडाणी ने मुंबई में अपना पहला 400 केवी ग्रिड चालू किया

■ देश की वाणिज्यिक राजधानी में बिजली की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने मुंबई की पहली 400-केवी ग्रिड लाइन शुरू की : अडाणी

**मुंबई,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश की वाणिज्यिक राजधानी में बिजली की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने मुंबई की पहली 400-केवी ग्रिड लाइन शुरू की है। एक अधिकारी ने यहां सोमवार को यह जानकारी दी।



खारघर विक्रोली ट्रांसमिशन लिमिटेड की नई लाइन से मौजूदा ट्रांसमिशन और वितरण क्षमता बढ़ेगी और शहर में 1000 मेगावाट बिजली उत्पादन बढ़ेगा। शहर में हाल के वर्षों में 12 अक्टूबर 2020 और 27 फरवरी 2022 को दो बड़ी ग्रिड विफलताएं देखी गईं, जिससे आपूर्ति कई घंटों के लिए ठप हो गई। इस पर राजनीतिक हंगामा भी हुआ। एक अधिकारी ने कहा, 'खारघर-विक्रोली लाइन भविष्य में ऐसी किसी भी घटना को कम करने के समाधान के रूप में मुंबई शहर में अतिरिक्त 1,000 मेगावाट विश्वसनीय बिजली लाएगी। इस परियोजना के चालू होने से, मुंबई को अपनी नगरपालिका सीमा के भीतर 400 केवी ग्रिड मिल गया है, जिससे इसकी बिजली ग्रिड के भीतर आयात क्षमता में वृद्धि हुई है और विश्वसनीयता और स्थिरता में सुधार हुआ है।

इस परियोजना की योजना एक दशक से अधिक समय से चल रही थी और शहर के बिजली आपूर्तिकर्ताओं के बीच कथित प्रतिद्वंद्विता सहित विभिन्न कारणों से इसमें देरी हुई। एईएसएल ने लाइन बिछाने के दौरान कई चुनौतियों का सामना किया, मुख्य रूप से कठिन इलाकों में।

# जन्मदिन पार्टी में मरवाही विधायक डॉ.ध्रुव के विरोध से मरवाही कांग्रेस में हंगामा





## नाराज विधायक अपने समर्थक के साथ कार्यक्रम छोड़कर चले गए

## विधानसभा चुनाव के पहले टिकट को लेकर मरवाही में कांग्रेस की राजनीति आई सड़क पर

*गौरेला पेंड्रा मरवाही, 2 अक्टूबर ( देशबन्धु)। बीएमओ मरवाही जैसे प्रतिष्ठित पद पर रहने के बावजूद नौकरी छोड़कर मरवाही उपचुनाव 2020 में कांग्रेस विधायक के पद पर रिकार्ड मतों से जीतने वाले डॉक्टर के के ध्रुव ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि विधानसभा उपचुनाव के ढाई साल बाद ही विधानसभा चुनाव में टिकट की प्रत्याशा में महत्वाकांक्षी कांग्रेस नेता निजी कार्यक्रमों में भी उनका सार्वजनिक रूप से कुछ इस तरह से विरोध पर उतारू हो जाएंगे कि उन्हें वहां से उठकर जाना पड़ेगा।*

*परिवर्तन के अनेक पड़ाव देख चुका मरवाही विधानसभा क्षेत्र में जो कुछ हो रहा है वह बहुत आश्चर्य जनक नहीं है। अविभाजित मध्य प्रदेश में डॉक्टर भंवर सिंह पोर्ते से लेकर अलग छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद मुख्यमंत्री अजीत जोगी के मरवाही के विधायक बनने तथा उनके द्वारा अलग छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी पार्टी बनाने एवं बाद में उनकी मृत्यु के बाद के राजनीतिक घटनाक्रमों पर नजर डालें तो कह सकते हैं कि मरवाही की राजनीति में जो कुछ भी हो जाए कम है। अलग-अलग विधानसभा चुनाव में यहां दल-बदल की जैसी तस्वीर सामने आती है वैसे ही शायद ही किसी विधानसभा क्षेत्र में दिखाई पड़ती हो शायद यही कारण है कि अब मरवाही विधानसभा क्षेत्र के नेताओं की विश्वसनीयता जाती रही है।*

*मरवाही में 1 अक्टूबर को कांग्रेस की राजनीति का जो घटनाक्रम सामने आया उसके बाद मरवाही विधानसभा क्षेत्र एक बार फिर चर्चा में है। दरअसल मरवाही के कांग्रेसी जनपद उपाध्यक्ष अजय राय ने अपने जन्मदिन पर एक जन्मदिन पार्टी का आयोजन मरवाही के नेचर कैंप में किया था जिसमें उन्होंने मरवाही विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी विधायक डॉक्टर के के ध्रुव एवं अधिकांश आदिवासी कांग्रेसी नेताओं एवं पदाधिकारी को बुलाया था। कहने को तो यह अजय राय के जन्मदिन की पार्टी थी परंतु यहां जन्मदिन की पार्टी में जो राजनीतिक हंगामा हुआ उससे मरवाही में कांग्रेसियों की फुट सड़क पर आ गई है। नेचर कैम्प मरवाही में जनपद उपाध्यक्ष के जन्मदिवस पार्टी में जन्मदिन के गीत के बजाए मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रुव के खिलाफत के स्वर मुखर होकर सुनाई दिए जिसके बाद मरवाही विधायक डॉक्टर के ध्रुव ने नाराजगी जताते हुए अपने खास समर्थक मनोज गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष के साथ कार्यक्रम छोड़कर निकल गए वहीं उसके बाद वहां उपस्थित आदिवासी कांग्रेसी नेताओं ने लगभग 400 कांग्रेस कार्यकर्ता ने हस्ताक्षर कर मरवाही विधायक को प्रत्यासी नही बनाने की मांग राष्टीय अध्यक्ष कांग्रेस से कर डाली। घटनाक्रम के अनुसार जनपद उपाध्यक्ष कांग्रेस अजय राय के जन्मदिवस पर से ही विधायक मरवाही के के ध्रुव और पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता का आगमन हुआ वैसे ही मंच में ही जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस की टिकट के इच्छुक शुभम पेंद्रो ने माइक लेकर विधायक के सामने ही उन्हें निष्क्रिय विधायक बताते हुए जनता की आवाज ना उठाने वाला विधायक करार देते हुए तमाम तरह के आरोप लगाए। बात यही नहीं रुकी वर्ष 2018 में मरवाही से कांग्रेस की टिकट पर अजीत जोगी से चुनाव लड़ने वाले गुलाब राज ने मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रूव को बाहरी एवं थोपा हुआ प्रत्याशी बताते हुए माइक से ही मांग कर डाली कि इस बार किसी स्थानीय आदिवासी नेता को ही मरवाही से कांग्रेस की टिकट मिलना चाहिए। स्थानीय विधायक को टिकट मिलना चाहिए । शुभम पेन्द्रों एवं गुलाब राज के द्वारा सार्वजनिक रूप से यह बात खाने के बाद वहां उपस्थित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भी ताली बजाई जो वहां कार्यक्रम में उपस्थित मरवाही के कांग्रेसी विधायक डॉक्टर के के ध्रुव एवं उनके समर्थक मनोज गुप्ता को इतनी नागवार गुजरी कि वे इसका विरोध जताते हुए कहा कि अगर ऐसा ही कार्यक्रम था तो उन्हें यहां नहीं बुलाना था कहते हुए नाराज होकर कार्यक्रम छोड़कर चले गए। हालांकि इस बीच कुछ लोगों ने उन्हें मनाने की भी कोशिश की परंतु जो कुछ भी वहां हुआ उससे मरवाही भी तक विधायक काफी नाराज दिखे। संभवत: मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रुव को निजी कार्यक्रम में कांग्रेसी नेताओं द्वारा इस तरह के विरोध एवं व्यवहार की उम्मीद नहीं थी। जन्मदिन की पार्टी से कांग्रेसी विधायक डॉक्टर के के ध्रुव के नाराज होकर निकलने के बाद कार्यक्रम में आगे की राजनीति की योजना तैयार होने लगी और वहां उपस्थित आदिवासी कांग्रेसी नेताओं के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे के नाम पर एक ज्ञापन तैयार किया गया जिसमें वहां उपस्थित कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर कराए गए। उक्त ज्ञापन में विधायक के के ध्रुव की जगह कोई भी स्थानीय विधायक को टिकट देने की मांग कर डाली। हालांकि इस तरह की मांग इन नेताओं द्वारा पहले से ही अलग-अलग तरह से की जा रही थी परंतु मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रुव की उपस्थिति में उनका इस तरह से खुलेआम सामने निजी कार्यक्रम में विरोध किया जाएगा उसकी उम्मीद खुद डॉक्टर के के ध्रुव को बिल्कुल नहीं थी। इस बीच विधायक एवं उनके समर्थक मनोज गुप्ता की कुछ आदिवासी कांग्रेसी नेताओं से कहा सुनी एवं झड़प भी हुई इसके बाद जो स्थिति निर्मित हुई उसके कारण उन्हें कार्यक्रम छोड़कर जाना पड़ा।*

### सरल सहज स्वभाव के हैं विधायक डॉ.ध्रुव

*मरवाही में डॉक्टर के रूप में लगभग 20 साल से ज्यादा चिकित्सा सेवा देने वाले के के ध्रुव मूल रूप से छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले से आते हैं। मरवाही में लंबे समय तक बीएमओ के पद पर पदस्थ रहे डॉक्टर के के ध्रुव हमेशा सहज सरल रूप में ही दिखे हैं उसके बावजूद कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उन पर निष्क्रियता का आरोप उन्हीं के सामने लगाए जाने पर वह काफी खिन्न दिखे। मवाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की मृत्यु के बाद रिक्त हुई मरवाही सीट से वे रिकार्ड मतों से जीत कर विधानसभा पहुंचे हैं। स्वभाव से सरल विधायक डॉक्टर के के ध्रुव के कार्यकाल के दौरान कुछ एक दो लोगों ने इस तरह घेर रखा था कि विधायक के के ध्रुव को अपने ही पार्टी के नेताओं द्वारा राजनीतिक विरोध का सामना करना पड़ रहा है।*

### केके ध्रुव को कांग्रेस की टिकट दी गई तो पार्टी छोड़ दूंगा- गुलाब राज

*जनपद उपाध्यक्ष अजय राय द्वारा अपने जन्मदिन में आयोजित निजी पार्टी में गुलाब राज ने कहा कि यदि आगामी विधानसभा चुनाव में डॉक्टर के के ध्रुव को कांग्रेस की टिकट दी गई तो वह विरोध स्वरूप कांग्रेस पार्टी छोड़ देंगे। इसी तरह का विरोध माइक से जिला पंचायत सदस्य शुभम पेंद्रो ने भी जताते हुए मारवाड़ी विधायक डॉक्टर के के ध्रुव को निष्क्रिय विधायक बताया और कहा कि विधानसभा में डॉक्टर के के ध्रुव ने मरवाही के पक्ष में मुखर होकर नहीं बोला और ना ही जनता की समस्याओं की चिंता की। दोनों नेताओं ने मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रुव को बाहरी बताया। इधर कार्यक्रम में ही उपस्थित मवाई से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने की इच्छुक कांग्रेसी आदिवासी नेता प्रमोद पर रास्ते ने कहा कि है वैसे तो यह जन्मदिन की पार्टी थी परंतु यहां जो भी मांग उठी है वह मरवाही के सच्चे कांग्रेसी नेताओं की मांग है जिसे दबाया नहीं जा सकता।*

### बाहरी कहना उचित नहीं

*बलौदा बाजार के मुख्य निवासी डॉक्टर के के ध्रुव मरवाही विधानसभा क्षेत्र में लगभग 20 वर्षों से डॉक्टर के पद पर कार्य करते हुए विधायक का चुनाव लड़कर निर्वाचित हुए हैं ऐसे में उन्हें बाहरी बताना छत्तीसगढ़ का अपमान है। डॉ नरेंद्र राय ने कहां की जबकि छत्तीसगढ़ के अनेक विधायक उत्तर प्रदेश के मूल निवासी है ऐसे में डॉक्टर के के ध्रुव जो की बलौदा बाजार के मूल निवासी हैं को बाहरी बताना छत्तीसगढ़ियों का अपमान है।*

### मुझ पर सभी को भरोसा-डॉ.ध्रुव



*मरवाही विधायक के.के.ध्रुव ने कहा है कि मैं 25 वर्षों से क्षेत्र में चिकित्सीय सेवा करता आया हूं, मुझ पर सभी का भरोसा है, क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहा हूं , भूपेश बघेल की सरकार लगातार विकास कर रही है, कल एक निजी कार्यक्रम में कुछ लोगों ने मुझ पर अनर्गल लांछन लगाए हैं वे प्रत्याशी के रूप में मरवाही विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए फॉर्म भरे हैं , उनका निजी स्वार्थ है आम जनता में ऐसी कोई बात नहीं है।*

# सफाई मित्रों व प्रतिभागियों का किया गया सम्मान

## 15 दिन चलें स्वच्छता पखवाड़े का समापन, 55 स्कूली छात्र-छात्राओं का सम्मान

## महापौर,कलेक्टर और निगम कमिश्नर ने दिए प्रशस्ति पत्र

**बिलासपुर,**2 अक्टूबर ( देशबन्धु)। 15 सितंबर से आयोजित स्वच्छता ही सेवा और स्वच्छता लीग 2.0 अभियान का आज समापन किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती और स्वच्छता दिवस के अवसर पर आयोजित समापन कार्यक्रम में अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं और सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। स्वच्छता लीग के तहत शहर के विभिन्न स्कूलों में ड्राइंग,पेंटिंग,पोस्टर,निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी,जिसमें प्रथम,द्वितीय और तृयीय आने वाले 55 छात्र-छात्राओं को महापौर रामशरण यादव,कलेक्टर संजीव झा और निगम कमिश्नर श्री कुणाल दुदावत ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए। इसके अलावा सफाई मित्रों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महापौर श्री रामशरण यादव ने कहा हम शहर को स्वच्छ रखने लगातार अभियान चला रहे हैं। नगर निगम पूरी टीम भावना के साथ काम कर रही है। हम सभी का दायित्व है की पूरे शहर में स्वच्छता को लेकर जनजागरूकता फैलाएं। शहरवासियों से अपील करते हुए महापौर श्री यादव ने कहा की सब अपना थोड़ा थोड़ा योगदान दें,सार्वजनिक स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं। सब मिलकर प्रयास करें ताकि आने वाले समय में बिलासपुर नंबर वन बन सकें।

कलेक्टर श्री संजीव झा ने कहा की शहर स्मार्ट तभी होगा जब शहर स्वच्छ होगा। बाहर से आएं व्यक्ति जब कहे यह शहर साफ है तब हमारा कार्य सार्थक होगा,इसके लिए सबको आगे आना होगा । स्वच्छता एक जन आंदोलन है जो नागरिकों की सहभागिता के बगैर अधूरा है। कलेक्टर ने कहा की जिन लोगों को भी आज प्रशस्तिपत्र मिला है उनकी ज़िम्मेदारी और बढ़ गई है अपने शहर को स्वच्छ रखने और लोगों को प्रेरित करने के लिए। कमिश्नर श्री कुणाल दुदावत ने स्वच्छता पखवाड़े का विवरण देते हुए कहा की 15 दिनों तक शहर में स्वच्छता को लेकर सब में उत्साह था,इसे हमेशा बनाएं रखना है।



15 दिनों में विशेष सफाई अभियान,जागरूकता रैली ड्राइंग पेंटिंग जैसी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से जन जागरूकता के प्रयास किए गए है। स्वच्छता को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं,अरपा नदी में गंदे पानी को रोकने एसटीपी निर्माणाधीन है,शहर के भारतीय नगर और जतिया तालाब को दूषित होने से बचाने के लिए एसटीपी लगा कर संवारा गया है। आगे भी अन्य तालाबों को संवारने कार्य योजना बनाई जा रही है।

# युवक के पास से गांजा जब्त,गिरफ्तार

**बिलासपुर,**2 अक्टूबर ( देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह (भा.पु.से.) के द्वारा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एवं जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने एवं जिला को नशामुक्त करने हेतु निजात अभियान के तहत् कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर राजेन्द्र जायसवाल एवं सी. एस. पी. ( कोतवाली) श्रीमति पूजा कुमार(भा.पु.से.) के निर्देशन में थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध रूप से गांजा बिक्री करने वालों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया गया । इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि मोटरसाइकिल स्टैंड के बगल में बुधवारी बाजार में एक व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है कि सूचना पर सूचनास्थल पहुंचकर घेराबंदी उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया जिसका नाम पता




पूछने पर अपना नाम सूरज साहू पिता राम कुमार साहू उम्र 19 साल निवासी संतोषी मंदिर के पास नयापारा थाना सिरगिट्टी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ बताया जिसके कब्जे से 7.500 किग्रा. गांजा जप्त किया गया है आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही कर गिरफतार किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर सउनि भरत लाल राठौर, आर. परमेश्वर खैरवार , यशपाल टंडन, उदय पाटले, मनोज कुलमित्र का सराहनीय योगदान रहा।

# बारिश खत्म,काम में लाएं तेजी-निगम कमिश्नर

## स्मार्ट सिटी और निगम के कार्यों का किया निरीक्षण

## अरपा प्रोजेक्ट की देरी पर फटकार,शीघ्र पूरा करने के निर्देश

**बिलासपुर,**2 अक्टूबर ( देशबन्धु)। मानसून के खत्म होते ही निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत ने आज मौके पर जाकर स्मार्ट सिटी परियोजना और नगर निगम



के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। महावीर नगर चौक से उस्लापुर ओवरब्रिज तक बनाई जा रही सड़क के निर्माण के दौरान ट्रैफिक व्यवधान ना हो और सुरक्षा के मानकों का पालन करने के निर्देश कमिश्नर ने दिए।

नगर निगम द्वारा किए जा रहे उस्लापुर रेल्वे ओव्हरब्रिज से सकरी बाईपास चौक तक की सवा चार किमी सड़क के उन्नयन और चौड़ीकरण काम में ड्रेनेज डिवाइडर और सड़क तीनों कार्य को एक साथ करते हुए 30 अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए,साथ ही अतिक्रमण ना हो इसका भी ध्यान रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा संजय तरण पुष्कर परिसर में बन रहे स्पोर्ट्स कांप्लेक्स और जीडीसी कालेज में पिंक स्टेडियम के बचे हुए कार्यों को तेजी से करते हुए पूरा करने के निर्देश दिए है। मिनीमाता तालाब और अरपा प्रोजेक्ट में हो रही देरी को लेकर ठेकेदार और पीएमसी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए काम की गति बढ़ाने और शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए है।

# महात्मा गांधी ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया-विजय

## लाल बहादुर शास्त्री ने किसान और जवान के महत्व को रेखांकित करते हुए जय जवान-जय किसान का नारा दिए-शैलेष



**बिलासपुर,**2 अक्टूबर ( देशबन्धु)। ज़िला कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण) ने राष्टपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई और उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किये।

शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया और सत्य ,अहिंसा , सविनय आन्दोलन के अमोघ अस्त्र से देश को आज़ादी दिलाई ,इस बीच कांग्रेस में अनेक परिवर्तन भी हुए पर गांधी जी के दृण संकल्प से देश 15 अगस्त को आज़ाद हुआ ,गांधी जी के व्यक्तित्व का कमाल है कि आज गांधी के हत्यारे के समर्थक भी गांधी को मानने के लिए मजबूर है , विधायक शैलेष पांडेय ने कहा देश के दूसरे प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर ने अल्प कार्यकाल में बड़ी उपलब्धि हासिल की ,उन्होंने किसान और जवान के महत्व को रेखांकित करते हुए जय जवान-जय किसान का नारा दिए ,महिलाओ को पुलिस और बस कंडक्टर बनाया,1965 के भारत -पाक युद्ध ने यह साबित किया कि भले लाल बहादुर शास्त्री कम कद के ,पतले शरीर के है पर उनका देश प्रेम और देश की रक्षा के लिए किसी के सामने झुकने वाले नही थे, उन्होंने पाकिस्तान को हरा कर लाहौर तक भारतीय सेना ने कब्जा कर ली थी ,लाल बहादुर शास्त्री का 11 जनवरी 1966 को रूस में निधन हो गया।

ज़फ़र अली ,हरीश ठाकुर ,एसएल रात्रे ने कहा कि लालबहादुर शास्त्री जी का बाल्यकाल बहुत ही अभाव में गुजरा ,शास्त्री जी कुशाग्र बुद्धि के थे ,जिन्होंने एमए संस्कृत करने पर शास्त्री की उपाधि मिली, उन्होंने आज़ादी की लड़ाई में भाग लिए और उत्तरप्रदेश सरकार मंत्री बने फिर देश के द्वितीय प्रधानमंत्री बने।

कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय,विधायक शैलेष पांडेय, अरपा बेसिन उपाध्यक्ष अभय नारायण राय, ज़फ़र अली,हरीश तिवारी,एसएल रात्रे,विनोद शर्मा, त्रिभुवन कश्यप,शिवा मिश्रा,विनोद साहू,मोती ठारवानी, जुगल किशोर गोयल,शांति उपाध्याय, प्रियंका यादव,सीमा घृटेश,अफ़रोज़ बेगम,चन्द्र शेखर मिश्रा,सुभाष ठाकुर,सुभाष सराफ,विक्की आहूजा,शैलेन्द्र जायसवाल,अखिलेश गुप्ता,अनिल शुक्ला,कमल गुप्ता,दिनेश सूर्यवंशी,वीरेंद्र सारथी,गोवेर्धन श्रीवास्तव,राजेश ताम्रकार,मनोज सिंह,मनोज शर्मा,गिरीश देवांगन,सत्येंद्र तिवारी,भंजन गांधी,अमृत आनन्द,विजय दुबे,विष्णु कौशल,राकेश हंस,गणेश रजक,संजय यादव,संजय मिश्रा,दीपक रैचेलवार,आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने जयंती पर गांधी जी व शास्त्री जी को किया नमन



**बिलासपुर,**2 अक्टूबर ( देशबन्धु)। कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा ने जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को नमन किया। उन्होंने जिला कार्यालय परिसर में स्थापित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी को भी आज उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री कुणाल दुदावत, एडीएम श्री आरए कुरुवंशी, श्री शिवकुमार बनर्जी सहित जिला कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### NECC

| 03.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 515 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 100 | 195 |

डिलीवरी 530 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188